(a) to go into the causes of accidents in Bhati Bajri Mines on 10th, 16th and 24th January, 1983 causing loss of lives;

(b) to go into the existing conditions in which mining operations are carried out in the said Mines ;

(c) to suggest such changes and corrective measures as may be necessary to improve the working conditions and to prevent recurring accidents in future in the said Mines.

[N-11012/1/83-MI]

नई दिल्ली, 16 फरवरी, 1983

का०आ० 1503—केन्द्रीय सरकार, खान अधिनियम, 1952 (1952 का 35) की धारा 27 के अनुसरण में, उड़ीसा राज्य के जिला ढेंकानाल में स्थित जगन्नाथ कोयला-खान में 24 जून, 1981 को हुई दुर्घटना के कारणों और परिस्थितियों की जांच करने के लिए नियुक्त जांच न्यायालय द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 24 की उपधारा (4) के अधीन प्रस्तुत की गई निम्नलिखित रिपोर्ट प्रकाशित करती है ।

उड़ीसा राज्य के जिला ढेंकानाल में स्थित जगन्नाथ कोयला खान में 24 जून, 1981 को हुई दुर्घटना के बारे में जांच न्यायालय की रिपोर्ट ।

उड़ीसा राज्य के जिला ढेंकानाल में स्थित

जगन्नाथ कोयला—खान में

24 जून, 1981 को हुई

दुर्घटना के कारण और परिस्थितियों के बारे में

जांच—न्यायालय की रिपोर्ट

विवरण

संख्या

1. इस फोटो में खदान के दक्षिणी भाग के साथ-साथ जाती हुई सतही दरारें दिखाई पड़ती हैं । दरार की पृष्ठभूमि में दूर तक बनते हुए देखा जा सकता है ।

2. इसमें खदान के दक्षिणी भाग के शीर्ष पर दरार की लाइन में जल गर्तिका देखी जा सकती है ।

3. इसमें खदान तल पर राख और फेंके हुए अन्य टुकड़े हैं । यह दृश्य दक्षिण-पश्चिम की ओर मुख किए कर्षण लाइन के पास से लिया गया है । फोटोग्राफ की समस्त चौड़ाई को कर्षण लाइन कोयला ढेर ने घेर लिया है। पृष्ठभूमि में स्खलन के पश्चिम का दक्षिणी भाग दिखाई पड़ता है । फोटो के बाएं भाग में वह क्षेत्र दिखाई पड़ता है जो कि सापेक्षता बिखरे हुए टुकड़ों का क्षेत्र मात्र है । इस खाली मार्ग के अगले और पिछले क्षेत्रों में बहुत से टुकड़े बिखरे हुए हैं ।

4. इसमें खदान तल पर राख और बिखरे हुए जले टुकड़े दिखाई पड़ते हैं । पृष्ठभूमि में खदान का उत्तरी भाग और कर्षण लाइन हैं । दाएं अग्रभाग में कर्षण लाइन कोयला का ढेर है । इस फोटो में भी सापेक्षता कोयला ढेर के उत्तर की ओर खाली खंड दिखाई पड़ता है ।

5. यह फोटो खदान तल के उत्तरी-पूर्वी कोने से लिया गया था । कर्षण लाइन के शीर्ष पर कर्षण लाइन कोयला ढेर दिखाई पड़ता है । स्खलन सामग्री कर्षण लाइन बल्ली के शीर्ष से आगे भाग में नीचे की ओर दिखाई देती है । स्खलन के पश्चिम के दक्षिणी भाग में पट्टियों की स्थिति पृष्ठभूमि में देखी जा सकती है । अग्रभाग के बाईं ओर कर्षण लाइन गर्त पानी से भरा दिखाई देता है ।

6. यह फोटो संख्या 5 के समान है। इससे स्खलन के पूर्व में दक्षिणी भाग की दिशा की स्थिति के बारे में जानकारी मिलती है। कर्षण लाइन बल्ली के मध्य बिन्दु के पीछे कर्षण लाइन कोयला ढेर का अग्रभाग है। इसके दक्षिण में कोयला ढेर के साथ टिकी हुई स्खलन सामग्री देखी जा सकती है।

7. यह फोटो सतह के दक्षिणी भाग से लिया गया है। बाईं ओर की तरफ सेक में पंप लगा हुआ है। इसमें पूर्व और उत्तर की ओर राख भी बिखरी हुई दिखाई पड़ती है। पृष्ठभूमि के शीर्ष में खुलाई भाग और प्राकृतिक कारकों द्वारा बने कोटरों की रेखा दिखाई पड़ती है।

8. इसमें उत्तरी भाग का निम्न हिस्सा और स्विच कक्ष सेक है। इसमें पश्चिम की ओर राख का बिखराव और कामगारों के पद-चिह्न भी दिखाई देते हैं।

9. इस फोटो में स्खलन दिखाई पड़ता है। अग्रभाग के बाएं कोने में कर्षण लाइन कोयला ढेर है। इसके पीछे स्खलन सामग्री है। स्खलन के बाईं ओर भाग लगी कोयला पट्टियां दिखा पड़ती हैं।

10. इसमें छिली हुई खाल दिखाई देती है।

11. इसमें कटे-फटे जूते दिखाई देते हैं।

12. इसमे अधजले कपड़े दिखाई देते है।

प्रयुक्त संक्षिप्त रूप

1.	के० को० लि० (सी०सी०एल०)	केन्द्रीय कोयला क्षेत्र लि०।
2.	भा०को०अ० संघ (सी०एम०ओ०ए०आई०)	भारतीय कोयला खान अधिकारी संघ।
3.	के०को०लि०म०सं० (सी०सी०एल०डब्ल्यू०ए०)	केन्द्रीय कोयला क्षेत्र लि० मजदूर संघ।
4.	के०ख०अ०के० (सी०एम०आर०एस०)	केन्द्रीय खनन अनुसंधान केन्द्र।
5.	के०ई०अ०सं० (सी०एफ०आर०आई०)	केन्द्रीय ईंधन अनुसंधान संस्थान।
6.	को० खा० वि० (सी०एम०आर०)	कोयला खान विनियम 1957।
7	खा० सु०म० (डी०जी०एम०एस०)	खान सुरक्षा महानिदेशालय।
8.	खा० सु० म० नि० रि० (डी०जी०एम०एस० रिपोर्ट)	खान सुरक्षा महानिदेशक भुवनेश्वर द्वारा की गई जांच की रिपोर्ट।
9.	डे०को०श्र०सं० (डी०सी०एल०यू०)	डेरा कोयला खान श्रमिक संघ।
10.	डे०को०क०सं० (डी०सी०ई०यू०)	डेलबेरा कोयला खान कर्मचारी संघ।
11	औ०स०त० (एम०एस०एल०)	औसत समुद्र तल।
12.	उ०को०श्र०सं० (ओ०सी०एल०यू०)	उड़ीसा कोयला क्षेत्र श्रमिक संघ।
13.	उ०को०म०सं० (ओ०सी०एम०सी०यू०)	उड़ीसा कोयला खान मजदूर कांग्रेस संघ।
14	ता०को०म०सं० (टी०सी०एम०एस०)	तालचेर कोयला खान मजदूर संघ।

भाग—1

1 प्रारंभिक विवरण :

1.1. 24 जून, 1981 को दोपहर में लगभग एक बजे जगन्नाथ कोयला खान, तालचेर कोयला क्षेत्र में एक दुर्घटना हो गई थी। यह कोयला क्षेत्र उड़ीसा के ढेंकानाल जिले में स्थित है। खदान के दक्षिणी भाग से अधिक मात्रा में गर्म राख और धूल निकलकर विस्तृत क्षेत्र में फैल गई। उस भाग से लगभग 60 मीटर दूर सात कामगार राख के बादल में घिर गए। वे उसमें जल गए। उनमें से तीन इस घटना के दस दिन के भीतर ही मर गए और बचे हुए चार कामगारों को गंभीर शारीरिक चोटें लगी।

1.2 श्रम मंत्रालय में भारत सरकार ने, राय कायम करके कि इस दुर्घटना के लिए जिम्मेदार कारणों एवं परिस्थितियों की औपचारिक जांच की जाए। तारीख 1-9-1981 की अधिसूचना संख्या एस० 11012/10/81/एम आई द्वारा मुझे खान अधिनियम, 1952 की धारा 24, उप धारा (1) के अंतर्गत इस प्रकार की जांच करने के लिए नियुक्त किया। इसी अधिसूचना द्वारा जिन व्यक्तियों को जांच करने में निर्धारक के रूप में नियुक्त किया गया, वे इस प्रकार है :—

1. श्री दामोदर पाण्डेय,
   संयुक्त महासचिव,
   राष्ट्रीय कोयला खान मजदूर संघ,
   रामगढ़ छावनी।

2. श्री एच० बी० घोष,
   सेवामुक्त अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक,
   केन्द्रीय खान योजना और डिजाइन संस्थान,
   13/जी/2 शंखारीपारा रोड, कलकत्ता।

1.3 1-10-81 को मैंने एक सार्वजनिक अधिसूचना जारी की कि मैं 12-11-81 को तालचेर में बैठूंगा और इस मामले में रुचि लेने वाले किसी भी पक्षकार की याचिका स्वीकार करूंगा।

1.4. मैंने 12-11-1981 को तालचेर में सबेरे 10 बजे सार्वजनिक रूप से सुनवाई प्रारंभ की। मैंने उपस्थित सभी पक्षकारों, निर्धारकों तथा महानिदेशक, खान सुरक्षा के परामर्श से निश्चय किया कि पक्षकार वकीलों के जरिये मामला प्रस्तुत करने के बजाय खुद अपने मामले प्रस्तुत करें। न्यायालय की पहली बैठक में केवल उड़ीसा कोयला क्षेत्र श्रमिक संघ ने जिसका इसके बाद उ०को०श्र०सं० (ओ०सी०एल०यू०) के रूप में उल्लेख किया जाएगा) न्यायालय की कार्यवाही में भाग लेने की अपनी इच्छा व्यक्त की और अपना लिखित बयान प्रस्तुत किया। अन्य पक्षकारों ने भाग लेने की अपनी इच्छा को प्रकट करते हुए अनुरोध किया कि उन्हें लिखित बयान प्रस्तुत करने के लिए और समय दिया जाय। उन्हें अपना लिखित बयान 14-12-1981 तक प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया ताकि सभी लिखित बयान सभी संबंधित पक्षकारों के बीच परिचालित किए जा सकें और लिखित बयानों के प्रत्युत्तर 31-12-1981 तक प्राप्त किए जा सकें।

1.5 इसी बैठक में महानिदेशक खान सुरक्षा ने (जिसका इसके बाद म०खा०सु०) (डी०जी०एम०एस०) के रूप में उल्लेख किया जाएगा।)

अपनी जांच रिपोर्ट (जिसे इसके आगे म०खा०सु० रिपोर्ट कहा जाएगा) प्रस्तुत की। उसी दिन पक्षकारों में इस रिपोर्ट की प्रतियां वितरित की गई।

1.6. मैंने राजस्व बोर्ड, कटक के कार्यालय में न्यायालय की आगामी बैठकें करने का निश्चय किया।

2. खान का निरीक्षण :

उसी दिन दोपहर बाद मैंने निर्धारिकों के साथ जगन्नाथ कोयला खान के मार्गदर्शी (पायलट) गर्त्त का निरीक्षण किया । प्रबंधक वर्ग और म०खा०सु० (डी०जी०एम०एम०) ने वहीं पर हमें दुर्घटना की पूर्ण जानकारी दी । खदान में कोई कार्य नहीं किया जा रहा था और खदान तल में जल-संचयन अधिक मात्रा में था ।

3 अधिक पक्षकारों की उपस्थिति :

3.1. 14-12-1981 को आगे दिए गए पक्षकारों ने लिखित बयान प्रस्तुत किए । इसके साथ भाग लेने वाले पक्षकारों की संख्या आठ हो गई :

(1) केन्द्रीय कोयला क्षेत्र मजदूर संघ (के०को०का०सं०) (सी०सी०एल०डब्ल्यू०ए०)

(2) डेरा कोयला खान श्रमिक संघ (डे०को० श्र०सं०) (डी०सी०एल०यू०)

(3) डेलबेरा कोयला खान कर्मचारी संघ (डे०को०क०सं०) (डी०सी०ई०यू०)

(4) उड़ीसा कोयला खान मजदूर कांग्रेस संघ (उ०को० म०का०सं०) (ओ०सी०एम०सी०यू०)

(5) तालचेर कोयला खान मजदूर संघ (ता०को०म०सं०) (टी०सी० एम०एस०) जो आई०एन०टी०यू०सी० से संबद्ध है

(6) केन्द्रीय कोयला क्षेत्र लिमिटेड (के० को० लि०) (सी० सी० एल०)

(7) भारतीय कोयला खान अधिकारी संघ (भा० को० अ० स० (सी० एम० ओ० ए० आई०)

23. 7-1-1982 को के० को० लि० (सी० सी० एल.) ने तीन प्रत्युत्तर दाखिल किए और साथ ही उन गवाहों की एक सूची प्रस्तुत की जिनका न्यायालय द्वारा परीक्षण किए जाने का प्रस्ताव था ।

3.3 डे० को० श्र० सं० (डी० सी० एल० यू०) को 7-1-1982 को लिखित बयानों की प्रतियां दी गई थीं और उन्हें 8-1-1982 तक यदि कोई प्रत्युत्तर हों तो दाखिल करने का निदेश दिया गया था । इसी प्रकार के० को० लि० म० सं० और ता० को० सं० (टी० सी० एम० एस०) को 8-1-1982 तक प्रत्युत्तर दाखिल करने का निर्देश दिया गया था । सभी संघों को यह निर्देश दिया गया था कि वे 8-1-1982 तक गवाहों की सूची और विषयों के मसौदे प्रस्तुत कर दें ।

3.4 8-1-1982 को के० को० लि० म० सं० (सी० सी० एस० डब्ल्यू० ए०) डे० को० श्र० सं० (डी० सी० एल० यू०), डे० को० का० सं० (डी० सी० ई० यू०), भा० को० म० सं० (टी० सी० एम० एस०), उ० को० श्र० सं० (ओ० सी० एल० यू०) ने प्रत्युत्तर दाखिल किए थे । के० को० लि० (सी० सी० एल०) ने एक सूची तीन अतिरिक्त गवाहों की प्रस्तुत की जो कि दुर्घटना के चश्मदीद गवाह थे और जिन्हें न्यायालय में बुलाने के लिए सम्मन जारी किए जाने थे । भा० को० म० सं० (टी० सी० एम० एस०) ने यह सुझाव दिया कि श्री पी० सी० दास, विस्फोट फोरमैन को पहले से दाखिल किए गए चश्मदीद गवाहों के अतिरिक्त गवाह के रूप में बुलाया जाए । अनुबंध-I में दिए गए गवाहों में पक्षकारों द्वारा सुझाए गए समस्त नामों तथा न्यायालय के गवाहों के नाम दिए गए हैं ।

3.5 उ० को० श्र० सं० (ओ० सी० एल. यू०) ने 12 गवाहों की सूची प्रस्तुत की जिनका बयान लेना था । पूछताछ करने पर इस संघ के अध्यक्ष श्री पी० सी० साहू ने बताया कि उनमें से किसी को इस विशेष दुर्घटना की सीधी जानकारी नहीं है और यह कि वे अन्य दुर्घटनाओं तथा प्रबंधकवर्ग द्वारा अपनाए गए सामान्य सुरक्षा उपायों की ही गवाही दे सकते हैं । चूंकि ये सब इस न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में नहीं आते थे, इसलिए मैंने यह निर्णय किया कि इनमें किसी को भी गवाही देने के लिए न बुलाया जाए ।

4 तैयार किए गए वाद-विषय

4.1 8-1-1982 की न्यायालय की बैठक में निम्नलिखित वाद-विषय अंतिम रूप से तैयार किए गए थे :

(i) कौन से ऐसे कारण हैं जिनसे यह दुर्घटना हुई ?

(ii) क्या प्रबंधक वर्ग द्वारा उन सब सुरक्षा उपायों के लिए कदम उठाए गए थे जो कि अधिनियम, नियम या आदेशों के अंतर्गत जारी किए गए थे ? क्या ये उपाय पर्याप्त थे ?

(iii) भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटना कैसे रोकी जा सकती है ?

4.2 महानिदेशक, खान सुरक्षा रिपोर्ट जो कि पहले ही पक्षकारों में परिचालित की जा चुकी है और जिस पर बहुत से पक्षकारों ने अपनी टिप्पणी लिखित बयानों में दी है, उसे न्यायालय प्रदर्श सं० 1 के रूप में स्वीकार कर लिया गया है । प्रबंधक वर्ग द्वारा दाखिल किया गया लिखित बयान, एकक और फोटोग्राफ सहित ,अनुबंध और उनके द्वारा दाखिल किए गए तीन प्रत्युत्तरों को प्रदर्श एम 1 से एम 35 के रूप में लिया गया था । अन्य पक्षकारों को इस पर कोई आपत्ति नहीं थी ।

5. केन्द्रीय खनन अनुसंधान केन्द्र (के० ख० अ० के०/सी० एम० आर० एस०) और केन्द्रीय ईंधन अनुसंधान संस्थान (के० ई० अ० सं०/सी० एफ० आर० आई०) :

5.1 निर्धारिक श्री एच० बी० घोष ने ख० सु० म० नि० रि० (डी० जी० एम० एस० रिपोर्ट) की जांच के पश्चात बताया कि स्पष्टतया कुछ अतिरिक्त घटित हुआ है और यह विचार व्यक्त किया कि इसकी जांच भली प्रकार से विशेषज्ञों द्वारा करायी जानी आवश्यक जान पड़ती है । इसलिए मैंने केन्द्रीय खनन अनुसंधान केन्द्र धनबाद और केन्द्रीय ईंधन अनुसंधान संस्थान, दिगवाड़ी से अनुरोध किया कि वे अपने विशेषज्ञों को जगन्नाथ कोयला खान भेजकर दुर्घटना के कारणों की जांच करायें । तदनुसार उन्हें पत्र भेजकर यह अनुरोध किया गया कि वे इस न्यायालय को अपनी रिपोर्टें 11-1-82 तक प्रस्तुत कर दें ।

5.2 के० ई० अ० सं० (सी० एफ० आर० आई०) ने वैज्ञानिक श्री डी० के० भट्टाचार्य को और के० ख० अ० के० (सी० एम० आर० एस०) ने वैज्ञानिकों के एक दल को, जिसमें डा० टी० एन० सिंह, डा० एस० सी० बनर्जी और बी० डी० बालिगा थे, प्रतिनिधित्व किया । वे जगन्नाथ कोयला खान में 23 और 25 दिसंबर, 81 के बीच गए । निदेशक, खनन सुरक्षा, भुवनेश्वर और के० को० लि० (सी० सी० एल०) और केन्द्रीय खान योजना और डिजाइन संस्थान के अधिकारियों ने इस कार्य में उनकी सहायता की । जांच रिपोर्टें 11-1-1982 से पहले प्राप्त हो गई थीं और उन्हें अनुबंध-II व III पर प्रस्तुत किया गया है ।

6. गवाहों की जिरह :

6.1 11, 12 और 13 फरवरी, 4, 5 और 6 मार्च, 15, 16 और 17 अप्रैल; 6, 7 और 8 मई और 5 जून, 1982 को न्यायालय की बैठकें हुई जिनमें समस्त गवाहों के बयान लिए गए और जिरह का काम पूरा किया गया था । के० ख० अ० के० (सी० एम० आर० एस०) के वैज्ञानिक डा० टी० एन० सिंह और के० ई० अ० सं० (सी० एफ० आर० आई०) के श्री डी० के० भट्टाचार्य का भी न्यायालय के गवाहों के रूप में बयान लिया गया और कुछेक पक्षकारों ने उनसे जिरह की ।

6.2 गवाहों की जिरह 5-6-82 को समाप्त हो गई थी और बहस शुरू हुई । बहस 7-6-82 तक जारी रही । समस्त पक्षकारों को अपने-अपने मामलों पर बहस करने की अनुमति दी गई थी । के० को० लि० (सी० सी० एल०), के० को० लि० म० संघ (सी. सी० एल० डब्ल्यू० ए०)

ना० को० म० सं० (टी० सी० एम० एस०), डे० को० क० सं० (डी० सी० ई० यू०) ओ० को० लि० मं० (ओ० सी० एल० यू०) और भा० को० ज० सं० (सी० एम० ओ० ए० आई०) ने अपने मामलों पर बहस की और डे० को० श्र० सं० (डी० सी० एल० यू०) ने लिखित तर्क प्रस्तुत किए। 7 जून, 1982 को बहस के समाप्त हो जाने पर न्यायालय की सार्वजनिक बैठकें समाप्त हो गईं ।

7. सामान्य सूचना :

7.1 जगन्नाथ कोयला खान जहां यह दुर्घटना हुई थी, तालचेर कोयला क्षेत्र में उन छह कोयला खानों में से एक है जहां के० को० लि० (सी० सी० एल०) कार्य कर रहा है ।

7.2 तालचेर कोयला क्षेत्र जो 2500 वर्ग कि० मी० क्षेत्र में फैला हुआ है, और यह अक्षांश 20°—55′ और 21°.03′ उ० के बीच और देशांतर 84°—20′ और 85°—33′ पू० के बीच स्थित है । समस्त कोयला क्षेत्र उड़ीसा के ढेंकानाल जिले में स्थित है। कटक के निकट दक्षिण-पूर्व रेल मेन लाइन पर स्थित नरगुंडी जंक्शन से यह एक सौ कि० मी० लंबी ब्राडगेज रेल लाइन से जुड़ा है । यह 14 कि० मी० लम्बे प्रवेश मार्ग से जुड़ा हुआ है जो उस राष्ट्रीय राजमार्ग सं० 42 पर बालारपाल से निकलता है जो राष्ट्रीय राजमार्ग सं० 5 पर स्थित नरगुंडी और राष्ट्रीय राजमार्ग सं० 6 पर संबलपुर को जोड़ता है । तालचेर कोयला क्षेत्र, तालचेर और अंगुल उपविभागीय मुख्यालयों के काफी निकट है । जिला शहर ढेंकानाल से सड़क मार्ग से इसकी दूरी 70 कि० मी० और राज्य की राजधानी भुवनेश्वर से 155 कि० मी० है ।

7.3 इस कोयला क्षेत्र में वर्ष 1921 में सबसे पहले कोयला का खनन शुरू किया गया था जबकि मैसर्स बंगाल नागपुर रेलवे कंपनी लिमिटेड और मैसर्स मद्रास और दक्षिण मरहठा रेलवे कंपनी लिमिटेड ने क्रमश: डेलबेरा और तालचेर कोयला खानों में खदान कार्य शुरू किया । मैसर्स विलियर्स एंड कंपनी लिमिटेड, एक निजी कंपनी ने हंडीधुआ कोयला खान में खदान कार्य शुरू किया । ये सभी खानें भूमिगत थीं और इनमें रेलवे को कोयले की आपूर्ति के लिए तालचेर सं० 1 संस्तर कार्यरत था। राष्ट्रीय कोयला विकास निगम लिमिटेड (रा० को० वि० नि० लि०) (एन० सी० डी० सी०) के अक्तूबर, 1956 में गठन होने के समय तालचेर और डलबेरा कोयला खानों पर रा० को० वि० नि० (एन० सी० डी० सी०) ने तालचेर क्षेत्र में गहन अनुसंधान का काम अपने हाथ में लिया और तीन खानें खोलीं; यथा—दक्षिण बालंद (ओपेनकास्ट), जगन्नाथ (ओपेनकास्ट) और नंदीरा (भूमिगत) वर्ष 1973 में कोयला खानों के राष्ट्रीयकरण के पश्चात् हंडीधुआ को छोड़कर इस क्षेत्र की समस्त खानें 9-7-73 से कोयला खान प्राधिकरण लिमिटेड के स्वामित्व में आ गईं । 1-11-75 को कोल इंडिया लिमिटेड ने निगम से और केन्द्रीय कोयला क्षेत्र लिमिटेड सहायक कम्पनी के रूप में इन खानों का स्वामित्व के० को० लि० (सी० सी० एल०) को स्थानान्तरित कर दिया गया था । उड़ीसा राज्य सरकार से 24-11-79 को के० को० लि० (सी० सी० एल०) ने हंडीधुआ कोयला खान का स्वामित्व अपने हाथों में ले लिया ।

7.4 दुर्घटना के समय के० को० लि० (सी० सी० एल०) के समस्त शेयर सर्वश्री कोल इंडिया लिमिटेड के अधिकार में थे और सर्वश्री कोल इंडिया लिमिटेड के समस्त शेयर क्रमश: भारत के राष्ट्रपति के अधिकार में होते हैं । यह कम्पनी जिसका इसका निदेशक मंडल भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के दिशानिर्देश और नियंत्रण के अधीन कार्य करता है ।

7.5 तालचेर में छह कार्यरत खानें थीं जिनकी उत्कृष्ट कोयले की उत्पादन क्षमता प्रतिवर्ष 13.6 लाख टन और 10 लाख टन प्रतिवर्ष पावरग्रेड कोयले की थी । सन् 1980-81 में इस क्षेत्र से ओपन-कास्ट से 15 लाख टन और भूमिगत क्षेत्र में 6 लाख टन कोयले का उत्पादन हुआ । इस क्षेत्र में कुल 7 हजार लोगों को रोजगार मिला जिसमें लगभग 3,000 व्यक्ति भूमिगत क्षेत्र में नियुक्त थे ।

7.6 इस क्षेत्र की स्थलाकृति न्यूनाधिक घाटी है । औसत समुद्रतल से इसकी सामान्य उच्चता 122 एम से 137 एम के बीच है। मुख्य जल-निकास ब्राह्मनी नदी के दक्षिण-पूर्वी प्रवाह से नियंत्रित है जो कि कोयला क्षेत्र के पूर्वी छोर के साथ-साथ है ।

7.7 यहां ग्रीष्म ऋतु में अत्यधिक गर्मी पड़ती है । मई-जून में यहां अधिकतम तापमान 49° से० ग्रेड तक पहुंच जाता है । आर्द्रता भी यहां अधिक है । जाड़ा नाममात्र को होता है । वर्षा मई के मध्य या अंत में शुरू होती है और अक्तूबर मास तक चलती है । वार्षिक वर्षा लगभग 1100 मि० मी० से लेकर 1500 मि० मि० तक होती है ।

8. तालचेर कोयला क्षेत्र का भू-विज्ञान :

8.1 तालचेर शहर के नाम पर तालचेर कोयला क्षेत्र ब्राह्मनी नदी घाटी में स्थित है (देखें प्लान सं० 1) । हालांकि रानीगंज क्षेत्र में कोयला संस्तरों की श्रेणी स्थापित नहीं की जा सकी है, फिर भी 1.3 से 5.3 एम की विभिन्न मोटाइयों के विभिन्न वेधन छिद्रों में 12 कोयला संस्तर अभी तक सामने आए हैं । ये कोयला संस्तर निम्न कोटि के हैं ।

8.2 नत की सामान्य अनुदैर्ध्य दिशा पूर्व-पश्चिम है जिसमें कोयला क्षेत्र के दक्षिण-पूर्वी भाग में निम्न उत्तरी नति 4″ से 5″ के आसपास है जहां कि वर्तमान कोयला खानें स्थित हैं । फिर भी उत्तरी भाग में बाद-का नति दक्षिण की ओर है । कोयला क्षेत्र का दक्षिण-पूर्वी भाग भ्रंशित है। यद्यपि यह क्षेत्र मृदा के आवरण, अधोभूमि और मिश्र शिलाओं से ढका हुआ है, फिर भी भ्रंश सतह पर दिखाई नहीं पड़ते।

9. जगन्नाथ कोयला खान :

9.1 यह ओपेन कास्ट प्रायोजना वर्ष 1970-71 में प्रारंभ की गई थी जिसका कुल पृष्ठ क्षेत्रफल 593 एकड़ है । इस संपत्ति में आठ प्रमुख भ्रंश हैं । सामान्यत: ये भ्रंश पूर्व-पश्चिम की ओर उन्मुख हैं और उनमें भिन्न प्रक्षेप हैं । जगन्नाथ कोयला खान के खनन कार्य सर्वप्रथम दो प्रमुख भ्रंशों की द्रोणिका की खदान में शुरू किए गए थे । इस खदान का नाम मार्गदर्शी (पायलट) खदान रखा गया था । बाद में एक अन्य मुख्य (मेन) खदान में काम शुरू किया गया था । दुर्घटना के समय केवल इन दोनों गर्तों में कार्य हो रहा था । मार्गदर्शी (पायलट) गर्त संख्या 3 में 9 एम मोटा संस्तर दिखाई पड़ा जो कि लगभग 12 एम की गहराई में था जिसके बाद गहराई में लगभग 35 एम मोटा संख्या 2 संस्तर निकला जो कि संख्या 3 संस्तर से लगभग 6 एम की दूरी पर था । कोयला निम्न श्रेणी का, उच्च वाष्पशील और गैर कोकिंग प्रकार का है । जगन्नाथ कोयला खान का कुल उपलभ्य कोयला लगभग 350 लाख टन है । कोयले की श्रेणी "एफ" है जो कि तापीय ऊर्जा उत्पादन के लिए उपयुक्त है ।

9.2 जगन्नाथ कोयला मुख्यत: तालचेर थर्मल पावर स्टेशन द्वारा उपयोग में लाया जाता है जिसके बॉयलर इस खदान से निकाले गए उच्च राख कोयले को जलाने के अनुरूप बनाए गए थे । इस कोयले के अन्य उपभोक्ता इम्पोर थर्मल पावर स्टेशन और स्थानीय ईंट भट्टियां तथा उद्योग हैं । वर्ष 1980-81 में इस कोयला खान में 8.5 लाख टन का उत्पादन हुआ था । जून, 1981 में समाप्त होने वाली तिमाही में प्रति-माह उत्पादन 40 हजार टन था और 510 व्यक्ति इसमें रोजगार में लगे थे । खान अत्यधिक यंत्रीकृत है । इसमें डम्परों, बेलचों, पेलोडरों और कर्षण लाइन (ड्रैगलाइन) का इस्तेमाल किया जाता है ।

9.3 जैसा कि पहले बताया जा चुका है इस कोयला खान में दो गर्त हैं, यथा—मार्गदर्शी (पायलट) और मुख्य (मेन) खदान । मार्गदर्शी (पायलट) गर्त जहां पर यह दुर्घटना हुई थी, सामान्यत: 800 मी०× 240 मी०× 45 मीटर गहरी है । खदान तल के फर्श पर 15 मी० कोयला है । मार्गदर्शी (पायलट) खदान दो ऐसी मुख्य अनुदैर्ध्य भ्रंशों की

द्रोणिका में स्थित हैं जो कि पूर्वी-पश्चिमी दिशा की ओर उन्मुख हैं। भ्रंशों के दक्षिणी भाग में 1200 लाख का प्रक्षेपण है। उन्नयन अज्ञात है। द्रोणी के उत्तरी भाग में कई स्थानों पर एक से ज्यादा भ्रंश है। इन भ्रंशों के प्रक्षेप सापेक्षतया छोटे हैं (लगभग 30 मी० से अधिक नहीं) और उन्नयन (हेड) खड़ी ढाल वाले हैं।

9.4 प्लान संख्या 2 में मार्गदर्शी (पायलट) खदान के दक्षिणी भाग में भ्रंश की एक रेखा दिखाई गई है। इसकी प्रतिलिपि भू-वैज्ञानिक प्लान तैयार की गई थी। स्पष्टतया यह स्थिति सही नहीं है और इसलिए इसे टूटी रेखाओं द्वारा दिखाया गया है। दुर्घटना के बाद चिकने धरातल के दो खंड दिखाई पड़े थे। ये देखने में भ्रंश-तल जैसे लगते थे लेकिन उन्नयन कुछ-कुछ चपटा था। शायद यह भ्रंश न हों। इसे भी प्लान खंड में टूटी रेखाओं के द्वारा दिखाया गया है। प्लान में दिखाई गई टूटी रेखाओं का मुख्य आशय इस तथ्य की ओर ध्यान दिलाना है कि इसके आसपास भ्रंशतल है।

9.5 दक्षिणी भाग की ओर काम करते समय भ्रंशतल दिखाई नहीं दिया था। थोड़ा कोयला भ्रंशतल के पास इस आशय से छोड़ दिया गया था कि कहीं यह असामान्य स्तर में न चला जाए।

10. प्रबन्धक वर्ग :

प्रबंधक वर्ग में श्री ए० पाणि, क्षेत्रीय महाप्रबन्धक, श्री ए० के० त्रिपाठी, प्रायोजना अधिकारी या एजेंट और श्री एस० के० दे खान के प्रबंधक थे। श्री दे० 21 से 26 जून तक छुट्टी पर थे। इस अवधि के दौरान खान के सुरक्षा अधिकारी श्री ए० के० नायक प्रबंधक के पद पर कार्य कर रहे थे। अनुबंध 4 में क्षेत्रीय स्तर के साथ-साथ जगन्नाथ प्रायोजना की प्रबंधक वर्ग संरचना प्रस्तुत की गई है।

10.2 श्री पाणि इंडियन स्कूल आफ माइन्स से खनन इंजीनियरी में स्नातक हैं और उन्हें प्रथम श्रेणी का प्रबंधक (कोयला) प्रमाणपत्र प्राप्त है। स्नातक होने के पश्चात् उन्होंने लगभग 28 वर्ष विभिन्न पदों पर पश्चात् उन्होंने यह कार्य किया है। इसमें से उन्होंने लगभग 12 वर्ष कथारा, सिंगरौली और तालचेर जैसे यांत्रिक ओपेनकास्ट खानों में काम किया है। सिंगरौली में उन्होंने साढ़े तीन वर्ष प्रायोजना अधिकारी के पद पर और साढ़े तीन वर्ष महाप्रबंधक के पद पर कार्य किया है, मई, 1979 से वे कुछेक महीनों की सेवा-भंग अवधि के साथ तालचेर क्षेत्र के महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थे।

10.3 श्री ए० के० त्रिपाठी, इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स से खनन इंजीनियरी में स्नातक हैं और उन्हें प्रथम श्रेणी का प्रबंधक (कोयला) प्रमाणपत्र प्राप्त है। उन्हें 14 वर्ष का अनुभव है जिसमें तीन वर्ष का अनुभव यंत्रीकृत ओपेन कास्ट खानों में काम करने का है। ये अगस्त, 1979 से जगन्नाथ कोयला खान के प्रायोजना अधिकारी या एजेंट के पद पर कार्यरत हैं।

10.4 श्री एस० के० दे कलकत्ता विश्वविद्यालय से खनन इंजीनियर के स्नातक हैं और उन्हें प्रथम श्रेणी का प्रबंधक (कोयला) प्रमाणपत्र प्राप्त है। उन्हें खनन में 14 वर्ष का अनुभव है जिसमें साढ़े तीन वर्ष का अनुभव यंत्रीकृत ओपेनकास्ट खानों का शामिल है। वे फरवरी, 78 से जगन्नाथ कोयला सेवा में कार्यरत हैं। उन्होंने सहायक कोयला खान प्रबंधक के पद पर कार्य करना प्रारंभ किया था और अगस्त, 1980 से प्रबंधक के पद पर उनकी पदोन्नति कर दी गई थी।

10.5 श्री ए० के० नायक खान के सुरक्षा अधिकारी हैं और दुर्घटना के दिन ये प्रबंधक के पद पर कार्य कर रहे थे। ये कलकत्ता विश्वविद्यालय से खनन इंजीनियर के स्नातक हैं और उन्हें प्रथम श्रेणी का प्रबंधक (कोयला) प्रमाणपत्र प्राप्त है।

10.6 खनन क्षेत्र में प्रबंधक की सहायता के लिए एक प्रथम क्षेत्र का सहायक प्रबंधक, एक प्रथम श्रेणी का सुरक्षा अधिकारी और दो द्वितीय श्रेणी के सहायक प्रबंधक थे। इंजीनियरी क्षेत्र में उनके पास एक कोयला खान इंजीनियर, एक अधीक्षण अभियंता और चार अधिशासी अभियंता थे। अनुबंध 5 में खान अधिकारियों की सूची दी गई है।

11. कार्यप्रणाली

11.1. मार्गदर्शी (पायलट) खान वेधन छिद्र संख्या एन० सी० टी० बी० 82 के पास पी० एंड एच० 1855 कर्षण लाइन के द्वारा शुरू की गई थी जो कि पूर्व से पश्चिम की ओर बढ़ती है। कोयला प्रकट होने के बाद कर्षण लाइन ने कोयले के दिखाई पड़ने वाले क्षेत्र से कुछ कोयला निकाला और कोयले को एक तरफ तल पर डाल दिया जहां से इसे दक्षिण बालंदा कोयला हैंडलिंग प्लांट तक ले जाया गया था। कोयला पट्टी की चोटी पर अस्थायी ढुलाई मार्ग बनाने के पश्चात् डंपर्स के साथ एक बेलचा काम में लाया गया था ताकि अधिभार और साथ ही साथ उच्च कोयला पट्टी के निष्कर्षण को हटाया जा सके।

11.2. पी० एंड एच० 1855 कर्षण लाइन को हटाने के कुछ समय पश्चात् एक नई खड़ी ई० एस० एच० 4/45 कर्षण लाइन मार्गदर्शी (पायलट) खान में लगाया गया था। कर्षण तार का उपयोग भ्रंशतल के साथ-साथ मार्गदर्शी (पायलेट) खान के उत्तरी किनारे पर ढुलाई मार्ग बनाने के लिए किया गया था। इसके अतिरिक्त दो, बेलचा थे जिनमें से एक का इस्तेमाल अधिभार को हटाने के लिए और दूसरे का कोयला उत्पादन के लिए किया गया था। उच्च पट्टी के निष्कर्षण के पश्चात् उनमें बेलचे से मध्यवर्ती प्रस्तर खण्ड हटा दिए गए थे और नीचे नं० 2 संस्तर के कोयला खंड पर कार्य पट्टियों पर किया गया था जो कि 6 से 10 मीटर ऊंची थी और जिनमें बेलचा, डंपर का प्रयोग साथ-साथ किया गया था।

11.3. संख्या-2 संस्तर (जिसे जगन्नाथ संस्तर भी कहते हैं) के संपूर्ण निष्कर्षण के लिए धरातल से खान की कुल गहराई 60 मीटर के आस-पास आंकी गई थी। इस प्रकार संस्तर के तल तक काम करने के लिए दो भ्रंशों के बीच खान की सीमित उत्तर-दक्षिण चौड़ाई को ध्यान में रखते हुए बेलचा डंपर को साथ-साथ उपयोग में लाना संभव नहीं था। इसलिए यह निर्णय किया गया कि लगभग 12 एम मोटाई के निचले तल के निष्कर्ष के लिए कर्षण लाइन को काम में लाया जाए।

11.4. वर्ष 1980 के अंत में इस गर्त के पास फर्श वाले कोयले को उठाने के लिए एक कर्षण लाइन लाया गया था। इसने खान तल पर पूर्वी किनारे से काम करना प्रारंभ किया। कर्षण लाइन संक्रिया की सुविधा से कोयले को हल्का विस्फोटित किया गया था। तल पट्टी के नीचे से लगभग 9 एम० कोयला छोड़कर दक्षिणी भाग के साथ-साथ 5 एम० चौड़ी पट्टी में विस्फोट के द्वारा एक अतिरिक्त उन्मुक्त द्वार उपलब्ध कराने के लिए विस्फोटन की सुधरी हुई कार्यक्षमता हेतु को आउट बनाया गया था। इस तरीके से लगभग 12 एम० फर्श का कोयला कर्षण लाइन द्वारा निकाला जा रहा था।

11.5. कर्षण लाइन खान तल पर कोयले ढेर के रूप में इकट्ठा करता था जहां से नीतभारक (पेलोडर) डंपर दोनों के उपयोग से कोयला बाहर भेजा जाता था।

11.6. अग्नि और स्खलन से हुए असामान्य स्थानों को छोड़कर खान का दक्षिणी भाग पट्टियों के रूप में था। दक्षिणी भाग में सर्वाधिक निचली पट्टी (कोयले में) जो कि दुर्घटना के स्थान के करीब थी, वह लगभग छह मीटर ऊंची और आठ मीटर चौड़ी थी। जिस स्थान पर दुर्घटना हुई थी वहां यह पट्टी विद्यमान थी, हालांकि इसका भाग आग में जल रहा था। इस पट्टी के निचले भाग मे ठोस कोयला था। इस स्थान की पूर्व दिशा में 6 एम दूर "की आउट" शुरु हुआ था। इस निचले क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिमी भाग में जल, कर्षण लाइन संक्रिया से उत्पन्न पूर्वी भाग की हौदी की ओर बहा करता था। इस स्थान पर (बाद में यह इस पर गिरने वाले पदार्थ से भर गया था) पानी जैसी किसी भी चीज का संचयन नहीं था।

12. काम में लगी पारियां, पर्यवेक्षण तथा रोजगार :

12.1. खान में कार्य तीन पारियों में होता था और प्रत्येक पारी 8 घंटे की थी और पहली पारी 5 बजे सुबह शुरू होती थी । एक सामान्य पारी कुछेक वर्गों के मजदूरों के लिए सुबह सात बजे से साढे तीन बजे सायं तक लगती थी जिसमें आधे घंटे का आवकाश होता था ।

12.2. मार्गदर्शी (पायलट) खदान में सामान्यतया कर्षण लाइन तीनों पारियों में कार्य करता था । खदान तल में कोयले की ढुलाई नीत भारक (पे लोडर) और डंपरों की सहायता से प्राय: केवल दूसरी पारी में ही की जाती थी ।

12.3 दो दूसरी श्रेणी की सहायक प्रबंधक पारियों में क्रमावर्तित होते थे जिससे एक पारी में सहायक प्रबंधक के बिना ही काम होता है । प्रत्येक पारी में एक अधिकर्मी (ओवरमैन) और एक खनन सरदार, दोनों ही कार्यरत खदानों के लिए थे ।

12.4. विस्फोटन के लिए एक विस्फोट फोरमैन (जिसके पास अधिकर्मी का प्रमाण-पत्र होना है) था जिसकी सहायता के लिए शॉट फायरर था । मार्गदर्शी (पायलट) खदान में विस्फोटन 10 से 14 दिनों में एक बार किया जाता था । इस गर्भ में अंतिम विस्फोट 9-6-81 को किया गया था ।

12.5. कर्षण लाइन दल में 7 व्यक्ति थे जब कि नीतभारक (पे लोडर) को कार्यशील करने के लिए 9 व्यक्तियों की आवश्यकता थी, जिनमें एक फोरमैन और 5 हॉलपैक प्रचालक शामिल है । उपर्युक्त व्यक्तियों के अतिरिक्त दो पंप प्रचालक प्रत्येक पारी में लगे हुए थे ।

13. स्वत: तापन और संस्तर की विशेषताएं :

13. जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, मार्गदर्शी (पायलट) खदान का दक्षिण भाग मुख्य क्षीण तल के लिए बंद था । इस भाग में मई, 1977 के अंतिम सप्ताह यहां अग्नि देखी गई थी । उसी वर्ष और आगामी वर्षों में और बहुत-सी अग्नियां देखी गई । अग्नि को खोदकर बाहर करने और उसे बुझाने के प्रयत्न किए गए थे । ऐसा बताया गया है कि कुछेक अग्नियों को सफलतापूर्वक खत्म कर दिया गया था । तब से अछूते कोयला स्तर वाले दक्षिणी भाग के मार्गदर्शी (पायलट) गर्भ में कुछ अन्य अग्नियां दिखाई पड़ीं और कुछेक अग्नियों का जलते रहना जारी रहा । सामान्यतया असामान्य कोयले में ऐसी अग्नियां या स्वत:तापन होता है । दक्षिणी भाग में बिना अग्नि के ठोस (जो दरार आदि से असामान्य नहीं हुए थे) कोयले के खंड थे । उत्तरी भाग में भी क्षीण तल के साथ साथ अग्नि विद्यमान थी । अग्नि से कोयले के जलने के परिणामस्वरूप और कुछ हद तक अन्य कारणों से दक्षिणी भाग के साथ-साथ बहुत-से पार्श्व अवपात थे । दक्षिणी भाग के उस स्थान में जो कि इस दुर्घटना में गिर गया, 6 मीटर ऊंची निचली पट्टी (कोयले में) में आग लग गई थी और संस्तर के ऊपरी क्षितिज में तीन या चार खंडों में आग लग गई थी । इस स्थान पर स्थित अधिकांश निचली पट्टियों में आग लग गई थी । इनके तुरन्त ऊपर वाली पट्टी में आग लग गई थी, हालांकि वह थोड़ी कम थी ।

13.2. कोयला स्वत: तापन के प्रति अति संवेदनशील था । इस कोयले के प्रज्वलन और पारणबिन्दु निर्धारित नहीं किए गए थे । कोयला कार्बनयुक्त शिला समूहों के साथ अत्यधिक अंतर्नमित था । यह बताया गया है कि भंडार में जमा किए गए कोयले में दो या तीन महीनों की अवधि के पश्चात् आग लग गई थी । समीपस्थ और अंतिम विश्लेषण के परिणाम नीचे दिए गए हैं :—

समीपस्थ	अंतिम
राख—34.93%-30.81%	कार्बन—42-43%
नमी—6.43%-3.80%	हाइड्रोजन—2.7-3%
वी० एम०—24.07%-36.19%	नाइट्रोजन 1.1-1.2%
एफ०सी०—34.57%-30.87%	
यू० एच० वी०—3192 कै०कैल/कि०जी० 3933	

13.3 प्रबंधकवर्ग ने यह दावा किया कि दक्षिणी भाग में लगी आगों को बुझाने के लिए बहुत-से तरीके अपनाए गए थे । इन में आग को खोदकर बाहर निकालना और जल धारा से बुझाने के तरीके शामिल हैं । लेकिन इनके अनुभव के अनुसार यह पता चला कि बहुत-से मामलों में कुछ समय के पश्चात् अग्नि फिर लग जाती थी ।

13.4 दक्षिणी भाग में कोयला संस्तर और स्खलनों में कोयले के जलने के परिणामस्वरूप धरातल पर दरारें पड़ गई थीं । ये दरारें कई स्थानों पर 15 सें०मी० चौड़ी थीं और दक्षिणी भाग के ऊपरी किनारे के साथ-साथ पड़ी हुई थीं । एक स्थान पर दरार की रेखा में एक छोटी सी जल-गर्तिका भी बन गई थी । खदान में से वर्षा के पानी की निकासी के लिए इन दरारों के बाहर दक्षिण भाग के साथ-साथ खिरी हुई नाली का प्रबंध किया गया था ।

14. अग्नि और स्खलन से बचाव के बारे में किए गए उपाय :

14.1 जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, विगत में बहुत से अवसरों पर खंडों में पार्श्व अवपात हुए जब कभी गर्भ धूल के छोटे बादल उठे हैं । लेकिन इनमें से कोई भी ज्यादा दूर तक नहीं फैले हैं । एक विशिष्टि उदाहरण में 12-6-80 को आठ मजदूर ठेकेदार के द्वारा पूर्व में सड़क मार्ग बनाने में लगे हुए थे । जैसा कि एजेंट द्वारा बताया गया है, ये मजदूर सीढ़ियां बना रहे थे । दक्षिणी भाग से चार-पांच मीटर की ऊंचाई से कुछ गर्म पदार्थ लुढ़कता हुआ नीचे आया था और उससे गर्भ धूल का बादल बन गया । ठेकेदार के पांच आदमी, जो कि छह मीटर की दूरी पर काम कर रहे थे, उन्हें मामूली जलने की चोटें लगीं । यह ऐसी दुर्घटना या घटना नहीं थी जिसकी रिपोर्ट की आवश्यकता समझी जाती । अवपात और तदनुपरांत धूल के बादल से संबंधित सभी मामलों में गिरे हुए पदार्थ और धूल के बादल, इन दोनों का ही फैलाव निम्न तल से थोड़ी दूरी तक ही सीमित था ।

14.2 प्रबंधकवर्ग ने दावा किया कि उपर्युक्त अनुभव के आधार पर वे निम्नलिखित पूर्वोपाय कर रहे थे । इस संबंध में लिखित रूप में कुछ भी नहीं था ।

1. एक कर्षण लाइन 1980 के अंत में लगाया गया था जो कि उत्तरी भाग के साथ-साथ काम करता था । ऐसा करने से दक्षिणी भाग से कोयला उठाने के लिए 25 मीटर की सीमा में किसी व्यक्ति के लगाने की आवश्यकता नहीं रही थी ।

2. फिर भी, बरमे से छेद करने वाले और विस्फोट करने वाले दल को उसके नजदीक जाना पड़ता था लेकिन उन्हें निचले भाग से 10 मीटर से अधिक निकट नहीं जाना होता था, और इन लोगों की आवश्यकता 10 से 14 दिनों के बीच में केवल एक बार होती थी ।

3. उत्तरी भाग से पंप द्वारा पानी निकाला जाता था ।

4. कर्षण लाइन दक्षिणी निम्न तल से कोयला 18 मीटर दूरी पर इकट्ठा करता था । यह कोयला नीत भारक (पे लोडर) द्वारा उठाया जाता था ।

15. वर्षा :

अनुबंध 6 देखा जाए । इससे पता चलेगा कि 20 जून को भारी वर्षा हुई थी जिसके बाद 21 जून को उससे भी भारी वर्षा (105 मि०मी०) हुई थी । 22 और 23 तारीख को भी वर्षा होती रही थी । जगन्नाथ कोयला खान निकट स्थित दक्षिणी बालंदा कोयला खान में वर्षा रिकार्ड की गई थी । 20 से 23 जून तक कुल मिलाकर 162 मि०मी० वर्षा हुई थी ।

16. दुर्घटना से पहले की घटनाएं :

16.1 खदान के पूर्वी भाग में जहां से कर्षण लाइन द्वारा 12 मी० फर्शी कोयला निकाला गया था, उसका होदी के रूप में प्रयोग किया जाता था । इस होदी के उत्तरी भाग में दो पंप थे । वर्षा के कारण इकट्ठे हुए अतिरिक्त जल की व्यवस्था करने के लिए एक तीसरा पंप उत्तरी भाग के अन्य पंपों के पास लगाया जाना था । इस पंप को लगाने का कार्य महेन्द्र सिंह नामक ठेकेदार को दिया गया था ।

16.2. 23-6-1981 को मार्गदर्शी (पायलट) खदान में ठेकेदार ने केवल तीन मजदूर लगाए थे । 24-6-81 को उसने अधिकांश नए भर्ती किए 13 मजदूर (जिसमें 5 महिलाएं शामिल थीं) 7 बजे सुबह से चालू होने वाली सामान्य पारी में आधारिक कार्य पर लगाए । वह स्वयं उस स्थान पर उपस्थित था । के० कों० लि० (सी०सी० एल०) का सिविल पर्यवेक्षक रवि साहू इस काम का पर्यवेक्षण कर रहा था । पुराने पंपों का चलाने के लिए वहां पर एक पंप प्रचालक भी था । यांत्रिक फिटर कोकुला साहू भी खदान में उस समय उपस्थित था और एक पंप की मरम्मत कर रहा था ।

16.3. कर्षण लाइन इस पारी में कार्य नहीं कर रहा था । खदान तल से कोयले ढोने का कार्य नीत भारक (पे लोडर) ऊपर दोनों की सहायता से किया जाता था । यह कार्य रोक दिया गया था और ये मशीनें लगभग एक बजे दोपहर से पूर्व बाहर निकाल दी गयी थीं । कर्षण लाइन के पीछे बचा कोयले का ढेर तल पट्टी के निम्न भाग से लगभग 4 5 मी० ऊंचा और 18 मी० दूर था ।

16.4. एक बजे दोपहर के लगभग रवि और महेन्द्र गर्त से बाहर लंच के लिए आ रहे थे । उनके कुछ दूर पीछे ठेकेदार के दस मजदूर आ रहे थे । अन्य 3 मजदूर और गोकुल साहू अभी भी पंप के पास थे । इससे यह स्पष्ट होता है कि अंत में उल्लिखित 4 व्यक्तियों का लंच के लिए जाने का कोई इरादा नहीं था ।

17. दुर्घटना :

17.1. रवि और महेन्द्र एक साथ चल रहे थे । जब वे कर्षण लाइन पार कर चुके थे और लगभग उसके पश्चिमी भाग में 30 मीटर दूर खदान के उत्तरी भाग के साथ-साथ चल रहे थे, तब उन्होंने दक्षिणी भाग से लुढ़कते हुए पत्थरों की आवाज सुनी । जब उन्होंने दक्षिण की ओर देखा तो उन्होंने 5 मीटर की ऊंचाई से दक्षिणी भाग से लुढ़कते हुए पत्थरों के प्रवाह को देखा । रवि को लगा कि स्खलन का बल बढ़ रहा है । महेन्द्र ने भी और अधिक पदार्थों के स्खलन को देखा । उन्होंने कुछ दूरी पर अपने पीछे आते हुए मजदूरों को चेतावनी दी और वे स्वयं भाग ने लगे । महेन्द्र को लगा कि दक्षिणी भाग से आने वाली ध्वनि बढ़ गई थी । इसलिए जितना संभव हो सका वे उतना तेज भागे । वे सुगम मार्ग से कुलाई मार्ग पर चढ़ गए । कुलाई मार्ग पर पहुंचते ही रवि लड़खड़ाया और गिर गया । महेन्द्र रवि पर कूदा और गर्त से निकलने के प्रयत्न में पूर्व दिशा की ओर बढ़ा । उसने अपने सिर के ऊपर घना धुआ देखा । वह पश्चिम की ओर मुड़ा और पुराने कुलाई मार्ग के साथ-साथ चलने लगा । उसे यह डर लग रहा था कि कोई चीज उसके सिर पर गिर पड़ेगी । रवि ने भी ऐसा ही किया लेकिन वह काम में लाए जा रहे कुलाई मार्ग पर चढ़ा और ढलान तक भागा । रवि के अनुसार धूल को नीचे बैठने में 4 से 5 मिनट लगे उन्होंने मजदूरों को सहायता और पानी के लिए चिल्लाते हुए सुना । ये मजदूर कुलाई मार्ग के साथ-साथ आए थे । ये सब सफेद राख से ढके हुए थे । जब रवि ने उनके शरीर को छुआ तो उसने पाया कि उनकी खाल हट रही है । महेन्द्र के अनुसार जब स्खलन शुरू हुआ तो उसे ऐसा लगा कि जैसे पानी या या गैस होज पाईप से बाहर आ रही हो । यह सीधे ही उत्तरी भाग की ओर बढ़ा और सब ऊपर की ओर धूल का बादल बनने लगा । उस समय धूल में कोई लपट नहीं थी ।"

17.2. दुर्घटना से तुरंत पहले गोकुल साहू ने पंप प्रचालक को लंच के लिए भेज दिया था और वह स्वयं पंप पर और कार्य करने के लिए रुक गया था । उसके साथ या पास में तीन अन्य मजदूर थे जिनमें दो महिलाएं शामिल थीं । गोकुल ने दक्षिणी भाग से कुछ शोर आता हुआ सुना । उसने दक्षिणी भाग के कुछ हिस्सों को हिलते हुए देखा और साथ ही उसने बहुत शोर के साथ बहुत सारी धूल को उठते हुए देखा । उसके अनुसार धूल का एक हिस्सा उत्तर की ओर सीधा गया और हवा में ऊपर भी उठ गया । उसने शोर को "रुको, रुको" के रूप में व्यक्त किया । बचाव के प्रयत्न में वह कर्षण लाइन की ओर भागा । इस समय तक धूल का बादल फैल चुका था और उसे अपना रास्ता नहीं दिखाई दिया । इसलिए वह पंप की ओर पीछे मुड़ा । वह फिसल गया और पंपों के पश्चिम में लगभग 6 मीटर की दूरी पर गिर पड़ा । वह उठकर भाग नहीं सका । उसे ऐसा महसूस हुआ कि गर्म राख उसकी पीठ पर जमा हो रही है । वह बेहोश हो गया । थोड़ी देर पश्चात् उसे होश आया और वह खदान से बाहर चला गया । वह खनन वाले जूते पहने था । जमीन में जमा राख में उसके जूते धंस गए थे । सुकुरमणि और जानकी नगरई नामक दो महिला मजदूर दुर्घटना के समय गोकुल के पास थीं । सुकुरमणि ने "रुको" की तेज आवाज सुनी । वह अपनी आंखें बंद करके पंप के पास बैठ गई और तब उसके चारों ओर गर्म पदार्थ गिरना शुरू हो गया । सुकुरमणि और जानकी दोनों ही आगे बढ़ी और बाद में पंप की ओर लौट गईं । जब वे पंपों के पास थीं तब कुछ गर्म धूल उन पर जमा हो गई ।

17.3 चैतन चैतर नामक एक जख्मी ने बताया, "मैं गोकुल और दो महिला मजदूर कार्य स्थल के पास थे जबकि दस अन्य मजदूर लंच के लिए यहां से जा रहे थे । मैं खाने के लिए "चिड़वा" लाया था, इसलिए मैं लंच के लिए नहीं गया था । मैंने एक पत्थर गिरते हुए देखा और फिर बड़े पत्थर गिरने लगे । गोकुल ने कहा कि हमें तत्काल बाहर चले जाना चाहिए । इस समय तक हम गिरने वाली राख से ओत-प्रोत हो चुके थे । हम अपना रास्ता नहीं ढूंढ पाए । मुझे कार्य-स्थल पर वापस लौटना पड़ा और मैं मुंह के बल भूमि पर लेट गया ।"

17.4. अन्य दस मजदूर जो कि कर्षण लाइन के निकट थे जब तक उन्हें धूल के बादल ने पूरी तरह से ढक नहीं लिया तब तक वे न तो आगे जा सके और न ही पीछे । उनमें से कुछेक दक्षिणी से बढ़ते हुए धूल के बादल से बचने के लिए उत्तर की ओर बढ़े । अधजले कपड़े और जूते बाद में उत्तरी भाग की दीवार के निम्न तल के पास से मिले थे । इनमें से कुछेक उत्तरी भाग में 2 मी० ऊपर थे । स्पष्टतया ये मजदूर पांच से दस मिनट तक धूल के बादल में रहे । जब बादल छट गया तो वे कुलाई मार्ग पर लड़खड़ाते हुए आगे बढ़े और उनमें से अधिकांश ढलान पर या ढलान के निकट मर गए ।

17.5. इस दुर्घटना के समय नियंत्रण कक्ष के नजदीक समतल कुलाई मार्ग पर अधिशासी अभियंता श्री बी० के० लामा मौजूद थे । उन्होंने कोई भी आवाज नहीं सुनी थी । उन्होंने मार्गदर्शी (पायलट) गर्त से धूल का एक बड़ा बादल ऊपर उड़ते हुए देखा । उन्हें संदेह हुआ कि कर्षण खदान में आग लग गई है और खदान में जाने से पूर्व वे तुरन्त अपनी जीप में कुछेक इंजीनियरी कर्मिकों को इकट्ठा करने के लिए गए । उनके अनुसार धूल का बादल लगभग आठ से दस मिनट तक बना रहा । जब वे ढलान पर पहुंचे तो उन्हें बहुत से मजदूर मिले जिनमें से कुछेक लेटे हुए थे और अन्य कुछ अभी भी खदान में से बाहर निकलने के लिए लड़खड़ा रहे थे । उनके शरीर धूल से ढके हुए थे । इन सब मजदूरों की जलने की चोटें आई थीं और कई स्थानों पर खाल लटक रही थी और उन्होंने जो कपड़े पहन रखे थे वे अधजले थे । उन्होंने तत्काल अपनी जीप और एक ट्रक में हताहतों को उठाया और उन्हें आठ किलोमीटर दूर के०कों०लि० (सी० सी० एल०) के क्षेत्रीय अस्पताल में भिजवा दिया । तत्पश्चात् श्री लामा कर्षण लाइन को हुए नुकसान को देखने के लिए गर्त में घुसे ।

खदान का तल गर्म राख के और जलते हुए कोयले के छोटे टुकड़ों से ढका हुआ था। कर्षण लाइन की ओर जाते समय उन्होंने जले हुए कपड़ों के टुकड़े, टूटे-फूटे जूते और चप्पल तथा कुछ उतरी हुई खालें देखीं। उन्होंने एक व्यक्ति को कर्षण लाइन के नीचे पड़ा हुआ पाया। उन्होंने उसको अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था की। उन्हें कर्षण लाइन में कोई यांत्रिक क्षति नहीं दिखाई पड़ी लेकिन धूल ने कर्षणलाइन के अन्दरूनी और बाहरी भाग को पूरी तरह ढक लिया था, हालांकि सभी दरवाजे और खिड़कियां बंद थे। उन्हें पथ के नजदीक एक महिला मजदूरन मिली। वह अपने टखने पर जलने की चोट के कारण और जमीन के गर्म होने के कारण चल नहीं सकती थी। वे उसे अपने कंधे पर उठाकर खदान से बाहर ले आए।

17.6. दूसरी पारी के अधिकर्मी (ओवर मैन) श्री एम० एम० दास दुर्घटना के समय टाइम आफिस में थे। मार्गदर्शी (पाइलट) गर्त से उठते हुए ढेर-से धुएं की ओर उनका ध्यान आकर्षित किया गया था, लेकिन उन्होंने कोई आवाज नहीं सुनी थी। धुएं का रंग काला था। जब वे खदान के पूर्वी छोर की ओर भाग कर जाने लगे तो उन्हें धुएं के कारण खदान तल का कोई भी भाग दिखाई नहीं दिया। धुआं लगभग 4 या 5 मिनट तक बना रहा। वे पूर्वी छोर के साथ-साथ नियंत्रण कक्ष में गए जहां वे एक ट्रक को रोककर और उसमें बैठकर खदान तक गए। उन्होंने ढलान पर बहुत-से हताहत व्यक्तियों को देखा। उन्होंने अपनी ट्रक में कुछेक हताहतों को क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया।

17.7. खदान तल गर्म राख और धूल की मोटी परत से ढका हुआ था। नंगे पांव इस पर चलना असंभव था। इस गर्म राख के कारण श्री सामा ने अपने जूते के रबर सोल के जलने की गंध को महसूस किया। श्री एम०एम० दास का भी यही अनुभव हुआ था। उन्होंने आगे यह भी बताया कि अत्यधिक गर्मी से झुलसने के कारण उनकी पैंट भी खराब हो गई थी।

17.8. इस दुर्घटना में कुल 14 व्यक्ति हताहत हुए थे। सभी हताहत क्षेत्रीय अस्पताल में दोपहर को 1.30 से 1.45 के बीच पहुंच गए थे। दस व्यक्ति जो कि सघन धूल के बादल में फंस गए थे, उन्हें 80 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक जलने की चोटें आई थीं। वे सब दस दिन की अवधि के बीच में ही मर गए। अन्य मजदूर जिनमें दो महिला मजदूर भी शामिल थीं और जो उस समय गोकुल के साथ पंपों के नजदीक थे, वे गोकुल सहित गंभीर चोटों की शिकार हुई। इनके मामलों में जलने की प्रतिशतता 40 तक थी।

17.9. चिकित्सकों के अनुसार समस्त व्यक्तियों के कपड़े भिन्न-भिन्न सीमा तक जले हुए थे और उनके शरीर सफेद राख से पूर्णतः ढके हुए थे। उनमें से किसी को भी जलने की चोट के अलावा कोई चोट नहीं आई थी।

18. चिकित्सा सहायता :

18.1. इस दुर्घटना में कुल 14 व्यक्ति हताहत हुए थे, जिनमें से 13 ठेकेदार के थे और एक के०को०लि० (सी०सी०एल०) का था। सभी हताहतों को दोपहर को 1.30 और 1.45 के बीच तालचेर कोयला खान में स्थित क्षेत्रीय अस्पताल में पहुंचा दिया गया था जो कि दुर्घटना के स्थल से लगभग 8 कि०मी० की दूरी पर है।

18.2. सभी हताहतों का क्षेत्रीय अस्पताल में उपचार किया गया था। यह अस्पताल पूर्ण अस्पताल है। हताहतों को रोगाणुहीन कक्षों में रखा गया था जिनमें तापमान और आर्द्रता को नियंत्रित करने के लिए एयर कूलर लगे थे।

18.3 के०को०लि० (सी०सी०एल०) के मुख्य चिकित्सा अधिकारी जो कलकत्ता में सरकारी काम में लगे हुए थे, शीघ्र ही तालचेर रवाना हो गए और के०को०लि० (सी०सी०एल०) के निदेशक (कार्मिक) के साथ 25 तारीख की दोपहर के बाद अस्पताल पहुंच गए।

18.4. निकटवर्ती फर्टलाइजर कारपोरेशन आफ इण्डिया के अस्पताल से विशेषज्ञों की सहायता ली गई। डा० जी०पी० मोहन्ती प्रोफेसर आफ सर्जरी एस०सी०बी० मेडिकल कालेज, कटक और डा० एस०साहू एसोशिएट प्रोफेसर आफ सर्जरी, एस०सी०बी० मेडिकल कालेज, कटक की विशेषज्ञ चिकित्सीय सहायता प्राप्त की गई। इन दोनों डाक्टरों ने लगभग प्रत्येक दिन रोगियों को देखा।

18.5. तालचेर क्षेत्र के के०को०लि० (सी०सी०एल०) के विभिन्न अस्पतालों से सभी बारह डाक्टर और पेरा मेडिकल स्टाफ हताहत लोगों के उपचार के लिए रात-दिन काम पर लगा रहा।

18.6. उसी दिन चार हताहतों का निधन हो गया। उसके बाद 25 तारीख को एक व्यक्ति और दूसरी 26 तारीख को एक और व्यक्ति काल कवलित हो गया। 29 जून, 30 जून और 1 जुलाई, 1981 को अन्य तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई और इस प्रकार मृतकों की कुल संख्या 9 हो गई। दसवां व्यक्ति 4 जुलाई, 1981 को सायंकाल 1 बजे अपने प्राण छोड़ बैठा। इन सभी व्यक्तियों को 80 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक जलने की चोटें आई थीं। गोकुलसाहू, चैतन चेतार, श्रीमती सुकरमणि और कुमारी जानकी जो कम जली थीं, बच गई।

18.7. जो लोग इस दुर्घटना में ग्रस्त हो गए थे, उनकी चोटों के विवरण और मृतकों की तारीख तथा समय आदि संलग्न अनुबंध 7(क) और (ख) में दिए गए हैं।

भाग—4

19. खान सुरक्षा महानिदेशालय (डी०जी०एम०एस०) द्वारा प्रस्तुत मामला :

19.1. खान सुरक्षा महानिदेशक, की रिपोर्ट (डी०जी०एम०एस० रिपोर्ट) के अनुसार एक ऐसा स्खलन हुआ जिसमें लगभग 20 मीटर से भी अधिक चौड़े दक्षिणी भाग के साथ लगभग 800 टन पदार्थ नीचे खिसक आया। यह स्खलन आग, भारी वर्षा, भ्रंश तल, चौड़ी दरारों से सतह पर पानी के प्रवेश आदि अथवा शायद इन सभी मिले-जुले कारणों से हुआ है।

19.2. उनका मत था कि लगभग 180 मीटर × 90 मीटर के क्षेत्र में धूल और राख के प्रसार और 6 से 10 सैंटीमीटर तक के आकार के पत्थर के टुकड़े लगभग 60 मीटर तक बिखरने के कारण भू-स्खलन नहीं है। यदि केवल भू-स्खलन ही हुआ होता तो यह स्खलित पदार्थ स्खलन के स्थान से 18 मीटर आगे 4.5 मीटर ऊंचे कोयले के ढेर से टकराकर रुक जाता। इसके अलावा यह छितरा हुआ पदार्थ उस खान के दक्षिणी भाग के विशिष्ट स्थानों से फेंका गया था जिसमें आग लगी हुई थी। इसलिए उनका यह भी मत है कि एक प्रस्फोट भी हुआ था। उनके मतानुसार यह प्रस्फोट पहले नहीं हुआ था जिसके फलस्वरूप भू-स्खलन नहीं हुआ जैसा कि दो चश्मदीद गवाहों सर्वश्री रबि साहू और महेन्द्र सिंह ने अपने बयान में स्पष्ट किया है।

19.3. वे इस बात से भारी असमंजस में पड़ गए कि किसी ने भी ऊंची आवाज अथवा असाधारण शोर नहीं सुना जो प्रस्फुटन के साथ साथ होता है। फिर भी, उन्होंने यह दलील प्रस्तुत की कि यह स्वीकार करना अपेक्षाकृत अधिक तार्किक होगा कि इस मामले में ऊंची आवाज किन्हीं कारणों से अधिक नहीं थी। अतः प्रस्फुटन की संभावना को बिल्कुल ही अस्वीकार न कर दिया जाय क्योंकि किसी ने भी ऊंची आवाज को नहीं सुना है।

19.4. इस प्रस्फुटन के कारण का पता लगाने का प्रयत्न करते हुए उन्होंने यह बताया कि ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जो विशेष रूप से इसका संकेत कर सके। ऐसा कुछ भी नहीं है जिसे स्पष्ट रूप से ठीक मान लिया जाए। इसलिए उन्होंने "अपेक्षाकृत कम संभावनाओं" में से कतिपय संभावनाओं पर विचार किया और पानी की गैस के विस्फोट के सिवाए अन्य सभी संभावनाओं को अस्वीकार कर दिया क्योंकि उन्होंने पानी की गैस के विस्फोट की न्यूनतम संभावना स्वीकार किया। उन्होंने कम से कम संभावनाओं पर विचार किया और कुछ संभावनाओं को अस्वीकार किया। इस संभावनाओं में चार्ज किए गए विस्फोट-पदार्थ, 100° सैंटीग्रेड से अधिक तापमान के अन्य

पानी, कोयला के आसवन द्वारा पैदा की गई कोयले गैस की विस्फोट और प्राकृतिक ज्वलनशील गैस की मौजूदगी शामिल की गई थी।

19.5. पानी-गैस से प्रास्फोटन की संभावना पर विचार करते हुए, उन्होंने राष्ट्रीय कोयला बोर्ड द्वारा प्रकाशित "टैक्नीकल हैंडबुक आन स्पायल हीप्स (कूड़े के ढेर के बारे में तकनीकी पुस्तक)" से कतिपय अंश उद्धृत किए। इस पुस्तक के अनुसार यह माना जाता है कि जहां कहीं भी ऐसी दुर्घटनाएं हुई हैं वहां कामगार विस्फोट से (पानी की गैस का) छितराए हुए गर्म पदार्थ अथवा कूड़े-करकट के ढेर से (जब आग पानी के संपर्क में आती है) जल गए हैं। इसी पुस्तक में यह सुझाव दिया गया है कि ढेर अथवा उसके आसपास काम करने वाले कामगार को आग के निकटवर्ती क्षेत्र से बचना चाहिए क्योंकि वहां ऐसे विस्फोट का खतरा होता है। यह स्पष्ट ही है कि आग के निकटवर्ती क्षेत्र को खतरनाक समझा गया है जबकि जगन्नाथ कोयला खान में लोग 60 मीटर दूर होते हुए भी 80 से 100 प्रतिशत जल गए हैं। इसलिए खा०सु०म० (डी०जी०एम०एस०) ने पानी-गैस के विस्फोट को न्यूनतम संभावना के रूप में वर्गीकृत करने की वकालत की है।

20. **प्रबंधकवर्ग द्वारा प्रस्तुत मामला :**

20.1. प्रबंध वर्ग का मामला आधार रूप से लगभग वैसा ही है जैसा कि टीका-टिप्पणियां और साक्ष्य का संबंध है। जहां तक मैं समझता हूं, इसमें केवल इतना ही है कि प्रबंधकवर्ग ने लगभग 1.5 किलोग्राम भार के पत्थर के एक टुकड़े को देखने का दावा किया है और बताया है कि यह टुकड़ा स्खलन के स्थल से लगभग 130 मीटर की दूरी तक फैंका गया है। खान सुरक्षा महानिदेशक, (डी०जी०एम०एस०) ने ऐसे किसी पत्थर के टुकड़े के बारे में कुछ नहीं बताया है। उन्होंने आधार रूप में जो अवलोकन किया है उसके अनुसार उत्तरी ऊंची दीवार के पास लगभग 80 मीटर की दूरी पर 6 से 8 सैंटीमीटर के पत्थर के टुकड़े दिखाई दिए हैं। फिर भी, इस अवलोकन के अन्तर में कोई भी तात्विक परिवर्तन स्पष्ट नहीं हो पाता जैसा कि प्रबंधकवर्ग किन्हीं निष्कर्षों पर पहुंचा है।

20.2. उन्होंने अपने लिखित वक्तव्य में यह निष्कर्ष निकाला है कि दक्षिणी भाग में भू-स्खलन हुआ था और इसके साथ ही साथ प्रस्फुटन भी हुआ था तथा यह भू-स्खलन प्रस्फुटन से पहले हुआ था। प्रस्फुटन के संभाव्य कारण पर विचार करते हुए उन्होंने यह निष्कर्ष निकाला कि धरती के स्तर में विवर और दरार होने के कारण इतने उच्च वाष्प का दबाव होना कठिन था कि 130 मीटर की दूरी तक 1.5 किलोग्राम के पत्थर के टुकड़े को फेंका जा सके और उनका यह मत था कि यह प्रस्फुटन केवल पानी गैस के विस्फोट के कारण ही हुआ है। उनके मतानुसार अग्निसह मिट्टी के संस्तरों के निक्षालन से गड्ढे पड़ गए थे जैसाकि मार्गदर्शी (पायलट) गर्त के उत्तरी भाग में काफी संख्या में गड्ढे देखे गए। इन गड्ढों में पानी-गैस और हवा का मिश्रण भरा हो सकता था जो गर्म पदार्थ से जल गया होगा।

20.3. के०को०लि० (सी०सी०एल०) के कोयला राख के विस्फोट की संभावना के संबंध में अपनी दलील दे हुए यह कहा कि कोयला—राख के बादल का निर्माण विस्फोट होने की पूर्व आवश्यकता है और इस प्रकार का बादल वर्तमान परिस्थितियों में तब तक नहीं बन सकता जबतक कि खुला वातावरण न हो तथा यदि इस प्रकार का बादल वायुमंडल में लटका रहे तो नाममात्र की ही उग्रता होगी और इस प्रकार की उग्रता की घटना नहीं होगी जैसाकि इस दुर्घटना में देखी गई। इस दुर्घटना से 8 दिन पूर्व के समय में 206 मिलीमीटर वर्षा हुई और भ्रंश तल की कोयला-राख पूर्णतया पानी में तर-बतर हो गई और इसलिए बहुत कम छितराव हुआ।

20.4. चार्ज विस्फोट छिद्र के विस्फोटन की संभावना के संबंध में के०को०लि० (सी०सी०एल०) का यह मत था कि चार्ज छिद्र से निकाला हुआ कोयला खदान के फर्श पर टूट जाता और छितरा जाता लेकिन इस प्रकार के कोयले के टुकड़े वहां नहीं मिले। उन्होंने यह भी कहा कि 9-6-81 को दक्षिणी ओर के निचले भाग में लगभग 15 मीटर की दूरी पर खदान की कोयला सतह में विस्फोट किया गया था। यह नितांत असंभव बात है कि धूल और जले हुए खंगर उसी प्रकार फैंके गए हों जैसे कि किसी विस्फोटित कोयला-सतह से धूल और खंगर फेंके जाते हैं और इस प्रकार फैंके गए खंगर और धूल की प्रचंडता भी उतनी नहीं थी। इसलिए उन्होंने इस प्रकार की संभावना को अस्वीकार कर दिया।

20.5. उन्होंने अपनी जो दलील दी है, उसमें वाष्प से होने वाली दुर्घटना की संभावना पर भी गहन विचार किया गया है। उन्होंने कतिपय कल्पित पैरा मीटरों के कुछ आंकलन भी किए हैं और अन्ततोगत्वा वाष्प से होने वाली दुर्घटना की स्थिति को भी त्याग दिया है। उनके मतानुसार वाष्प का निष्क्रमन उतनी गति नहीं प्राप्त कर सकता जितनी विस्फोटन की गति होती है और इस प्रकार तीखी रेखाओं में धूल का संचयन नहीं हो सकता। यह उग्रता और भी कम होती तथा खंगरों और जले हुए टुकड़ों को 60 मीटर या इससे अधिक दूरी तक न फेंक पाती। उन्होंने यह भी कहा कि अलग-अलग व्यक्तियों ने अपने निरीक्षणों में विदर और दरारें देखी हैं और लगातार आग तथा खान में जलोढ़ मृदा आदि के अधिभार तथा कोयला के भारी विस्फोटन से अधिक विदर और दरारें बढ़ गई हैं जिसके फलस्वरूप दबाव बढ़ाने के लिए वाष्प की बात अवरुद्ध गति की संभावना को भी त्यागना पड़ा है।

20.6. के०को०लि० (सी०सी०एल०) ने दलील देते हुए इस विचार का समर्थन किया कि कोयला के जल जाने के फलस्वरूप जो गड्ढा बन गया था उसमें विशेष रूप से ऊपर झुकी हुई परत अपने आप गिर गई और इस संभावना को खारिज नहीं किया जा सकता। लेकिन उन्होंने यह भी महसूस किया कि कुछ ऐसे अन्य विचार और कारक भी हो सकते हैं जो अपने आप ही परत के गिर जाने से प्रस्फुटन के कारण हैं जिसका विवरण इस प्रकार है :

(क) 21 मीटर की चौड़ाई के संस्तर में एक गड्ढा बन गया जो सैद्धांतिक आधार पर 16 मीटर का हो सकता है और यह अनुमान है कि कोयले में राख की प्रतिशत 30 और 35 के बीच में होगा। लेकिन वास्तविक व्यवहार में अपने आप ही गिर जाने की ऊंचाई इससे भी अपेक्षाकृत कम होगी क्योंकि राख का संचयन नहीं हो सका था।

(ख) इस प्रकार की ऊर्जा के मुक्त करने के लिए, जितने द्रव्यमान की आवश्यकता पड़ती वह संभव नहीं था क्योंकि आग के कारण परत काफी कमजोर हो गई थी।

(ग) कोयले के ऊपर की परत की प्रकृति के निरीक्षण से यह विदित होगा कि परत की नम्यता बहुत कम थी और उसमें अधिक शक्ति भी नहीं थी तथा वह ऊबड़-खाबड़ थी।

(घ) दुर्घटना के स्थल की प्रत्यक्ष जांच और उसके आस-पास के क्षेत्र के देखने से यह पता लगा है कि परत में अनेक विवर और दरारें पड़ गई थीं जिनसे यह विदित होता है कि जैसे ही और जब गड्ढा बना तो वह धीरे-धीरे और नियमित रूप से धसकने लगा। कोई भी एकाएक और एक ही अंसफलना नहीं है जिसके फलस्वरूप परत अपने आप ही गिरकर एक बड़ा गड्ढा बन गई है।

(ङ) दक्षिणी भाग के धसे हुए खान से यह पता लगता है कि स्पष्ट रूप से धीरे-धीरे धसकन हुई है जिसका कारण यह है कि कोयला जल गया था। जब ऊपरी परत अपने स्थान से हट जाती है और यह विशाल परत अपने आप ही गिर जाती है तो राख और खंगर के खुले वायुमंडल में फैलने का कोई अवसर नहीं है जब तक कि उसी समय पास की दीवार टूट न जाए। दुर्घटना के स्थल में इस बात की पुष्टि नहीं हो पाती।

20.7. के०को०लि० (सी०सी०एल०) ने अपनी दलील देते हुए यह कहा है कि आग लगे क्षेत्र के अन्दर उपलब्ध परिस्थितियों में पानी की गैस का निर्माण इस दुर्घटना की एक संभावना से कहीं अधिक है। इस प्रकार जो पानी की गैस बन गई थी, वह वायु के संपर्क में आ सकती थी और

उसे ऐसा प्रवेश मिल सकता था जिससे कि इस प्रकार का मिश्रण विस्फोटक हो सकता था जिससे जलते हुए कोयले का विस्फोट किया गया और जो वहन का स्रोत बना तथा जिसमें इस मामले में प्रस्फुटन हुआ। पानी की गैस की विस्फोटन में प्रकोप की मात्रा स्पष्ट हो जाती है जो इस मामले में देखी गई, पानी की गैसे से जले हुए स्लेटी पत्थर और खंगर के अधिक स्थान में छितराना भी प्रकट होता है। इससे यह भी पता लगता है कि पानी की गैस से खदान-तल में जमा राख की तीव्र धारियां बनी हैं जिन्हें देखकर यह लगता है कि एक ही स्थान से राख निकली है। इस पानी की गैस से यह भी स्पष्ट होता है कि प्रस्फोट की तीव्रता, पूर्वी ऊंची दीवार पर गर्म राख का प्रभाव, एकत्र राख के फंदेदार रूप और शुष्क प्रकृति तथा कामगारों की चोटें किस प्रकार की हैं। फिर भी उन्होंने उन कठिनाईयों का उल्लेख किया जिनसे उस बड़े गढ्ढे की मौजूदगी का अनुमान किया जाता जो अपेक्षित पानी की गैस को जमा कर पाता। फंदेदार राख के लिए संपीड़न कारक लागू करने से उन्होंने राख के टन आकलित किए जो लगभग 60 से 100 टन तक बिखरी हुई थी और इस आधार पर इस मामले में ऊर्जा का निष्कासन आकलित किया गया जो 15 लाख बी०टी०यू० से भी कम था। उन्होंने प्रति घनफुट पानी की गस की ताप ऊर्जा को 350 बी०टी०यू० माना और हवा तथा पानी गैस के मिश्रण की संभावना पर भी विचार किया। यह गैस दबाव के कारण खाली स्थान में रह गई थी और इस प्रकार खाली स्थान की आवश्यकता को और भी कम कर दिया गया था। उनके मतानुसार इस तात्कालिक मामले में आवश्यक पानी-गैस और वायु के मिश्रण की कुल आयतन कम से कम 385 एम3 की आवश्यकता होगी। यदि इस मिश्रण का ऊंचे दबाव तक सीमित किया जाए तो आयतन की आवश्यकता कम होगी जो परिरोध के दबाव पर आश्रित है।

21. अन्य दलों द्वारा प्रस्तुत किए गए मामले:

21.1 तालचेर कोयला खान मजदूर संघ (टी०सी०एम०एस०) को छोड़कर अन्य 7 दलों ने कोई भी विशेष मामला प्रस्तुत नहीं किया। उनमें से तीन दल सामान्यतया खान सुरक्षा महानिदेशालय (डी०जी०एम० एस०) के निष्कर्षों से सहमत थे।

21.2 ता०को०म०सं० (टी०सी०एम०एस०) ने जिरह करते समय एक मामला प्रस्तुत किया। उनके मतानुसार पानीगैस के विस्फोट की संभावना बिल्कुल ही खारिज कर दी गई और दुर्घटना के लिए यह बताया गया कि यह दुर्घटना निस्संदेह भू-स्खलन से हुई है। उन्होंने अपने विचार की पुष्टि के लिए सविस्तार आकलन प्रस्तुत किए हैं। अन्य बातों के साथ-साथ कतिपय अनुमानों के आधार पर आकलन किए गए हैं जो इस प्रकार हैं:--

(क) स्खलित सतह के किनारे भिन्न का गुणांक शून्य था;

(ख) स्खलन के तले पर स्खलित हुई मिट्टी के कण ने लगभग 24 एम/सैकिंड की तीव्र गति प्राप्त की जिनके फलस्वरूप वह कण राख में बदलकर चूर्ण-चूर्ण हो गया और लगभग 24 एम/सैकिंड की तीव्र गति से वायु में बिखर गया अर्थात इसकी वही तीव्र गति थी जिससे धूल का बादल बन जाता है;

(ग) स्खलित पदार्थ के कण तल पर पहुंचकर 24 एम/सैकिंड की गति प्राप्त कर चुके थे, समतल/खदान की पट्टी से हट गए थे और किसी भी दिशा में उसी तीव्र गति से प्रक्षेपकों के रूप में उड़ने लगे थे; और

(घ) स्खलित पदार्थ के कण जो तल पर पहुंचकर 24 एम/सैकिंड की तीव्र गति प्राप्त कर चुके थे, खदान के तले में खिसकने लगे और उनकी गति 21 एम/सैकिंड थी यद्यपि उनकी दिशा 45 बदल गई थी।

21.3 मुझे आशंका है कि जो अनुमान और निष्कर्ष निकाले गए, वे देखे गए तथ्यों और वैज्ञानिक विश्लेषण के साथ मेल नहीं खाते।

22. केन्द्रीय खनन अनुसंधान केन्द्र (सी०एम०आर०एस०) द्वारा प्रस्तुत मामला :

22.1 के०ख०अ०के० (सी० एम० आर० एस०) ने सर्वप्रथम इस दुर्घटना की संभावना पर विचार किया जो भू-स्खलन के कारण हुई थी। उन्होंने यह अनुमान लगाया कि 24 मीटर मोटी कोयले की परत बिल्कुल ही जल गई है जिसके फलस्वरूप मूल आयतन घटकर मात्र एक तिहाई रह गया है (क्योंकि कोयला में 30 से 35 प्रतिशत तक राख की मात्रा रह गई है।) यदि सभी परिस्थितियां अनुकूल मान ली जाएं तो स्खलित पदार्थ की तीव्र गति 18 मिनट प्रति सैकिंड से अधिक नहीं हो सकती। यदि यह मान लिया जाए कि प्रत्येक खंगर ने इस प्रारंभिक तीव्र गति को प्राप्त कर लिया है तो 45° के कोण पर अक्षेपित अधिकतम उछाल 33 मीटर तक ही होगा इसलिये उनके मतानुसार 33 मीटर के बाद फेंके गये या छितराए हुए पत्थर/टुकड़ों से यह संगत नहीं लगता कि यह घटना केवल भू-स्खलन और प्रक्षेपित निष्कासन से हुई है इसलिये उन्होंने यह निष्कर्ष निकाला कि एक प्रस्फुटन भी हुआ था।

22.2 जब वे प्रस्फोट के कारण का पता लगा रहे थे तो उन्होंने ऐसी प्रक्रिया का अनुसरण किया जिसके अनुसार सर्वप्रथम यह सुनिश्चित किया कि यह भी नहीं हो सकता। उन्होंने भ्रंश तल के साथ मेथैन गैस के एकत्र होने और ज्वलनशील गैसों के उत्पादन तथा कोयले के आसवन द्वारा उत्पन्न मेथैन गैस की संभावना के बारे में विचार किया और उसके बाद इन संभावनाओं को भी रद्द कर दिया। मेथैन गैस के विस्फोट की संभावना बहुत कम थी क्योंकि गैसे पूर्ण सस्तरों का कोई इतिहास/अभिलेख नहीं है। यदि यह दोष गैस, फीडर के कारण हो था तो यह आज भी जाना जा सकता है। आसवन-उत्पाद के रूप में गैस की संभावना और ऊंचे स्तर पर इसका संचय होना संभव कारण हो सकता है लेकिन इसके विस्फोट से काफी नीचे क्षितिज से राख और खंगर निकलने की संभावना नहीं है। उन्होंने अपनी बात को अधिक स्पष्ट करते हुए यह भी कहा कि ऐसी छिछली गहराई और उच्च पारगम्यता के अधिक भार के अन्तर्गत गस के फंसने का बहुत ही कम अवसर होता है।

22.3 उन्होंने कोयला धूल के विस्फोट की संभावना पर भी विचार किया। उनकी रिपोर्ट में भ्रंश तल में खराब बेंचियां और रोज की उपस्थिति का उल्लेख है जिसमें बारीक कोयला धूल मिली हो सकती है। आग और शुष्क मौसम के प्रभाव के अन्तर्गत धूल में अधिक छितराव हो सकता है। भू-स्खलन से भ्रंश-तल दिख सकता है जहां धूल जम गई थी जिसके फलस्वरूप कोयले की धूल के बादल बन गये थे। जलते हुए कोयले की उपस्थिति से इस धूल का विस्फोट प्रारंभ हो सकता है जो उग्र शक्ति के साथ फट सकता है, जिसका अधिक तापमान हो सकता है और उच्च ताप का विकास हो सकता। फिर भी ऐसी परिस्थिति में अन्य बातों के साथ-साथ कोयला धूल का विस्फोट इस घटना के देखे गये लक्षणों के प्रति संतोष व्यक्त नहीं करता।

(क) कोयले के झुलसने और राख के गोलों के निर्माण आदि के चिन्ह दिखाई नहीं दिये हैं।

(ख) कोयला धूल के साथ विस्फोट की जवन्य स्थिति बहुत ही भयंकर रही और इसकी किसी भी प्रकार से उपेक्षा करने की संभावना नहीं है।

(ग) आग के क्षेत्र से उठने वाले टुकड़ों और राख के छितराव की संगतता इससे सिद्ध नहीं होती है।

(घ) कोयले की काली राख इस परिणाम का सबसे अधिक महत्व का सर्वोच्च कारण होना चाहिये।

इन लक्षणों में से किसी भी लक्षण की पुष्टि अलग-अलग स्रोतों से प्रस्तुत किये गये साक्ष्य से नहीं होती है।

22.4 इसके बाद उन्होंने कुचली हुई और पारगम्य कोयला संस्तर के प्रवचालित उत्तेजन पर भी विचार किया जो उनके मतानुसार यह कहा जाता है कि गैस का बाह्य प्रवाह 20 गुना तक बढ़ गया था। पिछले दिनों में वर्षा के कारण इस उत्तेजन के लिये परिस्थितियां पैदा हो गई थी। परन्तु उन्होंने इस संभावना को रद्द कर दिया क्योंकि गैसों को अपेक्षाकृत ऊपर उठने की अधिक स्वतंत्रता थी क्योंकि जमीन में भ्रंश थे और यह गैस उस स्थान तक नहीं गई जहां आग लगी थी और जहां से राख और अंगार निकलते हुए बताए गये हैं।

22.5 उन्होंने यह भी विचार किया कि इस घटना का कारण वाष्प की उपस्थिति भी हो सकती है। वर्षा का पानी दरारों या सुराखों में से निकलकर भ्रंशतल के साथ फैल सकता है क्योंकि भ्रंशतल में साधारणतया अधिक पारगम्यता थी। पानी का तापमान जगह जगह आग की उपस्थिति और अलग अलग क्षितिजों में धीरे-धीरे बढ़ सकता है। वर्षा के पानी के बहाव के बाद चैनल बन्द हो गया जब पानी वाष्प में बदलने लगा और इस प्रकार वाष्प का आयतन पानी के आयतन की अपेक्षा 1700 गुना अधिक हो सकता है। वाष्प खदान की ओर बहने लगी जहां भ्रंशतल और जले हुए किनारे का अन्तराल बहुत कम होता गया। वाष्प में उपलब्ध यंत्रीकृत बल से राख और अंगार यंत्रीकृत रूप से निकले होंगे। इस प्रक्रिया में न तो कोई आग की लपट और न कोई आवाज होनी चाहिये बल्कि इसे अपेक्षाकृत कम शक्ति और उष्मा का होना चाहिये क्योंकि फ्रैक्चर/भ्रंश क्षेत्र के किनारे बहुत अधिक दबाव पैदा नहीं हो सकता। इसलिये इस कारण से 1.5 किलोग्राम के भार तक के छितरे हुए अंगारों का 130 मीटर की दूरी तक पहुंचना संभव नहीं है।

22.6 अंत में उन्होंने पानी--गैस विस्फोट की संभावना पर विचार-विमर्श किया और इसको एक संभावना माना। मैं उनकी रिपोर्ट का संगत अंश उद्धृत करता हूं:

"गर्म पानी या वाष्प जलते हुए कोयले पर से गुजर सकती है और यह कोयला भ्रंशतल तथा आग की जगह में पैदा हो सकता है। यह पानी की गैस में परिवर्तित हो सकता है। इस गैस की कम मात्रा वृहत् विस्फोटन--सीमा (5.70 प्रतिशत) के साथ आग द्वारा निर्मित गड्ढे में बहुत गहराई में विस्फोटित हो सकती है और पंजे के आकार के क्षेत्र में जली हुई राख और अंगारों का छितराव प्रारंभ कर सकती है जैसा कि खनिकों ने रिपोर्ट की है।

इस मामले में धुएं का रंग धुंधला भूरा हो सकता है (राख के के रंग के समान हो सकता है) उष्मा अपेक्षाकृत अधिक गंभीर नहीं होगी लेकिन पहले से ही गर्म की गई राख के स्थान का कुल मिलाकर तापमान अधिक हो जायेगा क्योंकि उसकी उष्माक्षेपी प्रतिक्रिया होती है। इससे यह न्यायसंगत लगता है कि अधिक उष्मा, धुआं या आवाज के बिना ही 90 मीटर की दूरी पर ही हताहत जल गये हैं।

खुली खान में इस प्रकार के पानी-गैस के विस्फोट का होना अपने जैसा ही है और हम किसी भी पुरानी घटना के खोजने में असमर्थ हैं परन्तु परिस्थितियों के साक्ष्य से इस मामले में विचाराधीन घटना की संभावना है।"

23. केन्द्रीय ईंधन अनुसंधान संस्थान (सी०एफ०आर०आई०) द्वारा प्रस्तुत मामला:

23.1 के०ई०अ०सं० (सी०एफ०आर०आई०) ने ज्वलनशील गैस के विस्फोट के अलावा किसी भी संभावना पर विचार नहीं किया इसलिये यह अनुमान किया जाता है कि उन्होंने अपने आप हो भू-स्खलन कोयला-धूल अथवा वाष्प के विस्फोट अथवा वाष्प आदि किसी में भी संभाव्य कारण नहीं माना है। उनकी रिपोर्ट का सारांश इस प्रकार उद्धृत किया जाता है:

"प्रमुख खदान के कहीं न कहीं दक्षिणी भाग में आग के क्षेत्र में बराबर घटनाओं से जगन्नाथ कोयला खान में दुर्घटना हुई है। इस स्थान में अपने आप ही आग का लग जाना और उसका प्रसार होते रहना मई 1970 से बताया गया है लेकिन स्वयं इससे ही गंभीर प्रस्फोट और विस्फोट नहीं हो सकता जब तक कि अन्य घटनाएं बारबार न हों और इस स्थिति को उत्पन्न करने वाला कुछ न कुछ कारण न हो।

यह क्षेत्र आग के अंतर्दहन से अपने आप ही उत्पन्न राख और अंगारों से धीरे धीरे ढक गया है और बाद में पुराने कार्य स्थलों से छूटे हुए खुले पदार्थों द्वारा गिरे हुए और धीरे धीरे सूखे हुए पत्थरों के मलबे की बड़ी मात्रा से ढक गए होंगे। इसके अलावा अन्तर्दहन आग का स्थान कोयले के स्थल से बहुत नीचे तक घुस गया है जो वृहद् भ्रंशतल द्वारा घटनाग्रस्त क्षेत्र में स्थित है।

इस प्रकार आग के क्षेत्र में अधिक वस्तुओं के फटने से कोयले के स्थल के अन्दर और उसके ऊपर कई रासायनिक प्रतिक्रियाएं हुई, अर्थात् दहन, उन गैसों के लगातार उत्पन्न होने से गैस--निर्माण और कार्बनीकरण--जिसने आग के क्षेत्र में बहुत गहराई में काफी अधिक दबाव पैदा कर दिया। इसके परिणामस्वरूप जब जटिल दबाव पैदा हुआ तो पत्थर के मलबे को ढकने वाली उपरी सतह बहुत जोर से उड़ गई जिसके कारण मलबा निकलने का एक खुला स्थान बन गया और गैस--क्षेत्र में हवा के एकाएक घुलमिल जाने से दबाव के कारण उच्च अन्तर्दहन वाली गैस के मिश्रण का विस्फोट हुआ अर्थात् मेथेन वायु, कार्बन, मोनोआक्साइड वायु और हाइड्रोजन वायु आग के स्थल की बहुत गहराई में शायद इस प्रकार का विस्फोट पत्थर के मलबे की भारी मात्रा को खिसकाने और अधिक आयतन में बहुत गर्म बेकार गैस की निकासी जिसके साथ महीन गर्म राख की धूल के कण और अंगारे शामिल हो गए थे जो ऊपर की ओर प्रक्षेपित हुए तथा जिसके कारण बेचारे हताहत जल भुन गए।"

23.2. के० ई० अ० सं० (सी० एफ० आर० आई०) रिपोर्ट पर आलोचना करते हुए के० को० लि० (सी० सी० एल०) ने यह दलील दी कि यदि कोयले के पायरोलिसिस के उत्पादन दबावोत्कारी ढंग से घेर लिए गए थे जिससे कि गैस बाहर नहीं जा सकती थी। परिणामस्वरूप दबाव में वृद्धि हो गई। इसका आवश्यक रूप से प्रभाव यह हुआ कि कोई भी वायु इस क्षेत्र में यहीं घुस सकी। इसलिए कोयले का जलना अपने आप ही बंद हुआ होगा और समय के अन्तराल में आग बुझी होगी। के०ई० अ०सं० (सी०एफ०आर०आई०) ने जो सैद्धान्तिक प्रतिपादन किए हैं उनके आधार पर गैस की पाशबद्धता गैस के निर्माण की संभावना को खारिज करती है। मैं के०को०लि० (सी०सी०एल०) द्वारा अभिव्यक्त परामर्श से सहमत हूं।

23.3. सारांश के अंतिम अनुच्छेद में के०ई०अ०सं० (सी०एफ०आर० आई०) ने भीतर से गैसों के उच्चदाब के कारण आवरण के फटने और इसके परिणामस्वरूप गैस क्षेत्र में वायु के आकस्मिक अंतः स्फोट की कल्पना की जिससे दाब के फलस्वरूप गैस मिश्रण का विस्फोट हुआ। मैं यह नहीं समझ पाया कि कोटर में वातावरण से वायु का अतः स्फोट और तिस पर भी दाब के फलस्वरूप गैस मिश्रण का परिणामी विस्फोट कैसे हो सकता है। इसके अतिरिक्त इसमें भिन्न रूप से दो समान घटनाओं पर विचार किया गया है, यथा--राखसहित सामग्री का निष्कासन जिसमें थोड़े समय के अंतराल के बाद विस्फोट हुआ था। ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जिससे यह ज्ञात हो कि दो प्रस्फोट हुए थे। उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए मैं यह उचित नहीं समझता कि के०ई०अ०सं० (सी०एफ०आर० आई०) के मामले पर संभाव्यता के रूप में विचार किया जाए।

भाग—5

24 ओपन कास्ट खानों में अग्निकांड की समस्याएं

24.1. ओपेन कास्ट खानों में अग्निकांडों से उत्पन्न होने वाले खतरों के विरुद्ध कोयला खान विनियम, 1957 में किन्हीं सुरक्षा उपबन्धों को निर्धारित नहीं किया गया है। ओपेन कास्ट खान –सी० एम० आर० 117(3) और (4) में अग्निकांड की घटना की रोकथाम के लिए निसंदेह कुछ उपबन्ध हैं। मेरा विचार है कि विधियमों में उपबन्धों का सेट होना चाहिए। इससे पहले कि मैं ऐसे किन्हीं उपबन्धों की सिफारिश करूं मैं इस संबंध में विभिन्न पक्षकारों के बयानों पर विचार करूंगा।

24.2. के०को०लि० (सी०सी०एल०) ने अपनी दलील में बताया कि यद्यपि भूमिगत खान जहां अग्निकांड की घटनाएं CO (के उत्पादन, मेंथन फायरडैम्प) के विस्फोट या/और कोयला धूल और अन्य बाधाओं के कारण गंभीर बाधाएं उपस्थित करती हैं, उनके संबंध में विभिन्न अनुबंध हैं, फिर भी अभी तक ओपेन कास्ट खानों के संबंध में न केवल अपने देश में बल्कि विश्व के किसी भी देश में कभी भी किसी बाधा की कल्पना नहीं की गई है। उनके अनुसार स्वतः प्रवर्तित तापन की रोकथाम के लिए या अचानक शुरू होने वाले अग्निकांड को समाप्त करने के लिए कोई स्थायी हल नहीं खोजा गया है।

24.3. न्यायालय के समक्ष श्री पाणि ने अपने बयान में अग्नि पर रखी कोयला पट्टियों में वेध-छिद्रों और उनमें इस दृष्टि से पानी भरने के संबंध में कहा कि विदर सतहों और अंतरालों में से पानी फैल जाएगा। उन्होंने यह पाया कि यह प्रणाली अपनाने के पश्चात् एक सप्ताह के लिए खदान के अग्रभाग का अधिकांश हिस्सा हट गया था और इसके निकट लगे डेलचे और काम कर रहे व्यक्ति बाल-बाल बच गए। इसलिए उन्होंने यह प्रणाली त्याग दी।

24.4. श्री पाणि ने झींगुरडा में के०खा०अ०के० (सी०एम०आर०एस०) द्वारा सुझाई गई प्रणाली के संबंध में अपने अनुभवों का वर्णन किया। इस प्रणाली में कोयला पट्टी के तल को वृक्ष तेल और कोलतार को तीन एक के अनुपात में मिश्रित करके लेपा गया था। लगभग 500 मी० वर्ग क्षेत्रफल के दो खंडों पर इसका परीक्षण किया गया था। कुछेक महीनों तक यहां तक कि छह महीनों तक, आग नहीं लगी और बाद में आग लगी और जब आग लगी तो अग्नि ने और भीषण रूप धारण कर लिया क्योंकि कोलतार और दग्धतेल अति ज्वलनशील हैं। डा० टी० एन० सिंह ने यह स्वीकार किया कि झींगुरडा में जांच कार्य के निष्कर्ष निर्णायक नहीं थे और कोलतार तथा तेल से किए जाने वाले लेपन की तकनीक ज्यादा सफल नहीं थी। इस कोलतार और मल परीक्षण को छह वर्ष पूर्व स्थिर पट्टियों पर रखा गया था। लेकिन झींगुरडा में अग्नि अभी भी विद्यमान है।

24.5. के०ई०अ०सं० (सी०एफ०आर०आई०) के श्री डी० के० भट्टाचार्य ने कहा कि ऐसे कोयले (जगन्नाथ कोयला) में स्वतः निर्मित अग्नि प्रत्येक स्थान पर एक सामान्य बात है। इससे अधिक विस्तृत अग्निकांड कुछेक अन्य कोयला खानों में देखे गए हैं, यथा—सिंगरौली कोयला क्षेत्र के झींगुरडा खान में।

24.6. झींगुरडा कोयला-खान में स्वतः निर्मित अग्नि बाधाओं की समस्याओं का हल खोजने के लिए सन् 1979 में कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा के०ई०अ०सं० (सी०एफ०आर०आई०) को लिखा गया था। अंतिम रिपोर्ट में के०ई०अ०सं० (सी०एफ०आर०आई०) ने यह मत व्यक्त किया कि झींगुरडा में अग्निबाधा की समस्या आवश्यक रूप से कोयले के स्वतः निर्मित दहन के कारण उत्पन्न नहीं होती, बल्कि इसके अन्य कारण हैं। उनकी सिफारिशें नीचे दी गई हैं :

"(1) पहला काम पहले होना चाहिए, कोयला खान के बहुत-से स्थानों पर मौजूद आग को पूरी तरह बुझाकर उसे बाहर निकाल दिया जाना है। यह कार्य सरल नहीं है, फिर भी समस्या से जूझना है।

यह सुझाव दिया गया है कि खंड-खंड के हिसाब से विभिन्न क्षेत्रों का सीमांकन करके उन्हें अलग कर लेना चाहिए तथा अग्नि का सामना करके उसे बुझा देना चाहिए। स्पष्टतः, अग्निशामक उपस्करों तथा कार्मिकों को इस कार्य के लिए संगठित किया जाना है। अग्नि को खोद निकालने में इस बात की सावधानी बरतनी चाहिए कि कोई सुलगती हुई आग या ऊष्मा कहीं भी शेष न रहने पाए। संक्षेप में, यही नहीं कि दिखाई पड़ने वाली आग को पूरी तरह बुझा दिया जाना है, बल्कि सभी गर्म जगहों की जांच करके उन्हें ठंडा कर देना है।

(2) एक बार सभी अग्नियों को समाप्त करके पूरी तरह बुझा देने के बाद स्वतः निर्मित या प्रेरणमूल की अग्नि की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए अनुरक्षण, उपायों को काम में लाया जाना चाहिए ये उपाय निम्न प्रकार के हो सकते हैं:—

(क) पुरानी खदानों के अग्रभागों को, विशेष रूप से उन्हें जो कि अत्यधिक असमान हैं और जिनमें दरारें और विदर हैं और जिनमें शिथिल कोयले के टुकड़े तथा उसकी जैसी अन्य चीजें, उन पर सावधानीपूर्वक नजर रखनी चाहिए, नियमित रूप से तापमान को मानीटर करना चाहिए और कभी कभी मुक्त रूप से पानी छिड़कते रहना चाहिए। कदाचित इस प्रकार के छिड़काव की जरूरत दो तीन महीने में एकबार हो सकती है।

(ख) कोयले के छोटे ढेर, जो कि फर्शों और पट्टियों या ढालों में स्वतः बन जाते हैं और इकट्ठे हो जाते हैं, उन्हें काफी देर तक वहां नहीं रहने देना चाहिए और कम से कम तीन महीने से अधिक तो उन्हें कतई नहीं रहने देना चाहिए। यदि किसी कारणवश समय पर उन्हें हटाना संभव न हो पाए तो उनका तापमान मानीटर करना चाहिए और जब कभी आवश्यक समझा जाए, मुक्त रूप से पानी का छिड़काव करना चाहिए।

24.7. इन सिफारिशों का कार्यान्वयन सरल लगता है और स्पष्टतः ये उन संस्तरों पर अनुप्रयुक्त होती हैं जो कि स्वतः निर्मित तापन के लिए अधिक अतिसंवेदनशील नहीं हैं। मेरी समझ में नहीं आता कि इस गंभीर बाधा के सरल हलों के बावजूद अग्निकांडों की संख्या बढ़ रही है। जैसा कि पैरा 24.5 में उल्लिखित है, श्री भट्टाचार्य ने स्वयं यह स्वीकारा है कि जगन्नाथ की अपेक्षा झींगुरडा में अधिक विस्तृत अग्निकांड हुए थे।

24.8. डा० टी० एन० सिंह ने कहा कि आग की रोकथाम की समस्या केवल कोल इंडिया लिमिटेड की ही नहीं है। यहां तक कि संयुक्त राज्य अमरीका में भी आवरण की उथली गहराई के नीचे मोटे संस्तरों में भी इस प्रकार की समस्याएं विद्यमान हैं। उन्होंने यह स्वीकारा कि हम अभी भी अंतिम हल को खोज निकालने में सक्षम नहीं हो पाए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में कोयला खानों में अग्निकांड दो सौ वर्षों से अधिक समय से होते आ रहे हैं लेकिन यह "इस प्रकार की परिस्थितियों को रोकने में प्रौद्योगिकीय असफलता ही थी।" खानों में अग्निकांडों को रोकने के लिए (यथा-स्वतः निर्मित तापन की घटना का नियंत्रण) अभी भी उचित प्रौद्योगिकी का विकास होना बाकी है। उन्होंने यह भी कहा कि कोयला संस्तरों में संपर्क अग्नि, जो कि स्वतः निर्मित तापन के प्रति अति संवेदनशील नहीं हैं, उसे बुझाने और खोद निकालने की प्रक्रिया से नियंत्रित किया जा सकता है और आवश्य ही यह अकेले ही मोटे निम्न गुणवत्ता वाले संस्तर में (जो कि जगन्नाथ कायला खान की भांति ही स्वतः निर्मित तापन के प्रति अतिसंवेदनशील हैं अग्निकांडों को नियंत्रित करने में प्रभावी उपाय नहीं होंगे।

24.9. डा० टी०एन०सिंह की स्वीकृति के अनुसार के०को० लि० (सी०सी०एल०) ने के०खा०अ० केन्द्र (सी०एम०आर०एस० को,

पट्टियों में कोयले के स्वत: निर्मित तापन को रोकने के उपायों के बारे में खोज करने के लिए लिखा था लेकिन स्पष्टतया इस बारे में कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया है ।

24.10. न्यायालय द्वारा पूछे जाने पर डा० सिंह ने कहा कि खान में अग्नि की समस्या का खंडश: हल निकालना संभव नहीं है । उन्होंने बताया कि बीस सालों से वे तत्कालीन कोयला बोर्ड और बाद में कोल इंडिया को धरातल आच्छादन आप्लावन और सीलबंदी के जरिए अग्निकांडों का सामना करते हुए देख चुके हैं । अभी भी इस मामले में हम सफलता प्राप्त नहीं कर पाए हैं । उन्होंने कुछेक सफल और अंशत: सफल मामलों का हवाला दिया और यह कहा कि किसी भी तरीके से यह प्रतीत नहीं होता कि उनमें से कोई भी तरीका दोषमुक्त और अग्नि-नियंत्रण करने में अचूक है । इस समस्या की व्यापकता को दिखाने के लिए उन्होंने बताया कि अकेले झरिया कोयला क्षेत्र में तीस लाख रुपए मूल्य का उत्कृष्ट कोककर कोयला जल गया था ।

24.11 न्यायालय के समक्ष दिए गए श्री के० पाल के बयान के अनुसार म०खा०सु० (डी०जी०एम०एस०) अग्निकांड को रोकने के उपायों को सुझाने में सक्षम नहीं है । म०खा०सु० (डी०जी०एम०एस०) रिपोर्ट से भी यह ज्ञात होता है कि जगन्नाथ कोयला खान में विद्यमान परिस्थितियों में अग्नि को प्रभावी रूप से नियंत्रित करने को आर्थिक रूप से व्यवहार्य उपाय नहीं है । उन्होंने स्वत: निर्मित तापन के प्रति संवेदनशील और असंवेदनशील कोयले के बीच भिन्नता दिखाई और यह सुझाव दिया कि अग्नि को रोकने के लिए प्रारंभिक चरण में ही तत्काल कदम उठाए जाने चाहिए । उन्होंने अग्नि के उत्पन्न होने की रोकथाम पर अधिक बल दिया और साथ ही साथ इसके लिए एक अग्निशमन समिति का गठन करने की सिफारिश की । तत्कालिक उपाय के रूप में उन्होंने अग्नि के उत्पन्न होने को कम करने/रोकने के निम्न उपाय सुझाए :

(क) सभी टूटे कोयले को हटा दो या असामान्य क्षेत्रों में काम करते समय उसे कतई अनावृत न करो ।

(ख) अग्रभाग का कोयला तीव्रता से निकाला जाए ।

(ग) वायु की पहुंच को रोकने के लिए छोड़े हुए अग्रभागों का प्रतिसारण और उनका रसायन से उपचार ।

(घ) लगातार छिड़काव के लिए स्वचालित स्प्रिंकलर ।

भाग 6

25 तथ्य

25. घटना का विश्लेषण करने से पूर्व संगत तथ्यों को, जो निम्नांकित हैं, सूचीबद्ध करना उपयोगी होगा :--

25.1. दक्षिण खदान के अग्रभाग से गर्म कोयला राख और खंगर बाहर निष्कासित हुए थ ।

25.2. राख और खंगर के छोटे टुकड़े पंखे जैसे आकार के क्षेत्र में फैले हुए थे जिसका बाहरी अवखंड 213 मी० और अर्धव्यास 90 मी० था ।

25.3. खंगर का आकार 6 से०मी० से 8 से०मी० तक था यद्यपि उनमें से एक, जिसका वजन 1.5 कि०ग्रा० था, उसके संबंध में यह दावा किया गया था कि वह 130 मी० की दूरी पर फेंक दिया गया था । मलबा और राख का अधिक बड़ा भाग दक्षिण अग्रभाग के निकट कोयले के ढेर तक था ।

25.4. बाहर निकाली गई राख खदान फर्श से 60 मी० या उससे अधिक ऊंचाई तक उठी हुई थी जैसा कि वह 400 मी० की दूरी से दिखाई पड़ती थी । घटना के समय कोई गोचर वायुवेग नहीं था ।

25.5. राख की मोटाई 25 से०मी० से 0.5 से०मी० तक थी जो कि खदान तल पर सीधे जमा होने वाली राख और वायु में ऊपर उठी राख जो कि बाद में जमा हो गई थी--इन दोनों का सम्मिश्रण थी ।

25.6 वहां कोई सुस्पष्ट ध्वनि नहीं थी यद्यपि सामग्री के बाहर निकालने के बाद वहां "हको" हको के समान एक सुस्पष्ट ध्वनि हो रही थी (मानों किसी गैसीय पदार्थ को अपेक्षाकृत छोटे छेद से बाहर निकाला जा रहा हो) ।

25.7 खदान के लगभग 900 मी० दक्षिणी भाग के अग्रभाग में 1977 से आग लगी हुई थी । इसका फैलाव 270 मी० की लम्बाई तक था और यह टुकड़ों में था । कोई भी गवाह इस संबंध में विशिष्ट मत व्यक्त नहीं कर सका कि आग कितनी भीतर की ओर गहराई तक फैल सकी थी । के० ई० अ० सं० (सी० एफ० आर० आई०) विशेषज्ञ साक्ष्य का मत था कि कोयले की प्रकृति पर विचार करते हुए ऐसा लगता है कि यह 15 मी० भीतर तक पहुंच सकी होगी । म० खा० सु० (डी० जी० एम० एस०) के अनुसार निचली पट्टी में अग्नि 6 मी० 7 मी० तक पहुंच सकी होगी ।

25.8 घटना स्थल पर खदान 52 एम गहरी थी जिसमें दो अनुमानित सुस्पष्ट कोयला पट्टियां थीं जिनका निचला और ऊपरी भाग क्रमश: 6 एम और 10 एम ऊंचा था । कोयले के अग्रभाग का बचा हुआ हिस्सा छोटी ऊंचाई और चौड़ाई की अनियमित पट्टियों का था । उस हिस्से की समस्त ढलान क्षैतिज सहित 38° थी । मखरला मृदा की अतिभारित पट्टी और भूमि 12 मी० ऊंची थी । अतिभारित पट्टी का निम्न भाग कोयला संस्तर के शीर्ष से लगभग 9 मी० और अतिनिम्न पट्टी के निम्न भाग से 80 मी० दूर था । कोई भी स्पष्टतया यह बात बताने की स्थिति में नहीं था कि तल 2 की पट्टियां दुर्घटना से पूर्व नियमित आकार की थीं ।

25.9. दुर्घटना के बाद खदान का समस्त स्थल 20 मी० की दूरी पर स्खलित पाया गया था ।

25.10. अतिनिम्न पट्टी के निम्न भाग से 18 एम दूर तक 4.5 मी० ऊंचा कोयला ढेर था । कोयला ढेर और अतिनिम्न पट्टी के निम्न भाग के बीच का घाटी जैसा भाग काफी मोटी परत की राख, बड़े आकार जले हुए पत्थरों के टुकड़ों और खदान के शीर्ष से नीचे गिरे मखरला गोल पत्थरों से भरा हुआ था ।

25.11. कोयला संस्तर जिसका वाष्पशील द्रव्य (वी० एम०) 24 प्रतिशत था, वह तुलनात्मक रूप से अगैसीय था ।

25.12. दुर्घटना से पहले चार दिनों में 162 मिलीमीटर वर्षा हुई थी । यद्यपि खदान से वर्षा के पानी की निकासी के लिए गोलाईनुमा नाली थी, फिर भी खदान के किनारे के साथ-साथ के प्रमुख भूमि-दरारों के जरिए और भूमि रिसने के कारण पर्याप्त जल की मात्रा अग्नि के संपर्क में आ गई होगी ।

25.13. इस दुर्घटना के एक वर्ष पूर्व, यथा--जून 1980 में कम से कम एक घटना ऐसी हुई थी जिसमें एक छोटी लम्बाई और ऊंचाई में कोयला स्थल के स्खलन के परिणामस्वरूप गर्म राख हवा में 6 मीटर की दूरी और 8 मीटर की ऊंचाई तक उठी थी ।

25.14 घटना के तुरन्त पूर्व 4/5 मी० की ऊंचाई पर दक्षिण स्थल के अग्रभाग में थोड़ी-सी हरकत हुई जिसके बाद स्थल में सामान्य उथल-पुथल हुई थी । इस प्रकार का कोई विशिष्ट साक्ष्य नहीं था कि गर्म राख और सामग्री के बाहर निकलने से पूर्व सहसा दक्षिण स्थल का अग्रभाग सरका था । खदान अग्रभाग की 4/5 मी० की ऊंचाई पर देखी गई थोड़ी-सी प्रारंभिक उथल-पुथल और गर्म सामग्री के निकलने के बीच के समयांतराल का ठीक-ठीक अनुमान लगाना संभव नहीं था, सिवाय इसके कि यह कुछेक सेकेंडों के बीच ही घटित हुआ था ।

25.15. दुर्घटना के 20 दिन पूर्व अतिनिम्न पट्टी के निम्न भाग से 10/12 मी० की दूरी पर खदान फर्श में सुरक्षात्मक के लिए 2500 कि० ग्रा० के अग्निविस्फोटकों का धमाका किया गया था ।

25.16. राख और अंगरों के प्रयोगशाला में किए गए विश्लेषण से यह पता चला कि अग्नि में व्यावहारिक रूप से समस्त कार्बनमय पदार्थ खत्म हो गए थे। बाहर निकली हुई गर्म राख का ठीक-ठीक तापमान अनुमानित करना संभव नहीं था। दुर्घटना में फंसे कामगारों के कपड़े जल/झुलस गए थे और उनकी खाल भी उतर गई थी। चिकित्सा साक्ष्य के अनुसार 55° सें० ग्रे० पर तापित सामग्री यदि एक मिनट के लिए सक्रिय रहे तो दिखाई पड़ने वाले छाले आदि पड़ सकते है।

26. विश्लेषण :

26.1. मैं दुर्घटना की स्थिति का इससे अधिक सही-सही मूल्यांकन करने की स्थिति में नहीं था क्योंकि दुर्घटना स्थल का प्रथम निरीक्षण दुर्घटना के बाद 5-1/2 महीने बीच जाने के पश्चात् 12-11-81 को ही किया गया था, जबकि अधिकांश स्थल साक्ष्य या तो नष्ट हो गया था या गंभीर रूप से अस्त-व्यस्त हो गया था। वास्तव में तब तक खदान में पर्याप्त रूप से पानी भर गया था, इसलिए घटना का विश्लेषण अधिकांश रूप में गवाहों के साक्ष्यों और प्रलेखों के आधार पर ही किया जा सका है।

26.2. निम्न कारण एकल या संयुक्त रूप में घटना के लिए जिम्मेवार रहे होंगे :

1. विस्फोटकों के पुराने आवेश का अचानक दगना :

जैसाकि इस घटना में देखा गया, पर्याप्त उच्च आवेश यथा लगभग 500 कि० ग्रा० से विस्फोटित पदार्थ, 90 मी० तक की लम्बी दूरी तक फेंके जा सकते हैं, लेकिन ऐसी संभाव्यता को निम्न कारणों से नकार दिया गया है :

(क) बाहर फेंके गए पदार्थ में राख की अपेक्षा विस्फोटित पदार्थ, यथा—कोयला और/या मखरला अतिभारित चट्टानें प्रचुर मात्रा में होनी चाहिए थी, जबकि ऐसा नहीं था। इसके अलावा विचारित विस्फोटक धमाके में बाहर फेंकी गई सामग्री का पंखाकार क्षेत्र में बिखराव संभव नहीं है।

(ख) 500 कि० ग्रा० के विस्फोटकों के विस्फोट को बहुत-से गोल, सूराखों तक ही सीमित रहना चाहिए था और जो बिना दगे गोला सूराख बच गए थे और अनदेखे रह गए थे, उनकी गणना करना संभव था।

(ग) गोला सूराखों में यदि एक या दो अनदागे आवेश अनदेखे रह जाते तो तीन वर्ष से जल रही अग्नि से वे बहुत पहले ही विस्फोटित हो जाते। क्योंकि गोला सूराख सामान्यतः पट्टियों के किनारों के नजदीक समूह में होते हैं।

के० ई० अ० सं० (सी० एफ० आर० आई०) और के० खा० अं० (सी० एम० आर० एस०) के द्वारा इस संभावना पर बिल्कुल ही विचार नहीं किया गया है। म० खा० सु० (डी० जी० एम० एस०) और के० को० लि० (सी० सी० एल०) दोनों ने ही इस पर विचार किया है और इस संभावना को नकार दिया है।

2. ज्वलनशील गैसों का विस्फोट :

दो वैज्ञानिक संघटनों, यथा--केन्द्रीय खान अनुसंधान केन्द्र और केन्द्रीय ईंधन अनुसंधान संस्थान ने मेरे अनुरोध पर अपनी राय व्यक्त करते हुए इस प्रकार के कारण की संभावना पर बल दिया जिससे यह दुर्घटना हुई थी। के० खा० अ० के० (सी० एम० आर० एस०) ने पानी गैस ($CO+H_2$) के विस्फोट को अधिक विश्वसनीय माना जबकि के० ई० अ० सं० (सी० एफ० आर० आई०) ने यह विचार व्यक्त किया कि पानी गैस के अलावा ज्वलनशील गैसें, विशेषतया मैथेन गैस ने भी विस्फोट में अपनी भूमिका निभाई होगी। अन्य दो संघटनों ने, यथा--खान सुरक्षा महानिदेशालय (म० खा० सु०) और प्रबंधक वर्ग ने भी पानी गैस विस्फोट की संभाव्यता पर अधिक बल दिया और इस बात को नकारा नहीं कि अन्य कारकों ने भी इस घटना में अपना योगदान किया है।

अनुबंध-1 में दी गई गणना से पानी गैस की अपेक्षित मात्रा का विस्फोट करने के लिए रिक्तता का कम-से-कम घनत्व लगभग 5500 मी०^3 होना चाहिए, यथा—30 मी० × 30 × 6 मी० की रिक्तता। अग्नि क्षेत्र के भीतर ऐसी विशाल रिक्तता की उपलब्धता जिससे पानी गैस और वायु मिश्रण को रोका जा सके, विचारणीय नहीं है और इसे पूर्णतः नकारा का सकता है।

इसके अलावा इतनी अधिक मात्रा में आक्सीजन का प्रवेश अर्थात् वायु समावेश्य नहीं है क्योंकि वायु की आक्सीजन रिक्तता के बाहरी किनारे पर जल रही अग्नि द्वारा उपभोग करली जाएगी। अग्नि द्वारा उत्पन्न ऊर्ध्व वायु प्रवाह भी गर्म गैसों और वायु को वायु में विलीन कर देगा। ऐसा वाष्पशील द्रव्यों के मामले में और भी ठीक है जो कि कोयले में अग्नि की गर्मी से आसवित होंगे।

100 मीटर की दूरी पर भी किसी के द्वारा कोई ऊंचा धमाका नहीं सुना गया था। सुविचारित गैसों के परिमाण के विस्फोट से उच्च परिमाण में धमाका होना चाहिए था।

खदान के पार्श्व में कोयला अग्नि का तापमान 350° सें० से 500° सें० होगा। इस तापमान पर पानी गैस से बनने की संभावना नहीं है। और यदि यह बनेगी भी तो यह बहुत कम मात्रा में होगी।

इसलिए पानी गैस और/या पानी गैस तथा केवल कोयले के अन्य विस्फोटक गैस घटकों के मिश्रण द्वारा हो यह घटना घटी हो इसे पूर्णतः नकारा जा सकता है।

के० ई० अ० सं० (सी० एफ० आर० आई०) ने गैसों के विस्फोट के अलावा अन्य किसी संभावना पर विचार नहीं किया। म० खा० सु० (डी० जी० एम० एस०) रिपोर्ट में यह कहा गया है कि सभी बातें असंभाव्य लगती है और श्री के० पाल ने अपने साक्ष्य में कहा कि पानी गैस का विस्फोट कम-से-कम असंभाव्य दिखाई पड़ता है। के० खा० अ० के० (सी० एम० आर० एस०) की निरास प्रक्रिया द्वारा इसी निष्कर्ष पर पहुंचा, लेकिन के० खा० अ० के० (सी० एम० आर० एस०) या के० ई० अ० सं० (सी० एफ० आर० आई०) ने गैस के अपेक्षित वास्तविक घनत्व की गणना करने की कोशिश नहीं की है। उन्होंने विकसित दबाव की भी गणना नहीं की। मैंने बाद में इस रिपोर्ट में उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर वास्तविक गणना करके यह दिखाया है कि यह दबाव लगभग वर्ग इंच होना चाहिए। इस प्रकार का उच्च दबाव गैस से विस्फोट से विकसित नहीं किया जा सकता।

श्री के० पाल ने पानी गैस के अपेक्षित घनत्व पर कुछेक गणनाएँ की है। हालांकि उनके आंकड़े (110मी०^3 से 150 मी०^3) मेरे द्वारा निकाले गए आकड़ों से कम थे, फिर भी उन्होंने अपने साक्ष्य में कहा कि पानी, गैस विस्फोट को स्वीकार करने में मुख्य कठिनाई विवरण में इतने बड़े घनत्व में इसका संघटन था। उन्होंने आगे कहा कि हालांकि हम उचित समय पर इसके भंडारण और निकासी की किसी तरह व्याख्या कर सकते है, लेकिन पानी गैस के संघटन का रसायन विज्ञान हमें इस बात पर विश्वास करने को मजबूर करता है कि इस प्रकार की गैस का संघटन केवल थोड़ी मात्राओं में हुआ होगा उनके द्वारा प्रयोग किए गए "किसी तरह" शब्द को नोट किया जाना चाहिए।

के० को० लि० (सी० सी० एल०) ने अपनी दलील में कुछेक आंकड़े प्रस्तुत करके दावा किया कि पानी गैस की एन० टी० पी० पर 70 से 40^3 तक का घनत्व इस प्रकार का विस्फोट के लिए काफी है। यह आधार कि इस घटना में निर्मुक्त कुल ऊर्जा 150 लाख बी०टी० यू० से कम थी, अपने आप में गलत था जैसा कि अनुबंध-8 में दिखाया गया है, तकनीकी निर्धारण द्वारा कुल निर्मुक्त ऊर्जा 180 लाख बी० टी० यू० परिमाण की थी।

3--बाष्प के द्वारा

खंगर का डेढ़ कि० ग्रा० (3.3 पौंड) का टुकड़ा 103 मीटर (400 फुट) की दूरी पर बाहर गिरा हुआ बताया गया था। टुकड़े को समान भुजाओं वाला घन मानें जिसकी एक भुजा का क्षेत्रफल 70 वर्ग से० यथा --11 वर्ग इंच है तो एक भुजा के कोनों को गोल करने पर उसका क्षेत्रफल 6 वर्ग इंच (38.7 वर्ग से० मी०) आंका जा सकता है।

सूत्र से 9-1/2 फु०² से जहां s= तय की गई दूरी, f= फु/से०² में त्वरण और t= यात्रा का समय है जो कि गैस गणना पर अनुबंध 8 पर आंकलन के हिसाब 1.11 सैकेंड निकाला गया है'

$$f \frac{2s}{t2} \cdot \frac{2 \times 400}{(1.11)^2} = 650 \text{ फुट/सै०}^2$$

= 195 मी०/से०²

P=MP जहां P =अग्रभाग पर पड़ रहा कुल दबाव, m=पौंड में सैकेंड और f=त्वरण है।

= 3.3 × 650

∴P(पौं०/वर्ग इंच) = 357 यानी 350/PSI

जैसा कि पानी गैस विश्लेषण में उल्लिखित है, 250 फुट की दूरी पर 250t सामग्री बाहर निकालने के लिए कुल गतिक ऊर्जा = 179 लाख बी० टी० यू० होगी

∴179 लाख Btu उत्पादित करने के लिए अपेक्षित

भाप का कुल भार = 179 लाख Btu = 59666 पौंड
300

350 Psi पर एक पौंड वाष्प और 800° फा० अधिकतम 2.41 घन फुट घनत्व को घेरता है

∴भाप के लिए अपेक्षित कुल घनत्व 1,43,795 घन फुट चाहिए। राख में रिक्तता को 75 प्रतिशत के सामने मानने पर, अंतरावकाशी रिक्तता में रहनेवाली अपेक्षित भाप का कुल घनत्व 1,91,726 घन फुट (53400 लाख³) होगा पिछले तीन वर्षों से अग्नि 900 फुट (270 मीटर) की ऊंचाई पर प्रज्वलित हो रही थी और इसलिए यह अनुमान लगाया जा सकता है कि राख की मात्रा 150′ × 50′ × 26′ (45 मीटर × 15 मीटर × 7.6 मीटर) के घनत्व से अधिक थी और इससे 1,91,726 घन फुट (53400 लाख³) के कुल अन्तरावकाशी घनत्व की पुष्टि हो जाती है पानी गैस के विपरीत अंतरावकाश में वाष्प की अपेक्षित रिक्तता काफी अच्छी है।

यहां यह संदेह पदा हो सकता है कि केवल 1760 लाख³ (6215 घनफुट) सामग्री बाहर निकली थी जबकि वहां 1,91,726 फुट (53400 लाख³) वाष्प उपलब्ध थी। यह इस तथ्य से स्पष्ट हो जाता है कि एक बार निकास मार्ग बन जाने पर सीमित क्षेत्र के अंदर दबाव जल्दी से कम होने लगा और इसलिए कोयले के ढेर और खदान पार्श्व के निम्नतल के बीच, जो कि निष्कासन बिन्दु के समीप है, राख की मोटाई पश्चाकार क्षेत्रों में की अपेक्षा काफी अधिक थी। इसके अलावा अचानक प्रसरण की प्रक्रिया में पर्याप्त कार्य घर्षण, प्रक्षोभ और ऊष्मा संवहन नष्ट हो जाता है जिसकी मात्रा को इस मामले में मापा नहीं जा सकता। घटना के तुरन्त पश्चात् "रुको, रुको" जैसी ध्वनि सुनाई पड़ने पर पुन: यह ज्ञात होता है कि प्रारंभिक प्रस्फोट के पश्चात् वाष्प के निकलने की संभाव्यता अधिकांशतया निश्चित जान पड़ती है।

संक्षेप में, अधितापित वाष्प का उत्पादन और राख के अंतरावकाश में इसके रुके रहने की कल्पना भली प्रकार से की जा सकती है। सामग्री को बाहर निकालने के लिए वाष्प अपेक्षित गतिज ऊर्जा उत्पन्न कर सकती है और साथ ही जलने की चोटें पहुंचाने के लिए गर्म राख के साथ पर्याप्त ऊष्मा धारण कर सकती है। पूर्ण रूप से नहीं तो कम-से-कम बाहर निकलती वाष्प ने इस घटना के घटित होने में काफी बड़ी भूमिका निभाई होगी।

के० खा० अ० के० (सी० एम० आर० एस०) ने अपनी रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया है कि 25 से० मी० आकार तक के 1.5 कि० ग्रा० भार के खंगरों का 130 मीटर की दूरी तक फैलना केवल इसी से संभव नहीं था। स्पष्टतया उन्होंने कोई गणना नहीं की और केवल उन्होंने संतृप्त भाप का ही विचार किया है। इसलिए उन्होंने इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि इस मामले में 350 पौंड प्रति वर्ग इंच दाब की अपेक्षा की और यह दाब केवल वाष्प से विकसित किया जा सकता था। वास्तव में, उन्होंने यह कहा कि इस प्रक्रिया (यथा-वाष्प) में कोई लपट और ध्वनि नहीं होनी चाहिए जो कि उपलब्ध साक्ष्य से मेल खाती है।

श्री के० पाल ने अपने साक्ष्य में 95 पौंड प्रति वर्ग इंच पर संतृप्त वाष्प के परिकल्पित मामले पर बहस की और इसलिए उनके द्वारा निकाले गए निष्कर्ष इस मामले में लागू नहीं होते।

के० को० लि० (सी० सी० एल०) ने अपने लिखित बयान और साथ ही बहस के दौरान वाष्प के द्वारा उत्पन्न इस प्रस्फोट की संभावना का निवारण कर दिया लेकिन, जैसा कि पहले ही उल्लेख किया गया है, उन्होंने इस बात को महसूस नहीं किया कि इस मामले में 350 पौंड प्रति वर्ग दाब की आवश्यकता थी। उनकी ऊर्जा निर्गुण की गणना भी गलत साबित हुई। अपनी गणनाओं में उन्होंने अधितापित वाष्प का और राख के अंतरावकाशों में इस वाष्प के फंसे रहने पर विचार नहीं किया। इस मामले में अधितापित वाष्प से अपेक्षित उच्च दाब की व्याख्या हो जाती है और अंतरावकाशों में फंसे रहने से यह पता चलता है कि वाष्प का कितना बड़ा घनत्व उनमें संचित किया जा सकता है।

इसके अलावा किसी भी पक्षकार ने "रुको, रुको" ध्वनि की व्याख्या करने की कोशिश नहीं की है। जैसा कि मैंने पहले उल्लेख किया है, ऐसा लगता है जैसे कि कुछ गैसयुक्त सामग्री तुलनात्मक रूप से छोटे रास्ते से बाहर निकल रही थी। यह ध्वनि केवल वाष्प से ही उत्पन्न हो सकती थी।

4--सामग्री के गिरने से

कोयले के शीर्ष निम्न पट्टियों, दोनों में ही आग लगी हुई थी हालांकि शीर्ष पट्टी पर इसका प्रभाव कम था। निचली पट्टी पर अग्नि की गहराई 6 मीटर/7 मीटर/15 मीटर अनुमानित की गई थी। साथ ही अंतिम स्खलन में खदान का मुख्य भाग 20 मीटर की लंबाई में इससे प्रभावित हुआ था। इसलिए, प्रभावी रूप में, आग 60 फुट (20 मीटर) लंबाई में 118 फुट (35.4 मीटर) ऊंचाई में और 20 फुट (6 मीटर) गहराई में लगी हुई थी। इस स्थान में 75 प्रतिशत अंतरावकाश रिक्तता के साथ राख थी।

इन परिस्थितियों में शीर्षस्थ कोयले का ढेर निर्बाध रूप से गिर सकता था जो कि अभी भी 75 प्रतिशत अंतरावकाश रिक्तता के साथ गर्म राख के ऊपर ठोस रूप में था। अनुबंध-10 में यह देखा जा सकता है कि ऐसी समयावधि में विकसित कर्तन प्रतिबल 607 पी एस आई (PSI) होगा जो कि 25 पी एस आई नम कोयला कर्तन प्रतिबल से 24 गुना अधिक है।

इसी अनुबंध से यह भी पता चलेगा कि विकसित गतिज ऊर्जा 60320 लाख फुट पौंड होगी जबकि अपेक्षित गतिक ऊर्जा (EK) 250 फुट की दूरी पर 250 टन सामग्री बाहर निकालने के लिए 1,39,210 लाख फुट पौंड होगी। यह लगभग संभाव्य निर्बाध अवपात द्वारा उत्पन्न ऊर्जा से दुगनी है। यदि अग्नि की लंबाई या गहराई दुगुनी, यानी क्रमश: 120′ (36 मीटर) और 40′ (12 मीटर) कर दी जाए या कोयले की मोटाई बढ़ा दी जाए तो ऊर्जा गणनाएं कमोवेश एक-दूसरे से मेल खा जाएंगी। यहां पर मेरा प्रयोजन आंकड़ों के मिलान का नहीं है बल्कि संभाव्यताओं की ओर इंगित करने का है।

केवल पार्श्व के स्खलन से कुछेक धूल के बादल उठ सकते थे ऐसी कि घटना इससे पहले हो चुकी है, जो कि बहुत थोड़ी मात्रा में

थी। घटना से पूर्व की ठीक ठीक सूचना के अभाव में पार्श्व के स्खलन के प्रभावों की गणना नहीं की जा सकती लेकिन इस संभावना को सहयोगी कारक के रूप में नकारा नहीं जा सकता। प्रस्तुत नक्शों में कोयला पार्श्व का ढलान कोण 38° नापा गया था। सामान्य परिस्थितियों में यह कोण सुरक्षा की दृष्टि से ठीक है। लेकिन यदि अंदर आग जल रही हो तो सुरक्षित ढलान कोण को 18° तक कम किया जा सकता है।

हमें इस पर भी विचार करना है कि यह घटना उस समय ही क्यों घटित हुई हालांकि खदान कोयला पार्श्व में गत तीन वर्षों से आग लगी हुई थी। परिस्थितियों के बहुत से संयोजनों के कारण ऐसा हुआ होगा। 2500 कि० ग्रा० के उच्च विस्फोटकों के भारी धमाके से अग्नि क्षेत्र में कुछ उथल-पुथल हुई होगी।

27. निष्कर्ष

27.1. जैसा कि पहले कहा गया है, यह घटना परिस्थितियों के संयोजन से घटित हुई होगी। इस घटना (गर्म गैस का बाहर निकलना) के घटित होने में जितने भी सहयोगी कारक हैं, उन पर पृथक रूप में विचार न करके सामूहिक रूप में विचार करना है। सुस्पष्टता के लिए समस्त सहयोगी कारकों की तुलना गुणात्मक रूप की अपेक्षा मात्रात्मक रूप में करनी है। बहुचर विश्लेषण में बहुसहयोगी कारकों के कारण ग्राफीय विश्लेषण की अपेक्षा गणितीय विश्लेषण की आवश्यकता पड़ती है।

27.2 इस विश्लेषण से मैं उच्च दाब वाष्प के योगदान पर अधिक बल दूंगा जो कि अग्नि क्षेत्र में सीमित थी और जिससे यह घटना घटी लेकिन अन्य कारकों का योगदान पूर्णतः नकारा नहीं जा सकता। कुछेक खान विस्फोटों के घटित होने के संबंध में पानी-गैस के उत्पन्न होने के बारे में खनन समुदाय द्वारा बिना सोचे-विचारे बात कही गई है लेकिन इस बात के समर्थन के लिये मुश्किल से कोई परीक्षण किया गया है।

27.3. यह घटना अपने प्रकार की ज्ञात घटनाओं में इस देश में, यहां तक विश्व भर में भी अकेली है। समयाभाव के कारण क्षेत्र या प्रयोगशाला परीक्षण नहीं किया जा सका, जब कि यह अनिवार्य है कि इस प्रकार का परीक्षण उच्चाधिकार निकाय की देखरेख में किया जाना चाहिये था।

27.4. अभी तक खनन समुदाय ने इस बात पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया है कि ओपन कास्ट खान के कोयला पार्श्व में भभकती हुई आग कितनी गम्भीर परिस्थिति उत्पन्न कर सकती है। यह आवश्यक है कि जैसे ही इन अग्निकांडों का पता चले, इनको तुरन्त बुझाना चाहिये और विशेष रूप से कार्यकारी खानों में यह कार्य तुरन्त करना चाहिये। ऐसा करने के लिये उपयुक्त उपाय उपलब्ध है और यदि आवश्यक हो तो खोज निकाले जा सकते हैं। ओपन कास्ट खान कोयला पार्श्वों में स्वतः निर्मित तापन का विस्फोट अति-वाष्पशील कोयला संस्तरों में एक सामान्य घटना है। कोयला खानों में, चाहे वे ओपन कास्ट हों या भूमिगत हों, उनमें इस प्रकार की सामान्य और खतरनाक घटना को रोकने या खत्म करने के लिये सतत और तत्काल प्रयत्न करने की सिफारिश की जाती है।

27.5. यह विशेष घटना कल्पित नहीं की जा सकती थी और इसलिये किसी संगठन पर उसका दोष नहीं लगाया जा रहा है। लेकिन मैं नहीं मानता कि आग को बुझाने के लिये प्रारंभिक या परवर्तीकरण में उपयुक्त साधन उपलब्ध नहीं थे।

28. वाद-विषयों पर निर्णय :

28.1. न्यायालय की 8-1-82 को हुई बैठक में निम्नलिखित वाद-विषय अंतिम रूप से तैयार किये गये थे—

(i) वे कौन से कारण हैं जिनसे यह दुर्घटना घटी ?

(ii) क्या अधिनियम में उल्लिखित समस्त सुरक्षा उपायों का और इसके अधीन जारी किये गये विनियमों या आदेशों का उचित रूप से प्रबंधकवर्ग द्वारा पालन किया गया है ? क्या ये उपाय पर्याप्त थे ?

(iii) भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटना को कैसे रोका जा सकता है ?

28.2. जहां तक वादविषय संख्या (i) का संबंध है, उस पर विस्तृत रूप से बहस इस रिपोर्ट के "विश्लेषण" शीर्षक के अंतर्गत की गई है और "निष्कर्ष" शीर्षक के अंतर्गत प्रथम दो पैराग्राफों में इस सबका सारांश दिया गया है।

28.3. दूसरे वादविषय को दो भागों में बांटा जा सकता है, यथा—(क) क्या कानून में उल्लिखित सुरक्षा उपायों का उचित रूप से पालन किया गया था ? और (ख) क्या ये उपाय पर्याप्त थे ? हमारी जांच के दौरान कानून का ऐसा कोई सुरक्षा उपबन्ध हमारे सामने नहीं आया जिसका उल्लंघन प्रबंधक वर्ग द्वारा किया गया हो और जिसके परिणामस्वरूप यह दुर्घटना हुई हो। वास्तव में, कानून में कोई ऐसा सुरक्षा उपबन्ध नहीं है जिससे दुर्घटना से पूर्व मार्गदर्शी (पायलट) गर्त में विद्यमान परिस्थितियों में अनुप्रयुक्त किया जा सकता। कुछेक पक्षकारों ने कुछेक उल्लंघनों का हवाला दिया था लेकिन उन्हें दुर्घटना के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष कारण नहीं कहा जा सकता। म० खा० सु० (डी० जी० एम० एस०) ने अपनी रिपोर्ट या न्यायालय के समक्ष अपने बयान में किसी भी सुरक्षा उपबन्ध के उल्लंघन का जिक्र नहीं किया है।

28.4. कोयला खान विनियम, 1957 के विनियम 190 के उपबंधों की ओर मेरा ध्यान आकर्षित किया गया है जो इस प्रकार है—

"सामान्य सुरक्षा:—कोई भी व्यक्ति असावधानी से या जानबूझकर ऐसा काम नहीं करेगा जिससे खान में जीवन या अंग के लिये खतरा उत्पन्न हो, या असावधानी से या जानबूझकर कोई ऐसा काम करने से नहीं हिचकिचायेगा जो कि समय या उसमें नियुक्त व्यक्तियों की सुरक्षा के लिये आवश्यक हो।"

यह एक बहुप्रयोजनीय उपबन्ध है लेकिन यह यहां लागू नहीं होता, विशेष रूप से इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि यह घटना अपने आप में अद्वितीय है।

28.5. इस मामले की परिस्थितियों पर लगू होने वाले सुरक्षा उपबन्ध नहीं है। इस रिपोर्ट के परवर्ती भाग में मैंने अपनी सिफारिशों में कुछेक वांछित सुरक्षा पूर्वोपाय शामिल किये है।

28.6. तीसरा वाद विषय दुर्घटना की पुनरावृत्ति की रोकथाम के संबंध में प्रणालियों/साधनों से संबंधित है। "सिफारिशों" के अंतर्गत मेरे द्वारा सुझाये गये वांछित सुरक्षा पूर्वोपायों का यदि उचित रूप से पालन किया गया तो ये पुनरावृत्ति का रोकने के लिये पर्याप्त होंगे।

भाग 7

सिफारिशें

क. भूमिगत खानों के मामले में कोयला खान विनियम 1957 में आग की स्थितियों से निपटने की सविस्तार प्रक्रिया दी गई है। फिर भी ओपनकास्ट खानों के बारे में इसी विनियम में विवरण नहीं दिये गये हैं। इस संबंध में केवल यही विनियम है कि इस प्रकार की आग के लग जाने की घटना को खान-सुरक्षा महा निदेशालय को सूचित करना चाहिये। विनियम में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि इसके बाद खान सुरक्षा महानिदेशालय क्या करे अथवा प्रबंधक वर्ग को अपने आप ही क्या करना चाहिए।

मेरा यह मत है कि जगन्नाथ कोलयरी खान की दुर्घटना के अनुभव से यह आवश्यक है कि कोयला खान विनियम, 1957 में संशोधन किये जाने चाहिएं और स्पष्ट शब्दों में यह व्याख्या की जानी चाहिये कि खान खान सुरक्षा महानिदेशालय तथा प्रबंधक वर्ग को क्या कदम उठाना चाहिये।

मुझे लगता है कि ओपनकास्ट खान में जितनी जल्दी आग देखी जाय, उतनी ही जल्दी उसे खोद देना चाहिये और उसे बुझा देना चाहिये। विकल्प के रूप में अन्य साधन अपनाने चाहिएं ताकि आग आगे बढ़ने से रोकी जा सके और आग को हवा न लगे, उदाहरणस्वरूप आग को आच्छादित कर देना चाहिये। किसी भी दशा में खनन-कार्य इतनी अधिक

गहराई तक नहीं किया जाना चाहिये जैसा कि जगन्नाथ कोयला-खान में हुआ, परिणामस्वरूप प्रबंधक वर्ग ने यह दावा किया कि आग को मानव बल अथवा यांत्रिक शक्ति से बुझाया नहीं जा सकता। इसके बाद इस प्रकार की स्थिति को ओपन कास्ट खान में विकसित नहीं होने देना चाहिए। यदि आग पर नियंत्रण नहीं हो पाता तो उस खदान में आगे का खनन-कार्य बन्द कर देना चाहिये ।

मैं इस महत्व को समझता हूं कि ओपनकास्ट खान में आग बुझाने के किसी भी विशेष उपाय को सभी स्थितियों में लागू नहीं किया जायेगा। लेकिन आग-लगने की प्रारंभिक अवस्था का सामना करते हुए उसकी खुदाई अथवा उसके बुझाव में कोई कठिनाई नहीं होगी ।

मैं इन दो बातों में अन्तर करना चाहता हूं कि पहले अपने आप ही गर्म होने की घटना को बचाया जाय और दूसरे यदि ओपन कास्ट खान में कहीं आग लग गई हो तो उसे बुझाया जाये । कोयले में अपने आप हुए गर्म होने की स्थिति अपनी जैसी है और यह स्थिति अब भी कोयलाउद्योग में प्रारंभ से ही तंग कर रही है । यह सिफारिश की जाती है कि इस मामले के सभी पक्षों की जांच करने के लिये उच्च शक्ति के निकाय की स्थापना की जाय । इस निकाय के अध्यक्ष खान सुरक्षा महा-निदेशक बनाये जायें और उन्हें अनुसंधान संगठनों तथा खान आपरेटरों की सहायता दिलाई जाये ।

ख आपनकास्ट कार्य में आग से जो खतरा पैदा हुआ, उसे देखते हुए यह वांछनीय है कि अध्ययन के लिये एक परियोजना तैयार की जाय । यह माना जाता है कि खान-सुरक्षा महानिदेशालय में अनुसंधान और विकास एकक का एक केन्द्र है । यह लाभप्रद होगा यदि इस अनुसंधान और विकास एकक को सशक्त कर दिया जाय ताकि इस समस्या के विभिन्न पक्षों को लेकर विशद् अध्ययन किया जा सके और उचित रूप से कोयला उद्योग को परामर्श दिया जा सके । सरकार इस प्रयोजन के लिये आवश्यक सुविधायें उपलब्ध करा सकती है ।

यह टिप्पणी की जाती है कि यद्यपी जगन्नाथ कोयला खान में कतिपय निरीक्षण किये गये थे फिर भी ऐसे निरीक्षणों की बारंबारता पर्याप्त नहीं है । वास्तव में, जैसा कि मैं समझता हूं कि खानों के निरीक्षणों की संख्या की अपर्याप्तता सामान्य नियम हो गया है और काफी संख्या में खानों का बिल्कुल ही निरीक्षण नहीं किया जाता है । ऐसा लगता है कि खनिज उद्योग की वृद्धि को देखते हुए खान-सुरक्षा महानिदेशालय ने निरीक्षणवर्ग के स्टाफ को नहीं बढ़ाया है लेकिन स्वीकृत पद भी खाली पड़े हैं क्योंकि अधिकारियों की भर्ती की कठिनाइयां हैं । मेरा सुझाव है कि सरकार इस मामले की जांच करे और कमी को मिटाने के लिये आवश्यक कदम उठाये और खान-सुरक्षा महानिदेशालय के स्टाफ को बढ़ाने के लिये उपाय करे क्योंकि यह महानिदेशालय खानों की सुरक्षा के लिये सबसे महत्वपूर्ण संस्था है ।

ग. जांच के दौरान मुझे कतिपय तथ्यों का पता लगा जो प्रबंधक वर्ग के लिये पूरक नहीं है । इस खदान में उपयुक्त पीने का पानी का प्रबन्ध भी नहीं था । के० को० लि० (सी० सी० एल०) के पास ऐसी कोई प्रणाली नहीं है जिसमें ठेकेदार के कामगारों को सुरक्षा के मामलों में प्रशिक्षित किया जाये । इस विशेष मामले में ठेकेदार के कामगारों को प्रबन्धक वर्ग द्वारा सुरक्षा जूते और हेलमेट की सप्लाई नहीं की गई थी । जगन्नाथ कोयला खान में अलग से अपना कोई औषधालय अथवा एम्बुलेंस भी नहीं थी । गंभीर हताहत जीप और ट्रक से के० को० लि० (सी० सी० एल०) के अस्पताल को ले जाये गये और यह अस्पताल दुर्घटना स्थल से 8 किलोमीटर दूर था ।

मैं यह सुझाव देना चाहूंगा कि के० को० लि० (सी० सी० एल०) जैसी पब्लिक सेक्टर की संस्था को ऐसे मामलों में एक आदर्श स्थापित करना चाहिये । पर्याप्त पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध करानी चाहिये। प्रथम चिकित्सा साधन और एम्बुलेंस खदान के समीप ही उपलब्ध होनी चाहिये और सभी कामगारों को सुरक्षा जूता तथा हैलमेट सप्लाई किये जाने चाहिये तथा सभी कामगारों को सुरक्षा के बारे में प्रशिक्षित किया जाना चाहिये चाहे वे प्रबंधकों अथवा ठेकेदार द्वारा नियुक्त क्यों न किये गये हों ।

व्यय की वसूली

मेरे निर्णय के अनुसार यह कहना उपयुक्त है कि जगन्नाथ कोयला खान में 24 जून 1981 को जो दुर्घटना हुई थी, उसके लिये प्रबंधवर्ग उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता, मुझे खान नियमावली, 1955 के नियम 22(1) के उपबंधों के अन्तर्गत यह जारी करने का निदेश नहीं है कि इस जांच-न्यायालय के व्यय की वसूली कराई जाये ।

अभिस्वीकृति

इससे पूर्व मैं अपने निर्णय का उल्लेख करूं मैं दोनों निर्धारकों के प्रति हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करना चाहता हूं । सत्यता की खोज में हमारे उद्देश्य और परिश्रम तथा निष्पक्ष रूप से उपलब्ध साक्ष्य को ठीक समझने मुझे इन दोनों निर्धारकों की अधिक सहायता एवं सहयोग मिला है । इन दोनों निर्धारकों ने अपने निर्णय को प्रभावित कराने के लिये शुद्ध रूप से तथ्यपरक और वैज्ञानिक विचार के अतिरिक्त कुछ अन्य विचार नहीं आने दिया है। तकनीकी निर्धारक ने यह प्रवृत्ति अपनाई है तथा अपने कार्य में कठिनाई का सामना किया है और उसमें रूचि दिखाई है । यह तथ्य उनके कई आकलन से स्पष्टसिद्ध है जो उन्होंने वैज्ञानिक और तथ्यपरक ढंग से गंभीर प्रयत्न किया है । मुझे इन दोनों निर्धारकों का न्यायालय की कार्यवाही और इस रिपोर्ट के तैयार करने में पूरा सहयोग मिला है।

केन्द्रीय खनन अनुसंधान केन्द्र (सी० एम० आर० एम०) और केन्द्रीय ईंधन अनुसंधान संस्थान (सी० एफ० आर० आई०) ने मेरे निवेदन के उत्तर में अतिशीघ्र कार्यवाई की है। उन्होंने इस दुर्घटना की जांच कराने में सच्चे प्रयत्न किये हैं और अच्छा कार्य किया है । मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने न्यायालय की कार्यवाही के दौरान उठाये गये विभिन्न मुद्दों पर अपनी विशेषज्ञता पूर्ण सलाह दी है ।

मैं उन दलों के प्रतिनिधियों को भी धन्यवाद देता हूं जिन्होंने न्यायालय की कार्यवाही में भाग लिया है और अपनी सहायता रचनात्मक प्रवृत्ति और विचारोत्तेजक दलीलों से योगदान किया है । यहां विशेष रूप से केन्द्रीय कोयला क्षेत्र लिमिटेड (सी० सी० एल०) के प्रतिनिधियों का उल्लेख करना चाहूंगा जिन्होंने अन्य कई प्रकार से सहायता की है उन्होंने पुस्तकों, साहित्य और रिपोर्ट उपलब्ध कराने में सहायता की है तथा उन्होंने तकनीकी निर्धारक जैसा भी चाहते रहे, उसके अनुसार कई आदेशों का विश्लेषण कराया है ।

मैं श्रीमती सरिता दास, सचिव, रेवेन्यू बोर्ड की सहायता के प्रति आभार व्यक्त करता हूं जो इस जांच-न्यायालय की सचिव का भी काम करती रही ।

खा० सु० म० (डी० जी० एम० एल०) अपने कार्य और कर्त्तव्यों की दृष्टि से इस प्रकार की दुर्घटनाओं और उनकी जांच के मामलों से गंभीर रूप से सम्बद्ध हैं । मेरी यह परम् इच्छा है कि इस दुर्घटना की जांच की विधि की प्रशंसा करूं और श्री के० पाल, निदेशक, खान सुरक्षा, भुवनेश्वर के प्रति आभार व्यक्त करूं जिन्होंने इस कार्य में सहायता की है ।

ह०/-

16-7-82

(के० रामामूर्ति)

अध्यक्ष जांच न्यायालय

हम पूर्णतया उन सभी टीका-टिप्पणियों, निष्कर्षों और सिफारिशों के प्रति सहमत है जो इस रिपोर्ट में दी गई है।

ह०/- ह०/-

16-7-82

(दामोदर पाण्डे), निर्धारक (एस बी घोष) निर्धारक

जांच-न्यायालय जांच-न्यायालय

अनुबंध 1

जांच के समय जिरह किए गए गवाहों की सूची

के० को०लि० (सी०सी० एल०) की ओर से

1. श्री ए० पाणि, महा-प्रबन्धक
2. श्री ए० के० त्रिपाठी, परियोजना अधिकारी और एजेन्ट
3. श्री एस० के० डे० प्रबन्धक (ड्यूटी पर)
4. श्री ए० के० नाथ कसुरक्षा अधिकारी और कार्यकारी प्रबन्धक
5. श्री बी० के० लामा, अधिशासी अभियन्ता
6. श्री एस० एस० दास, ओवरसीन
7. श्री रवि साहू, सिविल सुपरवाइजर
8. श्री यू० सी० पटनायक खनन सरदार
9. श्री गोकुला साहू, यांत्रिक फिटर
10. श्री महेन्द्र सिंह, ठकेदार
11. श्रीमती सुकुरमणि, ठकेदार, की कामगार
12. श्रीमती जानकी गरदई, ठेकेदार की कामागर
13. डा० एस० के० मोहन्ती, चिकित्सा अधिकारी

ख—खा० को०खा०सं० (डी०सी०एम०एस०) की ओर से

1. श्री पी० सी० दास, ब्लास्टिंग फोरमैन

न्यायालय के गवाह

1. श्री चेतन बेहेरा, ठेकेदार का कामगार
2. श्री डी० के० भट्टाचार्य, वैज्ञानिक के० ई० अ० सं० (सी० एम० आर० आई०)
3. डा० टी० एन० सिंह, वैज्ञानिक के० खा० अ० सं० (सी० एम० आर० एस०)
4. श्री के० पाल निदेशक खान सुरक्षा

अनुबंध-2

जगन्नाथ कोयला खान की दुर्घटनाओं के कारणों का पता लगाने के लिए केन्द्रीय खान अनुसंधान केन्द्र सी०एम० आर०एस० के अध्ययन दल की जांच रिपोर्ट

निदेशक, के० खा० अ० के० (सी० एम० आर० एस०) धनबाद को संबोधित पत्र सं० एम-96/81-84/08 जनरल दिनांक कटक, 20 नवम्बर, 1981 के संदर्भ के अनुसार के० खा० अ० के० (सी० एम० आर० एस०) के वैज्ञानिकों का दल 24-12-81 को जगन्नाथ कोयला खान देखने गया। इस अध्ययन दल के सदस्य डा० टी० एन० सिंह, डा० एम० सी० बनर्जी और श्री बी० डी० बानिगा थे। इस निरीक्षण का उद्देश्य यह था कि खान के मार्गदर्शी (पायलट) खदान में 24-6-81 को जो दुर्घटना हुई थी, उसके संभाव्य कारण की जांच की जाय। इस दल ने अपने निरीक्षण के दिनों में खा० सु० म० (डी० जी० एम० एम०) के जांच अधिकारी श्री पाल और प्रबंधक (केन्द्रीय कोयला क्षेत्र लिमिटेड) द्वारा प्रस्तुत दुर्घटना की रिपोर्टों को देखकर संभाव्य कारण/कारणों का पता लगाने का प्रयत्न किया। इस निरीक्षण में जिन कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने भाग लिया व इस प्रकार हैं:—

1. खान सुरक्षा महानिदेशक, भुवनेश्वर क्षेत्र, भुवनेश्वर श्री के० पाल, निदेशक, खान सुरक्षा।
2. सर्वश्री केन्द्रीय कोयला क्षेत्र लिमिटेड, तालचेर क्षेत्र
   (क) श्री रवीन्द्र सिंह, महा-प्रबंधक तालचेर।
   (ख) श्री एस० महन्त एजेन्ट, जगन्नाथ कोयला खान।
   (ग) श्री ए० के० त्रिपाठी, खान अधीक्षक, जगन्नाथ।
   (घ) डा० मोहन्ती, सर्जन विशेषज्ञ क्षेत्रीय अस्पताल, तालचेर।
3. सर्वश्री केन्द्रीय कोयला क्षेत्र लि० रांची
   श्री सी०आर० दास, सी०एम०डी० के तकनीकी सचिव
4. सर्वश्री सी०एम०पी०डी०आई०, भाग-1-3
   श्री जे० के० सिन्हा, ज्येष्ठ भू-वैज्ञानिक
5. के०ई०अं०सं० (सी०एफ०आर० आई डिगवाडीह
   श्री के० डी० भट्टाचार्य, वैज्ञानिक

स्थिति-तंत्र

24 जून 1981 को जो दुर्घटना हुई थी, उसकी जांच 24 दिसम्बर, 1981 से एक दल द्वारा कराई गई। (यह जांच दुर्घटना के ठीक छह महीने बाद कराई गई।) इस अवधि में दुर्घटना स्थल में परिवर्तन हो गया जो इस प्रकार है:—

(i) खदान में बाढ़ आ गई और यह बताया जाता है कि खदान के तल में 4.5 मीटर गहराई में पानी भर गया।

(ii) जिस स्थल पर समस्या उत्पन्न हुई थी, उस स्खलित क्षेत्र में नहीं पहुंच सकते थे और बाद में जो वर्षा हुई, उससे उस स्थल के रूप में परिवर्तन आ गया,

(iii) धूल, राख, गिरे हुए पदार्थ और छितराए टुकड़े आदि बह गए।

(iv) भ्रंश, वर्षा और बाद के स्खलन के कारण दरारों का मल, छिद्र और खदान के किनारे आदि तितर-बितर हो गए। (आग की स्थिति ने अलग-अलग पट्टियों अथवा खण्डों में बदल लिया)

सारांश में यह कहा जा सकता है कि इस अवधि में इस स्थल में तात्विक परिवर्तन हो गए और प्रत्यक्ष साक्ष्य समाप्त हो गए अतः जो भी सूचनाएं मिली तथा जो भी अनुमान लगाए जा सके, उसी के आधार पर रिपोर्ट तैयार की गई है।

दुर्घटना के विशेष लक्षण

(क) स्खलित ब्लाक से 90 मीटर की दूरी पर भी कामगारों को जलने में चोटें आई

(ख) कामगारों की स्थिति को देखते हुए उनके जलने की चोटें 5% से लगभग 100% तक रही,

(ग) खदान तल के ताप के बढ़ जाने से हताहतों की खाल ग्लोव (प्लेट) के समान निकल आई और इससे यह विदित होता है कि वे बिलकुल ही भुन गए थे,

(घ) कतिपय हताहतों के कपड़े टुकड़ों (प्लेट) में झुलस/जल गए थे,

(ङ) हताहतो के शरीर भूरी राख से पूर्णतया आच्छादित हो गए थे और कतिपय हताहतो के बाल झुलस गए थे।

(च) यह बताया जाता है कि किसी भी हताहत को कुण्ठित औजार से चोट नहीं लगी थी अथवा उनके रक्त प्रवाह नहीं हुआ था,

दुर्घटना के स्थल के विशेष लक्षण:

(क) यह बताया जाता है कि एफ 4—एफ 4 भ्रंश तल के साथ लगभग 800 मन मलवा/पिंड का स्खलन हुआ था।

(ख) आग के अलग अलग कई खंड (जिनमें लपटें आ रही थी) विशेषतया दक्षिणी भ्रंश की निचली पट्टियों में देखे गये।

(ग) स्खलित पदार्थ एक ढेर के आकार का बन गया था और

(i) उसने कोयला-ढेर को नहीं कुचला जो 4–5 मीटर ऊंचा था और जो कर्षण लाईन द्वारा जमा हो गया था।

(ii) स्खलित पदार्थ के उलटने के संकेत नहीं दिखाई दिए थे

(iii) कोई प्रवाह नहीं दिखाई दिया अथवा कोक का निष्कासन भी नहीं हुआ जिनमें से टुकड़े आदि बाहर निकल सके।

(घ) इस स्खलन के बाद भूरे अथवा काले रंग के धूल के बादल उठे जो 8–10 मिनट में ही समाप्त हो गए।

(ङ) अवपात ने पंखे का रूप ले लिया। उसके बायें और दाहिने किनारे 90 मीटर के थे और उसका आधार 210 मीटर का था। यह अवपात उत्तरी भ्रंश एफ-2 एफ-3 के किनारे हुआ।

(च) यह बताया जाता है कि इस अवपात में निम्नलिखित लक्षण थे :—

(i) कोयला ढेर के दक्षिण में राख के ऊपर खंगर और टुकड़े जमा हो गए थे।

(ii) कोयला ढेर के आगे—टुकड़े और खंगर छितरा गए थे और इनके ऊपर 0.5 से०मी० से 12 से०मी० मोटाई की राख की परत बन गई थी।

(iii) 6.25 से०मी० आकार और 1.5 किलोग्राम भार तक की राख और खंगर तितर-बितर हो गए थे जो दूसरे दिन तक गर्म बने रहे।

(iv) अवपात राख मिले जुले आकार की थी, उसका रंग भूरा था और वह मिश्रित थी तथा उसमें झुलसे हुए कोयला-राख की गोलियां नहीं थी।

(छ) मार्गदर्शी (पायलट) खदान का दक्षिणी किनारा 15 से 20° शीर्ष के भ्रंश तल के लगभग साथ था और 120 मीटर प्रक्षेप का जबकि खदान का ढाल उर्ध्वाधर से 50 से 53 था।

(ज) भ्रंश तल के साथ लगभग 15 मीटर से 20 मीटर तले का कोयला शेष रह गया। संवेदनशील भ्रंश अथवा उत्क्षेपण के कारण कुचले और बिखरे हुए कोयले में जगह जगह आग लग गई थी।

घटना का विश्लेषण :

(i) पिंड का स्खलन :

दो चश्मदीद गवाहों ने इस समस्या के प्रथम संकेत के बारे में रिपोर्ट की है जिन्होंने अधिभार के स्खलन को देखा था। इस प्रकार के स्खलन इसके पूर्व भी हुए थे और इस प्रकार का एक स्खलन का अभिलेख जून, 80 में भी किया गया था। इसका प्रभाव पिछले भाग में 6 से 10 मीटर तक ही हुआ। यह बताया गया कि वर्तमान मामला में भूरे और/या काले से धूल के बादल 6000 मीटर² मीटर के क्षेत्र में छा गए थे। धूल 8–10 मिनट में ही बैठ गई जबकि लगभग 800 टन भार के पिण्ड के साथ 20 मीटर चौड़ी पट्टी का स्खलन हुआ। स्खलित पिण्ड कोयला-ढेर के ऊपर गिरा और सर्पेम गोलाश्म भी ढेर तक लुढ़क गए।

मात्रा/स्खलन की सीमा और उसका परास

कोयला संस्तर 3 और संस्तर 2 के एक भाग में अलग अलग टुकड़ों में आग लग गई थी। कोयला में 30–35% राख थी। यदि यह मान लिया जाय कि संस्तर 3 और संस्तर 2 का एक भाग (18 मीटर) ही पूर्णतया जल गया हो तो कुल ऊंचाई केवल 20 मीटर आती है। राख और खंगर जल जाने के बाद मूल आयतन का एक तिहाई भाग अर्थात् 8 समान भाग घेर लेंगे जो अपनी शिथिल प्रकृति के कारण अपेक्षाकृत अधिक आयतन घेर लेंगे। इस प्रकार आगे दी गई सीमा शर्तों के अधीन लगभग 16 मीटर स्खलन की आशा की जाती है :--

(i) खुली राख और खंगरों के उछाल के प्रभावों के अधीन 16 मीटर का स्खलन हुआ।

(ii) राख/खंगर पूर्णतया बैठ गए और इकट्ठे हो गए तथा 16 मीटर ऊंचाई से निर्बाध अवपात हुआ।

दूसरा मामला उन गिरने वाले टुकड़ों की तीव्र गति के लिये सबसे अधिक खराब है जो उस राख और खंगरों के लिये प्रक्षेपित गति दे सकते हैं जो खदान तल में इधर-उधर तितर बितर हो गए थे। जमी हुई गर्म धूल के ऊपर किसी भी स्खलित और स्थित होने वाले पिंड की अधिकतम तीव्र गति केवल 18 मीटर प्रति सेकिण्ड होती है। किसी भी खंगर को अपने प्रस्फोट के लिए इस प्रारंभिक तीव्र गति को प्रदान किया जा सकता है। प्रक्षेपण का अधिकतम उछाल 45° तक संभव है। जिसके अनुसार यह केवल 33 मीटर तक हो सकता है। इस सीमा परिधि से बाहर किसी भी छितराव को साधारण स्खलन और प्रक्षेपित निष्कासन से संगत नहीं ठहराया जा सकता। भ्रंश (70°) के उत्क्षेप और उसके समीप सपाट निर्माण को ध्यान में रखते हुए प्रक्षेपण का सबसे अधिक संभव कोण 20° है और इस प्रकार परास केवल 21 मीटर तक आता है। गवाहों द्वारा इस मूल्य की पुष्टि की गई है जिन्होंने कोयला ढेर तक उबड़-खाबड़ मार्ग बनाया है जो रोक दीवारों से 18 मीटर दूर था। इस प्रकार यह घटना अधिभार के स्खलन से ही स्पष्ट नहीं हो सका और जले हुए कोयले के संस्तर पर इसकी जोरदार क्रिया की भी व्याख्या नहीं हो सकी। 90 मीटर के परास में छितराने के लिये बल अथवा तीव्र गति की आवश्यकता होती है जो स्खलन से अधिक होती है। यह बल इस प्रकार हो सकते थे।

गैस विस्फोट :

(क) 120 मीटर उठाव की इस ऊंचाई के भ्रंश तल से कई मामलों में मैथेन गैस के स्रोत रहे हैं यदि इस भ्रंश को अस्त-व्यस्त कर दिया जाए अथवा उद्घाटित कर दिया जाए तो ऐसा भ्रंश अधिक गैस का निष्कासन कर सकेगा जो अनुकूल परिस्थिति के अन्तर्गत विस्फोट की ओर उन्मुख होगा।

(ख) कोयले की टुकड़ों में जलने के आसवन उत्पाद में ज्वलनशील गैसों और मैथेन हो सकती है जो ज्वलनशीलता की सीमा से कहीं कम हो सकती हैं। विभिन्न झिल्लियों में बनी हुई उन गैसों के निकासी के रूप में काम में आने वाला भ्रंश खुली आग को बढ़ा सकता है जहां अलग करने वाली दीवार अधिक पतली हो जाती है।

मौजूदा मामले में खदान के किनारे के साथ पाया गया भ्रंश आग और/अथवा तत्पश्चात् इस स्खलन के अस्त-व्यस्त होने की संभावना है जो निम्नलिखित बातों की ओर अग्रसर होगा :--

(क) यदि आग भ्रंश का उद्घाटन करती है तो गैस निचले तले से निकल सकती है और इस प्रकार इसका विस्फोट राख और खंगर को निष्कासित करेगा।

(ख) यदि स्खलन ने भ्रंश का उद्घाटन किया है तो गैसें अपेक्षाकृत उच्च स्तर से निकल सकती है। इस प्रकार इसके विस्फोट से खुली ज्वालाएं और नाम मात्र की उग्रता हो सकती है।

फिर भी यह संभावना दूर की लगती है क्योंकि संस्तर के गैसयुक्त होने का कोई भी इतिहास/अभिलेख नहीं रहे। यदि भ्रंश के बारे में यह अनुमान किया जाए कि वह गैस का पोषक है तो इसकी आज भी खोज हो सकती है। आसवन उत्पाद के रूप में गैस की संभाव्यता और अपेक्षाकृत उच्च स्तर पर इसके संचयन की संभावना है लेकिन इसके विस्फोट के कारण निचले तले से राख और खंगरों के निष्कासन की संभावना नहीं है।

3. कोयला धूल विस्फोट :

भ्रंश तलों का संबंध संवेदनशील भ्रंशों, पार्श्व क्षेप गोल स्थानी और श्रेणियां से है जिनसे कोयला धूल हो सकती है। आग और शुष्क मौसम के प्रभाव के अधीन धूल में उच्च परिक्षेपण हो सकता है। स्खलन भ्रंशतल का उद्घाटन कर सकता है जहां धूल जमा हो गई थी जिसके फलस्वरूप कोयला धूल बादल बन सकते हैं। जलते हुए कोयले की उपस्थिति से इस धूल का विस्फोट प्रारंभ हो सकता है जो उग्र बल, उच्च तापमान और उच्च ताप निकास की ओर उन्मुख कर सकता है। फिर भी इस दशा के अधीन कोयला धूल विस्फोट अन्य बातों के साथ-साथ इस घटना के देखे गए लक्षणों के प्रति संतोष व्यक्त नहीं करता।

(क) धूल में हुए कोयले और राख के बुलबुले आदि के निर्माणों का कोई भी चिन्ह दिखाई नहीं देते।

(ख) कोयला धूल के साथ विस्फोट की उग्रता अधिक भयंकर है जिसकी अपेक्षा करने की कोई संभावना नहीं थी।

(ग) आग के तल से छितराए हुए टुकड़ों और राख की संगतता इससे सिद्ध नहीं होती।

(घ) अवपात कोयले की काली राख से अधिकांशतया आच्छादित होना चाहिए।

इसमें से कोई भी लक्षण उन विभिन्न स्रोतों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य से समर्थित नहीं होते।

दूसरी और तीसरी संभावनाएं अलग-अलग टुकड़ों में आग की उपस्थिति और भ्रंश तलों की समीपता से समझी जा सकती है। यह दोनों रूप-भेद 1977 से आज तक विद्यमान हैं और यह घटना अपनी जैसी ही है। इसके लिए कुछ अन्य कारण खोजने होंगे जो इस स्थिति को अधिक स्पष्ट कर सकेंगे। इस संबंध में आगे दी गई बातें संगत प्रतीत होती हैं।

(क) वर्षा--15 से 24 जून, 1981 की अवधि में भारी बौछार हुई और विशेषकर 20, 21 और 23 जून, 1981 को भारी वर्षा हुई।

(ख) स्खलित क्षेत्र के बिल्कुल ही समीप स्थान के सतह और छिद्र पर दरारें मौजूद थी।

(i) (ऐसा लगता है कि आग, भ्रंश, वर्षा और दरारों/छिद्रों की उपस्थिति ने मिल-जुलकर इस प्रकार की घटना में योगदान किया है।

इन परिस्थितियों में इस प्रकार की दुर्घटना होने की संभावना है।

(क) द्रव चालित उत्तेजना :

कुचले हुए पारगम्य कोयला संस्तर के द्रवचालित उत्तेजन के बारे में यह कहा जाता है कि गैस का बाह्य प्रवाह 20 गुना तक हो गया होगा वर्षा-जिसमें गत 20 दिनों की अवधि में भारी वर्षा भी शामिल है, से छिद्रों अथवा दरारों में पानी के अन्त प्रवाह से गैस के बाह्य प्रवाह को उत्तेजना मिली होगी। यह गैस भ्रंश तल में से निकली होगी और इसका उस स्थान पर विस्फोट हुआ होगा जहां आग भ्रंश के अन्तर्विरोधन से गहराई में घुस गई होगी और इससे यह घटना घटी है।

भ्रंश के समीप की यह प्रक्रिया, संवेदनशील भ्रंश अथवा समीपी खुले हुए भ्रंश तल जैसे सुदूर कारण है। गैस--उत्पाद अपेक्षाकृत अधिक स्वतंत्रता से ऊपर की ओर बढ़ सकते है और वे आग के स्थल की ओर नहीं जा सकते जहां राख और खपर जाते हुए बताए गए है। इस प्रकार इस कारण से विस्फोट का होना भी रद्द कर दिया गया है।

(ख) वाष्प के कारण प्रस्फोट :

वर्षा का पानी दरारों अथवा छिद्रों में से होकर बहा है जिसके कारण भ्रंश तल पारगम्य हो सकता है, क्योंकि भ्रंश तल में साधारणतया अधिक पारगम्यता होती है। पानी का तापमान अलग-अलग टुकड़ों में आग के होने से धीरे-धीरे बढ़ सकता है और यह स्थिति अलग-अलग क्षितिजों में हो सकती है। इसके बाद वर्षा के पानी के अन्त-प्रवाह से चैनल में अवरोध उत्पन्न हो सकता है। जब पानी वाष्प में बदलने लगे तो इस प्रकार पानी के आयतन की अपेक्षा गैस का आयतन सत्रह सौ गुना हो सकता है।

यह वाष्प खदान के मुख की ओर बढ़ सकती है जहां भ्रंशतल और जले हुए किनार के बीच की परत पतली होती जाती है। इसे आगे दिए गए तरीके में से किसी एक भी तरीके से विस्फोट-क्रिया उत्पन्न हो सकती है।

(1) वाष्प में उपलब्ध यांत्रिक बल से यांत्रिक रूप में राख और खंगल निष्कासित हो सकते है और इसका बाह्य प्रवाह हो सकता है।

इस प्रक्रिया से ज्यादा और ऊंची आवाज नहीं होनी चाहिए और यह प्रक्रिया अपेक्षाकृत कम शक्तिशाली तथा उग्र नहीं होनी चाहिए क्योंकि खंडित/भ्रंशित क्षेत्र के किनारे बहुत अधिक दबाव के विकास की संभावना नहीं है। इसलिये इस प्रक्रिया से 25 सेंटीमीटर तक के आकार वाले 1.5 कि० ग्रा० के भार के खपर का 130 मीटर की दूरी तक छितराना संभव नहीं है।

(2) गर्म पानी अथवा वाष्प, जले हुए कोयले पर से गुजर सकती है यह कोयला भ्रंश तल और आग के स्थल के साथ पतला हो जाता है। यह गैस में परिवर्तित हो सकता है। इस गैस की अल्प मात्रा विस्तृत विस्फोट--सीमा (5 70%) के साथ उस गहरे गर्त में विस्फोटित हो सकती है जो आग से निर्मित हुआ है और गवाहों ने यह रिपोर्ट की है कि इससे पंखे के आकार के क्षेत्र में जली हुई राख और खपर का छितराना प्रारम्भ हुआ है।

इस मामले में धुएं का रंग भूरा (राख रंग के समान) होगा, उग्रता अपेक्षाकृत कम गंभीर होगी लेकिन पहले से ही गर्म राख के तल में कुल मिलाकर तापमान बढ़ेगा क्योंकि इसका उष्मापेक्षी प्रतिक्रिया होगी। इससे उग्रता, धुआं अथवा आवाज की अधिकता के बिना 90 मीटर की दूरी पर भी हताहतों का जनना संगत प्रतीत होता है।

इस प्रकार खुली खदान में पानी गैस के विस्फोट की घटना अपनी जैसी ही है और हम किसी भी पुरानी घटना को खोजने में असमर्थ हैं लेकिन परिस्थिति जन्य साक्ष्य से इस मामले में इस घटना पर विचार करना इस घटना की एक संभावना है।

बी०डी०बारिका,	टी.एन. सिंह	एस० सी० बनर्जी
वैज्ञानिक--ई	वैज्ञानिक--ई	वैज्ञानिक--ई
4-1-1982	4-1-1982	4-1-1982
	प्रतिलिपि	

अनुबन्ध--3

24-6-81 को जगन्नाथ कोयला खान, जिला ढेंकानाल, उड़ीसा में हुई दुर्घटना के कारणों की जांच की रिपोर्ट:--

(भारत सरकार के श्रम मंत्रालय की अधिसूचना संख्या एन-11012/10/81-एम०आई० दिनांक 1 सितम्बर 1981 द्वारा निर्मित न्यायालय द्वारा अधिकृत किया गया।

5 जनवरी, 1982

केन्द्रीय ईंधन अनुसंधान संस्थान
डाकघर--एफ आर आई, जिला धनबाद, बिहार
पिन--828108

आमुख

भारत सरकार के श्रम मंत्रालय की अधिसूचना संख्या 11012/10/81 एम०आई० दिनांक 1-9-81 द्वारा जिला ढेंकानाल, उड़ीसा राज्य में स्थित जगन्नाथ कोयला खान में 24 जून 1981, को घटित दुर्घटना के कारणों

का पता लगाने के लिए नियुक्त जांच न्यायालय के निवेदन पर केन्द्रीय ईंधन अनुसंधान संस्थान ने वरिष्ठ वैज्ञानिकों में से एक वैज्ञानिक तैनात किया । इस संबन्ध में श्री डी०के० भट्टाचार्य दुर्घटना के कारणों की जांच करने के लिए स्थल पर गए और उन्हें जांच न्यायालय के समक्ष 11-1-1982 तक इस दुर्घटना के कारणों की छानबीन करके रिपोर्ट प्रस्तुत करनी थी ।

मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि यह कार्य सम्पन्न हुआ और माननीय न्यायालय को अनुसूचित समय के भीतर ही रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई ।

जब श्री भट्टाचार्य स्वयं जांच कर रहे थे और पर्याप्त विवरण तथा सूचना एकत्र कर रहे थे, उस समय इसी संस्थान के सर्वश्री के० के० राय चौधरी और बी०के० मजूमदार तथा अन्य वरिष्ठ वैज्ञानिकों की अन्तिम रिपोर्ट तैयार करने तथा तथ्यों को समझने समझाने में उनकी अधिक सहायता की ।

मुझे आशा है कि इस रिपोर्ट में प्रस्तुत दुर्घटना के प्रति उत्प्रेरक घटनाओं का विशेषतापूर्ण विश्लेषण दिखाया गया है जो जांच-न्यायालय को अपनी कार्यवाही में अधिक सहायक सिद्ध होगा ।

ह० के० ए० किनी, निदेशक

दिनांक : केन्द्रीय ईंधन अनुसंधान संस्थान,
धनबाद, बिहार 5 जनवरी, 1982

जगन्नाथ कोयला खान जिला ढेंकानाल, उड़ीसा में 24-6-1981 की दुर्घटना के कारणों की जांच के संबन्ध में के०ई०अ०स० (सी० एफ० आर० आई०) की रिपोर्ट

1.0 श्रम मंत्रालय, भारत सरकार ने जगन्नाथ कोयला क्षेत्र, तालचेर कोयला क्षेत्र, जिला ढेंकानाल, उड़ीसा में 24-6-1981 को जो दुर्घटना हुई, उसकी जांच के लिए एक जांच न्यायालय बनाया । माननीय न्यायालय ने तालचेर में 12-11-81 की पहली बैठक में केन्द्रीय ईंधन अनुसंधान संस्थान से यह निवेदन किया कि वह दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए अपने विशेषज्ञ भेजे और 11 जनवरी, 1982 तक न्यायालय के समक्ष अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे ।

2.0 इस आदेश के पालन करने के लिए सचिव, रेवेन्यू बोर्ड, उड़ीसा सरकार ने (पत्र संख्या 95/81/7408 जनरल दिनांक कटक, 20 नवम्बर, 1981 द्वारा) निदेशक, केन्द्रीय ईंधन अनुसंधान संस्थान (सी०एफ०आर० आई०) से यह निवेदन किया कि वह ऊपर बताई गई जांच के लिए जगन्नाथ कोयला खान में अपने प्रतिनिधि को तैनात करें ।

3.0 तदनुसार, श्री डी०के० भट्टाचार्य वैज्ञानिक, के०ई०अ० स० (सी०एफ०आर०आई०) (जो कोयला सर्वेक्षण प्रयोगशाला बिलासपुर, मध्यप्रदेश में तैनात थे) को यह निदेश दिया गया कि वह कोयला खान का निरीक्षण करें और जांच कार्य सम्पन्न करें ।

4.0 श्री भट्टाचार्य ऊपर बताए गए दोनों सौंपे गए कार्यों के साथ 23-12-1981 को तालचेर पहुंच गए ।

5.0 केन्द्रीय खनन शोध केन्द्र (सी०एम०आर एस०) धनबाद से भी वैज्ञानिकों का दूसरा दल इसी प्रकार के सौंपे गए कार्य को लेकर इस क्षेत्र का निरीक्षण करने के लिए जैसा कि माननीय जांच न्यायालय ने इच्छा प्रकट की थी ।

6.0 तालचेर में 23-12-81 से 25-12-81 तक की जांच की अवधि के दौरान श्री भट्टाचार्य और केन्द्रीय खनन अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक जिनके साथ निदेशक खान सुरक्षा, भुवनेश्वर भी थे, केन्द्रीय कोयला लिमिटेड (सी०सी०एल०) और सी०एम० पी० डी०आई० के प्रतिनिधि दुर्घटना के स्थलों का कई बार देखने गए और इसके उपरान्त उनमें अनेक बार चर्चाएं हुई ।

6.1 जांच और चर्चाओं की अवधि के दौरान जो अधिकारी उपस्थित रहे वे इस प्रकार हैं :

1. श्री डी०के० भट्टाचार्य	वैज्ञानिक, केन्द्रीय ईंधन अनुसंधान संस्थान
2. डा० टी०एन० सिंह 3. डा० एम०सी० बनर्जी 4. डा० बी०डी० बालिगा	वैज्ञानिक, केन्द्रीय खनन अनुसंधान केन्द्र
5. श्री के० पाल,	निदेशक, खान सुरक्षा, भुवनेश्वर
6. श्री सी०आर० दाश, तकनीकी सचिव 7. श्री आर० सिंह—महाप्रबन्धक—तालचेर	केन्द्रीय कोयला लिमिटेड
8. श्री ए०के० त्रिपाठी, खान अधीक्षक, जगन्नाथ	कोयला खान के० को०लि०
9. श्री महन्तो	एजेंट जगन्नाथ कोयला खान
10. श्री जे०के० सिन्हा	वरिष्ठ भूवैज्ञानिक, सी० एम० पी०डी०आई० तालचेर क्षेत्र ।

7.0 इन निरीक्षणों और चर्चाओं के दौरान इस बात के प्रयत्न किए गए कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जाए जिसका आधार उपलब्ध सूचना और स्थल पर अभी भी दिखने वाला परिस्थितिजन्य साक्ष्य और खान—सुरक्षा महानिदेशक, भुवनेश्वर की रिपोर्टें तथा के० कोलि० (सी० सी० एल) के प्राधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराए गए स्थल के फोटो (जो दुर्घटना के बाद 2-3 दिनों में ही लिए गए थे) ।

8.0 जगन्नाथ कोयला खान की मार्गदर्शी (पायलट) खदान में दुर्घटना का स्थल दो वृहद् सबसे अधिक मूल्यवान (लगभग) प्रवृत्त भ्रंशों की द्रोणिका में है और कोयला खान सम्पत्ति के लगभग आखिरी दक्षिणी भाग की ओर ही स्थित है । यह बताया जाता है कि इस आधार पर खदान की चौड़ाई लगभग 120 मीटर है । यह खदान 1970 में दक्षिणी पूर्वी किनारे पर शुरू हुई थी और उसके बाद इसकी प्रगति पूर्व से पश्चिम की हुई है ।

8.1 इस खदान में दो कार्यशील कोयला संस्तर हैं अर्थात् संस्तर 3 और संस्तर 2 (जो स्थानीय रूप से जगन्नाथ संस्तर कहलाते हैं) । संस्तर 3 की पट्टे की खुदाई हो चुकी थी । संस्तर 2 के बारे में यह बताया गया है कि इसकी दो पट्टियों में कार्य चल रहा है । इन दोनों पट्टियों में से प्रत्येक पट्टी की ऊंचाई ऊपर से 8–10 मीटर है । इसका लगभग 15 मीटर तले का भाग भविष्य में खोदने के लिए छोड़ दिया गया था ।

8.2 यह बताया जाता है कि खदान के दक्षिणी भाग में यह दुर्घटना हुई थी । इस दुर्घटना से कुछ समय पूर्व खदान के कुछ हिस्से में आग लग गई थी ।

9.0 दुर्घटना की कुछ विशेष बातें इस प्रकार हैं :

9.1 24 जून, 1981 को लगभग एक बजे सायंकाल गर्म राख और धूल का बहुत बड़ा बादल दिखाई दिया । यह बादल लगभग 30 मीटर ऊंची खदान के किनारे के स्खलित होने से उठा था और इसके कुछ भाग में आग लगी हुई थी । स्खलन के साथ ही और/अथवा इसके बाद एक संभव प्रस्फोट हुआ । खदान तल (अर्थात् उत्तरी तल की ओर) की दूसरी ओर लगभग 60 मीटर की दूरी पर उपस्थित चौदह व्यक्ति बादल में घिर गए । उनके जलने से चोटें आयीं । उनमें से 10 व्यक्ति 10 दिन के भीतर ही अपनी चोटों के कारण कालकवलित हो गए ।

9.2 यह बताया जाता है कि दुर्घटना के समय खदान में हताहतों की स्थिति को देखते हुए 80 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक अलग-अलग जलने से चोटें आई हैं ।

9 3 इनमें से कुछ हताहतों की खाले फफोलों जैसी उभड़ गई थी जिससे भयंकर जलने की दशा प्रकट होती है।

9 4 हताहतों के शरीर बारीक राख से ढके हुए थे। यहां तक कि ये राख मुंह और नथुनों में घुस गई थी लेकिन यह बताया जाता है कि उनके बाल नहीं झुलसे थे और उनकी खाल भी नहीं झुलस पायी थी जैसा कि चर्चा के दौरान डा० मोहन्ती सर्जन विशेषज्ञ रीजनल अस्पताल तालचेर से विदित हुआ था। यह भी ज्ञात हुआ है कि जलने का प्रभाव केवल शरीर के उन्हीं अंगों पर हुआ है जो खुले हुए थे। शरीर के ढके हुए अंग (कपड़ों से ढके हुए अंग) पर प्रभाव नहीं हुआ है। इस बात के भी कोई साक्ष्य नहीं मिले कि विषैली गैसों का श्वास लेने पर कोई प्रभाव हुआ है।

9 5 यह बताया जाता है कि उड़ते हुए पत्थर के टुकड़ों या इसी प्रकार के अन्य पदार्थों से कोई चोट नहीं आयी है।

10 0 यह बताया जाता है कि लगभग 800 टन पत्थर का मलबा दुर्घटना के स्थल पर दक्षिणी भाग के सहारे निचले अनत हुए क्षेत्र तक लगभग 20 मीटर चौड़ी पट्टी के अंश के नीचे स्खलित हुआ था।

10 1 यह बताया जाता है कि आग खदान के वर्तमान तल के ऊपर लगभग 10 मीटर दक्षिणी भाग की ओर मलबे में सक्रिय रही थी।

10 2 यह भी बताया जाता है कि उस खदान के तल के पूर्वी भाग से निकाला हुआ ताजा खान कोयला का ढेर भी था जो दुर्घटना के स्थल के निचले भाग से दूर लगभग 18 मीटर पर था।

10 3 दुर्घटना के दौरान कोयला ढेर तक स्खलित चट्टानों के पदार्थ पहुंचे जिनमें कई बड़े आकार के शिलाखंड थे।

10 4 खदान तल के स्खलन के बाद भूरे/काले/स्लेटी-रंग जैसे राख/धूल के वृहद बादल आ गए जो खदान के ऊपर हवा में बहुत ऊंचे उठ गए और इसके बाद वे बैठ गए तथा 5 से 10 मिनट में एक बहुत बड़े क्षेत्र को आच्छादित करके छितरा गए।

10 5 धूल के अवपात ने त्रिकोण की आकृति बना ली। इसके बायें और दाहिने भाग घाटी (दुर्घटना का स्थल) से लगभग 90 मीटर तक फैल गई थी जबकि इसके आधार में उत्तरी सतह के साथ लगभग 200 मीटर लम्बाई का क्षेत्र आच्छादित कर लिया था।

10 6 विभिन्न आकार के खंगरों, जले हुए कोयले पत्थरों के टुकड़े आदि (जैसा कि 10 5 में उल्लेख किया गया है) इस क्षेत्र में सभी ओर बिखर गए और बाद में महीन राख/धूल की परतों से ढक गए।

11 1 निरीक्षण के दौरान मार्गदर्शी (पायलट) खदान जहां दुर्घटना हुई थी, तल की ओर पानी से भरी हुई थी और यह बताया जाता है कि इसकी सतह 4 5 से लेकर 5 मीटर पानी में भरी हुई थी। मूल गर्त जो पूर्वी भाग (दुर्घटना से पूर्व) स्थित था में बाढ़ आ जाने के फलस्वरूप फैल गया और उस क्षेत्र में दलदल हो गया तथा दुर्घटना स्थल (जिसका निरीक्षण दुर्घटना के ठीक छ महीने बाद अर्थात् 24-12-81 को किया गया) का सतही क्षेत्र मलबे और पानी से भर गया था।

11 2 पानी के भर जाने के कारण अधिकांश धूल के अवपात, जले हुए, कोयले के तितर-बितर टुकड़े अथवा खंगर आदि जिनके सम्बन्ध में यह बताया जाता है कि यह विस्फोट के सीधे ही परिणाम हैं दिखाई नहीं दे रहे थे और/अथवा अपनी मूल स्थिति से बिगड़ चुके थे।

11 3 स्खलित क्षेत्र अर्थात् दुर्घटना की समस्या का स्थान प्राकृतिक एजेंसियों (खदान जो दुर्घटना के दिन से खान कार्य के लिए बंद रही) के कारण अस्त-व्यस्त भी हो गया था।

11 4 दक्षिणी भाग (अर्थात् स्खलन का भाग) में सर्वत्र ऊपरी सतह, छिद्र, दरारें विदर स्खलित किनारे आदि में भी अपनी पूर्व-स्थिति आकार अथवा आकृति में प्रकृति की भी विषमताओं के कारण काफी परिवर्तन आ गए थे।

11.5 दक्षिणी भाग (दुर्घटना स्थल में और उसके चारों ओर) में मौजूदा सक्रिय आग की स्थिति भी स्थानान्तरित हो गई लगती।

कुछ शब्दों में यह अभिलेख करना भी महत्वपूर्ण है कि गत छ महीनों में इस दुर्घटना स्थल में काफी परिवर्तन हुए हैं इसलिए पर्याप्त सीधे साक्ष्य जो इस दुर्घटना के कारणों और परिस्थितियों की ओर उन्मुख करते हैं स्पष्ट रूप से या तो बदल गए हैं या समाप्त हो गए हैं।

11 6 ऊपर बताई गई स्थितियों और सीमाओं में इस प्रकार के प्रयत्न किए गए हैं कि इस दुर्घटना के सभाव्य कारणों का पता लगाया जाए। ये कारण खान सुरक्षा विभाग, भुवनेश्वर और केन्द्रीय कोयला क्षेत्र रांची की रिपोर्टों तथा उपलब्ध फोटो और ऊपर बताए गए अधिकारियों के पारस्परिक चर्चा के दौरान प्राप्त अन्य साक्ष्यों के आधार पर पता लगाए गए हैं।

11 7 मार्गदर्शी (पायलट) खदान का दक्षिणी भाग भ्रंश तल के बहुत निकट था। यह बताया जाता है कि इस प्रक्षेप का विस्तार उत्तर की ओर 100 से 140 मीटर तक होगा। इस तथ्य की जांच सी० एम०पी०डी० आई०, 1975 की संशोधित दक्षिणी बालन्दा रिपोर्ट (स्केच मानचित्र संख्या डी सी 3281) में कर ली गई है। 'भ्रंशतल' न्यूनाधिक रूप से बहुत समीप ही बताया जाता है। कहना चाहिए कि यह भ्रंशतल छिद्र एम०सी०टी०बी० 117 (कोआर्डिनेट+2257 32 डिपार्चर-2464 05) के उत्तर में 6 मीटर की दूरी पर स्थित है और एम०सी० टी०बी०-181 की आर्डिनेट+1962 15 डिपार्चर--1171 89) के उत्तर में लगभग 10 मीटर दूरी पर है और एम०सी०टी०बी० 178 (कोआर्डिनेट+1911 89 डिपार्चर-852 21) के आठ मीटर उत्तर में स्थित है। इस निरीक्षण के दौरान छिद्र की स्थिति नहीं दिखी क्योंकि दक्षिणी सतह के समीप ही मिट्टी का ढेर था और सतह अधिक अस्त-व्यस्त हो गई थी।

11 8 यह बताया जाता है कि भ्रंश का नमन लगभग 50° से 55° तक का होगा और भ्रंशतल का झुकाव पश्चिम उत्तर—पश्चिम-पूर्व और दक्षिण-पूर्व की ओर रहा है परन्तु शिथिल मलबे से ढके होने के कारण इसकी जांच नहीं की जा सकी।

12 0 सभावित कारण

दुर्घटना के होने से पूर्व घटनाओं और परिस्थितियों का पहले ही अभिलेख किया गया है। महा-निदेशालय, खान सुरक्षा भुवनेश्वर तथा म० को०लि० (सी०सी०एल०) ने रिपोर्टें तैयार की हैं। घटनास्थल के अध्ययन और निरीक्षण से परिस्थिति के साक्ष्य भी मिले हैं। इस दुर्घटना के कतिपय स्मृतिशेष भी हैं। इन सभी अभिलेखों, रिपोर्टों, अध्ययनों, निरीक्षणों तथा स्मृतिशेषों के आधार पर यथाशक्ति उन कारणों की जांच हो सकी है जिनसे यह दुर्घटना हुई है यह दुर्घटना 24 जून, 1981 को हुई थी। इसके अलावा, इस दुर्घटना के उन हताहतों की बातों से प्रकार से भी इस घटना के कारण का पता लगता है जिनमें दुर्भाग्यवश कतिपय कामगारों का निधन हो गया।

12 1 पहले यह ध्यान देना चाहिए कि जगन्नाथ सम्स्तर कोयला में उच्च आर्द्रता उच्च वाष्पशीलता, निम्न कोटि का राखयुक्त कोयला है और इस प्रकार के कोयले में आक्सीजन के अवशोषण का स्वत: आक्सीकरण और अपने आप ही आग लग जाने की प्रवृत्ति होती है। वास्तव में, सन्दर्भगत मार्गदर्शी (पायलट) खदान का विकास हो गया था और 1970 में ही खनन प्रारम्भ कर दिया गया था, फिर भी, यह बताया जाता है कि मई, 1977 में दक्षिणी भाग में अपने आप ही आग लग गई थी और इस सेक्टर में पुराने छूटे हुए अंगारे वर्षा पर्यन्त सुलगते रहे थे।

12.2 जैसा कि पहले ही जो स्थल बताया गया है, उस स्थान में स्वत: आग का प्रसार प्रारम्भ हो गया था। यह आग स्वतः दीर्घकालीन थी क्योंकि उन दरारों, विदरों और छिद्रों में से उन क्षेत्र में वायु का बराबर अन्तःप्रवेश हो गया था जो उस समय खनन-कार्य से निर्मित हो गए थे और/या आग के प्रकोप और कोयले की पर्याप्त राख बन जाने के कारण स्वस्थान पर ही खुल गए थे। इस बात पर भली भांति ध्यान किया जा सकता है कि बताई गई दुर्घटना से लगभग चार वर्ष पूर्व के लिए बराबर आग के रहने से स्पष्टतया बड़े-बड़े आकार और भार के अंगार आग को लपेटे हुए होंगे जो कोयले के गहरे तल के भीतर स्पष्टतया सुलग रहे होंगे।

12.3 यह विचार करना भी संगत है कि मलबे के खुले पिंड का निर्माण और संचय दक्षिणी भाग के ऊपरी क्षेत्रों में स्वाभाविक अपक्षय की प्रक्रिया से हुआ होगा। इस प्रकार के मलबे में मुख्यतया पत्थर, चट्टानें, स्लेट जैसी मिट्टी की परतें, मिट्टी आदि शामिल हैं लेकिन ऐसे मलबे में कोई भी स्थायित्व नहीं होता क्योंकि विशेष रूप से भंगतल के चारों ओर का क्षेत्र अस्त-व्यस्त हो गया है। इसलिए इसका सर्वेक्षण किया जा सकता है कि अपने आप ही लगी आग का मूल स्थान धीरे-धीरे लेकिन कठोरता से उन दोनों ही कोयला और चट्टान पिण्डों के ढेरों के अवपातों से आच्छादित हो गया होगा जो सतह पर शिथिलता से लटक रहे थे और यह आच्छादन इस स्थान में स्वतः आग के लगातार प्रसार से उत्पन्न स्वस्थान पर निर्मित अंगारों द्वारा भी हुआ है।

12.4 यह भी स्मरण करना संगत है कि इस दुर्घटना से जो व्यक्ति बच गए, उन्होंने यह बताया है कि विस्फोट से ठीक पहले दुर्घटना स्थल के पास और उसके तल के साथ बड़े आकार की चट्टानों के मलबे में हलचल हो उठी थी और वह मलबा स्खलित हो उठा था। दुर्घटना के बाद के विश्लेषण से यह पता लगा है कि लगभग 800 टन मलबा तल के नीचे स्खलित हुआ था और यह मलबा खनन के तल में मौजूदा जमा कोयले से नीचे की ओर 18 मीटर लुढ़क गया था।

12.5 अभी एक बात और भी संगत है जो दुर्घटना के कारण और उसके घटित होने के संबन्ध में विचारणीय है। इस स्थल के बाद में जांच करने से भी पता लगा है कि उसने पुराने कार्य-स्थलों को घेरते हुए या उनकी सतह को आच्छादित करते हुए कई छिद्र, दरारें और विदर दिखाई दिए हैं। इस विचार से यह ठीक ही लगता है कि इस दुर्घटना के घटित होने से पूर्व इस प्रकार के विदरों, छिद्रों और दरारों से अपनी का आसवन किया है जो उस कोयले के तल तक है जिसमें आग लग गई थी और यह आग प्रारम्भ में अपने आप ही ज्वलित हुई थी। इस प्रकार लगातार ज्वलन के कारण गर्म कोयला तल और स्वस्थान पर निर्मित झुलसे हुए कोयले में से पानी की लगातार पारगम्यता रही है जिसके कारण किसी न किसी प्रकार गर्मी की प्रतिक्रिया हुई जो कार्बन-डाइआक्साइड, कार्बनमानोआक्साइड और हाइड्रोजन निर्मित करने में उन्मुख हुई है।

12.6 यह भी भलीभांति स्पष्ट है कि कोयले की दहनशीलता प्रायः ताप अपघटन के साथ मिली-जुली होती है जिसे आमतौर पर कोयले का कार्बनीकरण कहा जाता है। चूंकि जले हुए कोयले के बड़े बड़े खण्डों की सतह आवश्यक रूप से कार्बनीकरण तथा वाष्प के निर्माण की ओर उन्मुख होती है, इसलिए सतह की प्रदीप्ति आग कोयला पिण्ड (जिसमें आक्सीजन सप्लाई का अभाव होता है) के भीतर घुस जाती है और इस प्रकार कोयला-तल के भीतर गहराई में पर्याप्त कोयले का कार्बनीकरण हो जाता है। इस, प्रकार की प्रक्रिया से देर तक ठहरने वाले वाष्पकरण और मेथेन तथा हाइड्रोजन से प्रचुर गैसों का निर्माण होगा तापमान, कार्बनीकरण और इसकी यांत्रिक प्रक्रिया के प्रयोगशाला अध्ययन से इस बात का पता लगा है कि लगभग 2000 घनफुट (जिसमें कुछ मेथेन हाइड्रोकार्बन सम्मिलित है) और कोयला निम्नवर्ग के ऊपर युक्त कोयले यथा जगन्नाथ संस्तर कोयला 600° सेंटीग्रेड पर या इस तापमान तक उत्पन्न होने की संभावना है

12.7 संक्षेप में अनेक सहवर्ती रासायनिक प्रतिक्रियाएं यथा दहन, गैसीकरण और कोयले का कार्बनीकरण के प्रारम्भ और प्रसार को समर्थित करने वाले तर्क तथा चट्टान के मलबे स्खलित होने से क्षेत्रों में इस प्रकार की प्रतिक्रिया के धीरे-धीरे होने से यह भलीभांति विचार किया जा सकता है कि इस स्थिति ने आवश्यक रूप से ऐसे उपाय निकाल लिए हैं जिससे शायद बताया गया प्रस्फोट और स्पष्टतया विस्फोट की पराकाष्ठा विदित होती है

संक्रिया प्रतिक्रिया वाले क्षेत्रों के आच्छादन के बारे में यह कहना संगत है कि यह वर्षों से हो रहा होगा जबकि अपने आप लगने वाली आग प्रारम्भ से ही चली आ रही होगी जब तक कि एक ऐसी स्थिति आ गई जिसमें राख और चट्टानों के भारी आच्छादन के कारण शेष गैसों का निष्कासन उत्तरोत्तर कठिन होता गया और इस प्रकार इस क्षेत्र में गैस का दबाव बनने लगा। इस तरह की गैसों का प्रकार और उनकी संरचना एक महत्वपूर्ण कारण है जो विस्फोट के कारण का पता लगाने के लिए ध्यान में रखना चाहिए।

12.7.1 पर्याप्त हवा में अपने आप ही आग का दहन आवश्यक रूप से कार्बनडाइआक्साइड और पानी का निर्माण करेगा लेकिन यदि इस प्रकार की स्वतः आग का स्थान या स्थल अवशेष राख से आच्छादित हो जाता है और बड़े-बड़े आकार की चट्टानों के मलबे से ढक जाता है तो ऐसी स्थिति में जो प्रतिक्रिया होगी उससे यह संभावना है कि कार्बनडाइआक्साइड की अपेक्षा अधिक मात्रा में कार्बनमोनोक्साइड का निर्माण होगा।

12.7.2 दूसरे, स्वतः आग के साथ गैसीकरण की प्रतिक्रिया का होना भी संगत है और इससे आवश्यक रूप से कार्बनमोनोक्साइड और हाइड्रोजन का निर्माण होगा।

12.7.3 तीसरे, जैसे कि पहले ही बताया जा चुका है कि एक ही स्थल पर कोयले की भीतरी गहराई में कार्बनीकरण काफी मात्रा में गैसों को उत्पन्न करेगा जिनमें मेथेन और हाइड्रोजन की प्रचुरता होगी

12.7.4 इन प्रतिक्रियाओं के घटित होने पर विचार करते हुए और इसके साथ ही साथ महीनों तक पर्याप्त मात्रा में राख और चट्टानों के मलबे से आच्छादित होने के कारण यह स्पष्ट है कि अंगारों और मलबे की गैसों का संचयन धीरे-धीरे काफी दबाव तैयार कर देगा।

12.8 इस अवस्था में इस पर भी ध्यान दिया जाना अधिक महत्वपूर्ण है कि इस घटना से कुछ दिन पूर्व 16, 18, 20, 21, 22, और 23 जून को लगातार तेजी से वर्षा हुई जो कुल मिलाकर लगभग 206 मिलीलीटर होती है। ऐसी वर्षा होने और इसके बाद ऊपर बिखरे हुए चट्टानों के मलबे में से आग के स्थल में वर्षा के पानी के अन्तःस्रवण और प्रसार के कारण यह स्थिति अधिक भयंकर हो गई होगी जिसके फलस्वरूप गैस-निर्माण की प्रतिक्रिया बढ़ी होगी और इस प्रकार अधिक दबाव बना होगा। इस प्रकार की घटनाओं से समस्त क्षेत्र अस्त-व्यस्त होना चाहिए जिससे कम्पन होगा और पर्याप्त चट्टान-पिंड का स्खलन होगा जिसके कारण अपेक्षाकृत अधिक छोटी खाईयां, दरारें और विदर बन जाएंगे जो आग को आच्छादित करने वाले गैस क्षेत्र में से वायु के एकाएक बाहर निकलने के लिए कारण बनेंगे। अन्दर आने वाली वायु और दबावग्रस्त दहनशील गैसों यथा हाइड्रोजन से उच्च प्रकार का विस्फोट मिश्रण तैयार होगा जो भयंकर विस्फोट और प्रस्फोट की ओर उन्मुख होगा। इस प्रकार की स्थिति ने एकाएक ऐसा मुख बना लिया है जो ज्वालामुखी पर्वत के ज्वालामुख के समान होता है और इसमें से टनों अंगारे, शिलाखंड और राख आदि काफी बल के साथ बाहर निकली होगी। इस बात पर भी ध्यान दिया जा सकता है कि इस प्रकार की अनेक घटनाओं ने सर्वप्रथम पत्थरों और मिट्टियों को निष्कासित किया होगा जिसके कारण काफी मात्रा

में चट्टानों और शिलाखण्डों का स्खलन हुआ होगा जो खदान के तल के पिछले भाग से लघु कोयली ढेर से लगभग 18 मील की दूरी पर प्रत्यक्षतः सुलक गए होंगे। इसके मुख में से पत्थरों और मिट्टियों के प्रस्फोट के शीघ्र बाद धूल/राख उत्तरी तल की ओर प्रक्षेपित रूप में आई होगी इन अंगारों के प्रकार का बाद में विश्लेषण किया गया और इन अंगारों का खदान की द्रोणी में प्रसार के बारे में अध्ययन किया गया जिससे इस बात का समर्थन होता है कि धूल के बादलों का प्रसार हुआ होगा।

12 9 इस बात पर ध्यान देना अधिक तर्कसंगत है कि विस्फोट करने वाली जटिल गैस का दबाव एक ही दिन में नहीं बन पाया था परन्तु यह दबाव कई महीनों से बन रहा था जबकि आच्छादित मलबे में से दहनशील गैसें धीरे-धीरे निकल भी रही थीं लेकिन जब गैस का दबाव ऐसे बिन्दु पर आ पहुंचा जिसके बाद आच्छादित चट्टान के मलबे को इस प्रकार का दबाव सहन नहीं हो सका तो स्वभावगत तथाकथित ज्वाला-मुख का निर्माण हो गया और स्खलन हुआ जिसके परिणामस्वरूप पत्थर शिलाखंडों का निष्क्रमण हुआ और इसके बाद राख धूल के बादल आ गए। आच्छादित चट्टान के मलबे की गतिशीलता इधर-उधर हो जाने से कई दरारें और विदर पैदा हो गए जिनसे गैस-क्षेत्र में एकाएक अन्त स्फोट हुआ जिसके परिणामस्वरूप मैथैन-वायु, कार्बनमोनोआक्साइड वायु और हाइड्रोजन वायु के मिश्रणों का विस्फोट हुआ। इसके फलस्वरूप काफी आयतन की अधिक गर्म क्षीण गैस बनी होगी जो स्पष्टतया काफी बल के साथ बाहर निकल आयी जैसा कि कोई प्रक्षेप खदान के उत्तरी भाग में हुआ हो। गर्म गैस और वाष्प के इस प्रकार के एकाएक निकलने के साथ ही साथ बारीक गर्म अंगारे भी उसमें मिल गए जो अभागे हताहतों तक 300° से 400° के तापमान तक पहुंच गए जिसके फलस्वरूप उन हताहतों के खुले अंग झुलस गए और भुन गए लेकिन स्पष्ट रूप से झुलसे नहीं दिखाई दिए। यह अनुमान डाक्टरों की शव-परीक्षा के बिल्कुल समतुल्य है जिसका संबंध चोट के उस प्रकार से है जिनके कारण कई व्यक्तियों की मृत्यु हुई। इतने तापमान के सामने आने से यह अनुमान किया जाता है कि इससे खाल और बाल के झुलसे बिना ही सतही गंभीर जलने की चोटें आई हैं। इस प्रकार की गर्म वायु जिसमें विशेषतया बारीक गर्म धूल मिली हुई थी, के निष्क्रमण और अन्तर्ग्रहण से फेफड़ा और फुफ्फुस की धमनियों में इस प्रकार की चोटें होना पर्याप्त है जैसी कि कतिपय हताहतों के मामले में रिपोर्ट की गई है।

13 0 सारांश

मार्गदर्शी (पायलट) खदान के दक्षिणी भाग में कहीं आग के क्षेत्र में लगातार घटनाएं हुईं जिनके कारण जगन्नाथ कोयला खान में दुर्घटना हुई है। इस क्षेत्र में लगातार आग का लग जाना और मई, 1977 से बराबर आग के प्रसार के बारे में बताया गया है लेकिन इतने से ही इतना भयंकर प्रस्फोट और विस्फोट नहीं हो सकता जब तक कि अन्य कई घटनाएं इस स्थिति के लाने के लिए साथ-साथ न घटें और वेग से न हों।

इस क्षेत्र में सुलगती हुई आग स्वतः उत्पन्न राख और अंगारों से धीरे-धीरे ढक गई होगी और बाद में पुराने कार्यशील भागों के अवपात से गिरे हुए शिथिल पदार्थ और धीरे-धीरे नष्ट होने के कारण काफी मात्रा में चट्टानों का मलबा भी आच्छादित हो गया होगा। इसके अलावा सुलगी हुई आग कोयला तल में उस स्थल तक घुस गई जो बृहद् अश्मतल के स्खलन के समीप अस्त-व्यस्त क्षेत्र में स्थित था।

इस प्रकार इसके परिणामस्वरूप आग के क्षेत्र के भारी आच्छादन से कोयला तल के भीतर और बाहर कई प्रकार की रासायनिक प्रतिक्रियाओं का कारण बन गया अर्थात् दहन, गैसीकरण और कार्बनीकरण इन सभी से बराबर गैसें बनती रहीं जिसका परिणाम यह हुआ कि आग के क्षेत्र में बहुत गहराई में अधिक दबाव पैदा हो गया। इसके फलस्वरूप यह दबाव ऐसी जटिल सीमा तक पहुंच गया कि चट्टानों के मलबे की ऊपरी परत काफी शक्ति से प्रस्फुटित हो गई और जिसके कारण एक मुख बन गया। परिणाम यह हुआ कि इस मुख में से गैस क्षेत्र की हवा का एकाएक अन्तः प्रवाह हुआ जिसके परिणामस्वरूप दबाव के कारण उच्च दहनशील गैस के मिश्रणों का विस्फोट हुआ अर्थात् मैथैन वायु, कार्बनमोनोआक्साइड-वायु और हाइड्रोजन-वायु का मिश्रण हुआ था। आग-क्षेत्र की गहराई में इस प्रकार के विस्फोट से शायद अधिक मात्रा में चट्टानों के मलबे का स्खलन हुआ और पर्याप्त आयतन की क्षीण गर्म गैसें भी उभरकर बाहर आईं जिनके साथ बारीक गर्म राख की धूल और अंगारे थे जो उत्तर भाग की ओर प्रक्षेपित हुए जिनके फलस्वरूप अभागे हताहत झुलस गए और उसमें भुन गए।


अनुबन्ध 4
प्रबन्धवर्ग संरचना
क्षेत्र और जगन्नाथ परियोजना
(केवल खनन विधा)
महा प्रबन्धक
(ए० पाल)
एजेन्ट
जगन्नाथ
(ए० के० त्रिपाठी)
एजेन्ट
1. एम० बाला डे
(एन० एन० साहू)
2. तालचिर
(बी० एन० मिश्रा)
3. डेंडलबेरा और
हांडो धुआ
(डी० जी० दास)
4. नन्दिरा
(ए० मुखर्जी)
डिप्टी सी० एम० ई०
(एम० महतो)
स्टाफ अधिकारी
(बी० खान)
क्षेत्र सुरक्षा
अधिकारी
(टी० शर्मा)
क्षेत्रीय
प्रशिक्षण
अधिकारी
(एन० सत्पथी)
व्यावसायिक
प्रशिक्षण अधिकारी
(पी० सी० दास)
कोयला-खान प्रबंधक
(एस० के० डे)
सहायक प्रबंधक:
1. एम० के० रस्तोगी
2. आर० टी० तिवारी
3. बी पी० विश्वास
सुरक्षा अधिकारी
(ए० के० नायक)
ओवर मैन (4)
खनन सरदार (3)
ब्लास्टिंग फोरमैन (1)
सीनट फायरर (1)

अनुबन्ध 5

जगन्नाथ कोयला खान के खान कर्मचारियों और अधिकारियों की सूची

खनन :

1. एजेण्ट/परियोजना अधिकारी : श्री ए० के त्रिपाठी
2. प्रबंधक : श्री एम० के० डे
3. सहायक प्रबंधक : श्री एम० के० रस्तोगी
4. सुरक्षा अधिकारी : श्री ए० के० नायक
5. अवर प्रबंधक : (क) श्री बी० पी० विश्वास
(ख) श्री आर० तिवारी
6. ब्लास्टिंग फोर मैन : श्री पी० सी० देश
7. शाटफायरर : श्री नायक
8. ओवर मैन/सीनियर ओवर मैन : श्री नवीन नायक
श्री एस० एम० दास
श्री एम० साहू
श्री एम० सी० डे
9. खनन सरदार : श्री डी० राउत
श्री उमेश पटनायक
श्री पवित्र प्रधान

ई० एण्ड एम० सेक्शन :

1. कोयला-खान इंजीनियर : श्री ए० ए० अनवर, सीनियर ई० ई०
2. अधिशासी अभियन्ता : श्री पी० आर० दास
3. इंजीनियर : श्री एस० के० बनर्जी
4. विद्युत सुपरवाइजर : श्री आर० प्रसाद
5. फोरमैन : श्री आर० के० मोहन्ती
6. चार्जमैन : श्री एल० सिंह

उत्खनन अनुभाग

1. अधीक्षक अभियन्ता : श्री आर० यू० राय
2. अधिशासी अभियन्ता : श्री बी० के० राव (यांत्रिक)
श्री बी० के० लामा (विद्युत)
3. कनिष्ठ कार्यकारी प्रशिक्षार्थी : श्री रामजी
4. जनरल फोरमैन : श्री जागीर चन्द
5. फोरमैन इंचार्ज : श्री ए० एन० सरकार
श्री पूरन चन्द
श्री एल० एस० चौहान
श्री ओ० आई० आ
मोहम्मद वहीद
6. फोरमैन : श्री बी० पी० कर
श्री बी० पी० पति
श्री वर्मा
श्री एन० के० बारिक
श्री बी० बी० विश्वास
श्री राजू

सिविल अनुभाग :

1. अधिशासी अभियन्ता : श्री एम० चक्रवर्ती
2. इंजीनियर : श्री एस सदानन्दन
3. ओवरसियर : श्री पी० के० मण्डल
4. कार्य खलासी : श्री रवि साहू

चिकित्सा अनुभाग :

1. डॉक्टर : श्रीमती एस० मोहराना

अन्य :

1. प्रशासनिक अधिकारी : कैप्टन एस० एम० शर्मा
2. लेखाधिकारी : श्री बी० डी० पांडे
श्री एस० खां
श्री के० एस० प्रसाद
3. श्रम कल्याण अधिकारी : श्री एम० विश्वास

अनुबंध 6

जून, 1981 के महीने के लिए वर्षा की रिपोर्ट

(दक्षिणी बालन्दा कोयला खान)

तारीख	मिली मीटर में वर्षा
1-6-81 . 15-6-81	कुछ नहीं
16-6-81	23.00
17-6-81	कुछ नहीं
18-6-81	21.00
19-6-81	कुछ नहीं
20-6-81	36.00
21-6-81	105.00
22-6-81	5.00
23-6-81	16.00
24-6-81	कुछ नहीं
25-6-81	5.00
26-6-81	कुछ नहीं
27-6-81	कुछ नहीं
28-6-81	6.00
29-6-81	2.50
30-6-81	2.00

क्षेत्रीय प्रयोगशाला

दक्षिणी बालन्दा कोयला खान

अनुबंध 7(क)

दुर्घटना में ग्रस्त व्यक्तियों की सूची

क्रम संख्या,	व्यक्तियों के नाम	लिंग	आयु	पता	अन्य विवरण
1	2	3	4	5	6
मृतक :					
1	रमेश उर्फ रमकई गगरई सुपुत्र चन्द्र गगरई	पुरुष	25 वर्ष	ग्राम--रंगलगुण्ड, डाकखाना--डंगरी खीमर पल्ला हारा, ढेंकानाल	24-6-81 को 19 20 बजे निधन हो गया।
2.	चन्द्रे मुण्डा सुपुत्र येचीकुल्लाह	तदैव	27 वर्ष	-तदैव-	24-6-81 को 21 05 बजे निधन हो गया।
3	उज्छब पुरती सुपुत्र सुवर्णन पुरती	तदैव	28 वर्ष	डाकखाना--मेंडारी बेडा, ग्राम--मल्लूरी थाना--खामर पल्लाहारा, ढेंकानाल	24-6-81 को 21.15 बजे निधन हो गया।
4.	मधु पुरती	तदैव	25 वर्ष	-तदैव-	24-6-81 को 24.00 बजे निधन हो गया।
5.	तुलसी गगरई पत्नी सुरेश सिंह गगरई	महिला	19 वर्ष	ग्राम--गरहपुर डाकघर--थाना-- सुकिन्दा, जाजपुर कटक	25-6-81 को 13 00 बजे निधन हो गया।
6.	निरंजन मोहराना सुपुत्र सोना मोहराना	पुरुष	22 वर्ष	ग्राम---गैंगलमुण्डा डाकखाना खामेर पल्लाहारा, ढेंकनाल	26-6-81 को 12.30 बजे निधन हो गया।
7.	मधुसूदन नायक सुपुत्र हातिया नायक	पुरुष	25 वर्ष	ग्राम--बारापाली डाकखाना, कुलीनाशपुर थाना--ठाकुरगढ़ अवमल्लिक	29-6-81 को 17.15 बजे निधन हो गया।
8.	राधा पत्नी मधूपुरती	महिला	25 वर्ष	ग्राम--मल्लूरी डाकखाना-मुल्लूरी बाड़ा, पल्लाहारा, ढेंकानाल	30-6-81 को 20.15 बजे निधन हो गया।
9.	सुरेश सिंह गगरई	पुरुष	25 वर्ष	ग्राम--गुरहपुर डाकखाना/थाना सुकिन्दा, जाजपुर, कटक	1-7-81 को 01.45 बजे निधन हो गया।
10.	गुरुवारी सुपुत्री जीमी सिंह	महिला	22 वर्ष	ग्राम/डाकखाना कुन्जैम खमार, पल्लाहारा ढेंकानाल	4-7-81 को 01.10 बजे निधन हो गया।
हताहत :					
1.	जानकी सुपुत्री दबारा रगरई	महिला	20 वर्ष	ग्राम---रेंगलमुण्डा डाकखाना---डूगरी थाना--खमार, पल्लाहारा ढेंकानाल	
2.	सुकुरमणि सुपुत्री चांदरमणि गगरई	तदैव	28 वर्ष	-तदैव-	

1	2	3	4	5	6
3.	चैतन चेतर सुपुत्र पीताम्बर चेतर	पुरुष	35 वर्ष	ग्राम—पास पहुरे डाकखाना/थाना-- सुकिन्दा जाजपुर, कटक	
4.*	गोकुल साहू सुपुत्र प्राणबंधु साहू	पुरुष	40 वर्ष	ग्राम--तबूला डाकखाना--छन्दीपाड़ा द्वारा अंगुल कोकामाल (के० को० लि०) सी० सी० एल० (के कर्मचारी)	

*गोकुल सा मेकेनिकल फिटर थे जिन्हें के० को० लि० (सी० सी० एल०) ने सीधे ही नियुक्त किया था। शेष व्यक्ति सामान्य मजदूर हैं जिन्हें सिविल ठेकेदार श्री महेन्द्र सिंह ने नियुक्त किया था।

अनुबन्ध 7 (ख)

चोटों के विवरण और मृत्यु का कारण

क्रम० सं०	रोगी का नाम	चोटों के विवरण	क्या राख अथवा किसी अन्य पदार्थ से ढके हुए थे।	मृत्यु का सबसे अधिक संभावित कारण
1	2	3	4	5
1.	रमेश उर्फ रसकेई गगरई सुपुत्र चन्द्र गगरेई	100% जलना	राख से ढका हुआ	रक्त प्रवाह का अवरोधा से उत्पन्न सदमा
2.	चन्द्री मुण्डा सुपुत्र मोचीकुल्लाह	-वही-	-तदैव-	-तदैव-
3.	उच्छव पुरती सुपुत्र सुदर्शन पुरती	-तदैव-	-तदैव-	-तदैव-
4.	मध पुरती	90% जलना	-तदैव-	-तदैव
5.	तुलसी गगरई पत्नी सुरेश सिंह गगरई	100% जलना	--तदैव--	--तदैव-
6.	निरंजन मोहराना सुपुत्र सोना मोहराना	-तदैव-	-तदैव-	अत्यधिक जलने से गुरदे की असफलता
7.	मधुसूदन नायक सुपुत्र हातिया नायक	99% जलना	-तदैव--	-तदैव--
8.	राधा पत्नी मधुपुरती	80% जलना	-तदैव-	अत्यधिक जलने से फुफसीय रक्त स्रोत [illegible]
9.	सुरेश सिंह गगरई सुपुत्र सरत कुमार सिंह	100% जलना	-तदैव-	-तदैव-
10.	गुरुवारी सुपुत्री लोनी सिद्धू	-तदैव-	-तदैव-	अत्यधिक जलने के कारण द्वितीय श्वासन की असफलता
11.	जानकी सुपुत्री चन्द्रमणि गगरेई	15% से 20%	-तदैव-	स्वस्थ हो गया
12.	सुकु रमणि सुपुत्री चन्द्रामणि गगरेई	15%	-तदैव-	-तदैव-
13.	चैतन चेतर सुपुत्र पीताम्बर चेतर	5%	-तदैव-	-तदैव--
14.	गोकुल साहू सुपुत्र प्राणबन्धु साहू	35% से 40%	-तदैव-	-तदैव-

अनुबन्ध-8

निष्कासित सामग्री 180 मीटर × 90 मीटर के क्षेत्र में पंखे के आकार में फैल गई। यद्यपि यह अनुमान करना कठिन है कि काफी मात्रा में यह सामग्री कभी बाद की अवस्था में वायु से संचित हुई होगी। संचित सामग्री की कुल मोटाई जैसा कि खान सुरक्षा महानिदेशालय द्वारा प्रस्तुत प्लान में 11 प्वाइंट तक नोट की गई है, 39.70 मीटर है अर्थात् औसत मोटाई 36 सें० है। चूंकि उन दो बिन्दुओं पर कुल मोटाई का अधिक भार है जहां 8 सें० और 12 सें० मोटी राख है, अत: औसत को घटाकर 2.5 सें० किया जा सकता है।

राख का विशेष ग्रेड 1400 कि० ग्रा०/एम³ अथवा 88 पौं/घनफुट

आच्छादित क्षेत्रफल $= \pi r \theta = \frac{3.14 \times 90 \times 90 \times 100}{360}$

$= 7065$ एम²

∴ कुल आयतन $= \frac{7065 \times 2.5}{100} = 176$ एम³

∴ कुल भार = 247 टी० अर्थात् 250 टी०

दक्षिणी भाग की यह प्रारंभिक गतिशीलता 4 मीटर से 5 मीटर की ऊंचाई तक देखी गई और सबसे निचले तले की ऊंचाई लगभग 6 मीटर थी। तेल की पट्टी का उच्च सिरा और उच्च पट्टी के तल का मिलन बिन्दु को सबसे अधिक गर्म स्थान समझना चाहिए जहां से पदार्थ का निष्कासन हो सकता था। खदान के तले से ऊपर निष्कासन बिन्दु 6 मीटर (20') था।

पंखनुमा क्षेत्र में गुरुत्व का केन्द्र का $\frac{\Sigma td}{\Sigma t}$ जहां t = सामग्री की मोटाई और d = निष्कासन बिन्दु से दूरी

से आकलन किया जा सकता है।

∴ गुरुत्व का केन्द्र (सी० जी०) $= \frac{10400}{397}$

= 261 फीट अर्थात् 260 फीट

बिखरी हुई राख के त्रिकोण क्षेत्र पर विचार करते हुए गुरुत्व के केन्द्र निष्कासन बिन्दु से 2/3 दूर है अर्थात् 208 फीट की दूरी पर है।

यह आसानी से अनुमान लगाया जा सकता है कि निष्कासन के बिन्दु से लगभग 250 फीट की दूरी पर गुरुत्व का केन्द्र है। अथवा अन्य शब्दों में यह भी कहा जा सकता है कि 250 टं० सामग्री 20 फीट की ऊंचाई से 250 फीट की दूरी पर फैंकी गई थी।

अवपात की ऊंचाई को

पूरा किया जाने वाला समय टी० $= \frac{20}{16} = 1.11$ सेकिण्ड

250 फीट की दूरी को पार करने के

लिए गतिशीलता $= \frac{250}{1.11} = 225$ फीट/सेकेंड

25 फीट की दूरी पर 250 टी० के फैलने के लिए आवश्यक कुल गत्यात्मक ऊर्जा

$E_{के}$ = 1/2 म वी² = 1/2 × 250 × 225 × 225

= 13921 मिल० फु० पौ०

= 17.9 मि० बी० टी० यू०

पानी गैस का तापीय मूल्य 300 बी० टी० यू० घन फुट अथवा अधिक शुद्ध रूप में 100 बी० टी० यू० घन फुट माना जा सकता है। यदि इन दोनों पर विचार किया जाए तो निम्नलिखित आंकड़े प्राप्त किए जा सकते हैं:

300 बी० टी० यू० घन फुट   100 बी० टी० यू० घन फुट

(क) 17.9 मि० बी० टी० यू० के पैदा करने के लिए गैस की मात्रा = 59648 घन फुट
= 17894.44 घन फुट

(ख) आवश्यक वायु का आयतन / पानी गैस का घन फुट 2.2 घन फुट है।

∴ आवश्यक वायु का आयतन = 131225 घन फुट
3916776 घन फुट — (क) पर जली गैस की मात्रा।

(ग) आवश्यक बी ओ आई का कुल आयतन = 190873 घन फुट 5726220 घन फुट ताकि गैस की मात्रा अर्थात् (क) पर 100' × 100' × 20' अर्थात् 300' × 100' × 20' का विस्फोट हो सके।

अनुबन्ध-9

खंगरों (आग-मिट्टी/शिला खण्ड) के आपेक्षिक गुरुत्व का औसत जैसा कि उसका विश्लेषण किया गया और न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, 2.52 है अर्थात् सामग्री का भार 2520 कि० ग्रा०/एम³ अर्थात् 157 पौं०/घन फुट है।

3.3 पौं० (1.5 कि० ग्राम) आयतन के एक टुकड़े के लिए = घन इंच समान भुजाओं के घन को प्रत्येक भुजा 3.3 इंच होगी और इसलिए प्रत्येक ओर का क्षेत्रफल = 10.89 वर्ग इंच होगा अर्थात् 11 वर्ग इंच द्वारा कोनों को सुगमांक कर दिया जाए तो एक ओर का क्षेत्रफल 6 वर्ग इंच स्वीकार किया जा सकता है।

इस घटना से पूर्व 4 दिन तक 162 मि० मी० वर्षा हुई और वाष्प कार्बन प्रतिक्रियाएं हुई जो इस प्रकार हैं:—

(क) H_2O (पानी) — H_2O (वाष्प) — 19,040 बी०टी०यू०

(ख) $C + H_2O$ (वाष्प) — $CO + H_2$ — 52,200 बी०टी०यू०

(ग) $C + 2H_2O$ (वाष्प) — $CO_2 + 2H_2$ — 34,000 बी०टी०यू०

(घ) $CO + H_2O$ (वाष्प) — $CO_2 + H_2$ — 16,400 बी०टी०यू०

(ङ) $C + CO_2 - CO$ — 70,200 बी०टी०यू०

उनमें से अधिकांश प्रतिक्रियाएं अंतःतापीय हैं जिससे आग का तापमान कम हुआ होगा। सरलता से यह अनुमान किया जा सकता है कि यह तापमान लगभग 450° सें० (842° फे०) होगा। कोयला/स्तर में विभाजित करने वाले तल और अन्य स्वाभाविक विदर वर्गों और आग के क्षेत्र में से उत्पन्न वाष्प के दबाव में बन्द हो गए हों और वे 350 पी एस आई तक हो सकते हैं तथा 500° फे० तक अधिक गर्म हो सकते हैं अर्थात् कुल तापमान 431.9 + 500 = 831.9° फे० अर्थात् 450° सें० हो सकता था। 350 पी एस आई और 831.9° फे० पर अधिक गर्म वाष्प का 2.4 घन फुट/पौं० का विशेष आयतन है। कुल 1471.7 बी० टी० यू० की गर्म सामग्री है और 1.7422 का उत्क्रम माप है।

ऊपर बताए गए लक्षणों से युक्त वाष्प अन्ततोगत्वा अपेक्षाकृत समीप कोयला के खण्डों में बिखरने लगती है तब वह एकायक वायु-मंडलीय दबाव से प्रसारित होने लगती है और उसकी सतह का तापमान 35°सें०/40°सें० तक हो जाता है। यह प्रसार न तो रुद्धोष्म है और न समतापी है तथा इसे आइसेन-ट्रापी कहा जा सकता है। 1 ए टी एम दबाव और 100° सें० पर संतृप्त वाष्प की कुल ताप मात्रा 1150.4 बी० टी० यू० है। इसलिए एक खुले स्थान से एकायक प्रसार से निष्कासित ताप 1437.7 − 1150.4 = 287.3 बी० टी० यू० (सूत्र का कारण नाममात्र है जो खारिज किया जा सकता है) है। यदि कोई अपेक्षित

20 पी एस आई और 20° के०) जिसका उत्क्रम माप लगभग बराबर का अर्थात् 1 7456 रहता है) पर निष्कासित तार के बारे में विचार करे तो वह ताप 1473 7- 1165.7 अर्थात् 308 बी० टी० यू० है। इसका कोई अर्थ नहीं है कि किस प्रकार ताप निष्कासित होती है जब तक हम जली हुई राख और अंगारों के निष्कासन के कार्य में लगे रहते हैं। ऊपर दी गई दोनों मार्गदर्शी बातों पर विचार किया जाये तो यह अनुमान लगाया जा सकता है कि समान कार्य का 300 बी० टी० यू० प्रति पौं० वाष्प में काम आया था।

खुले स्थान के आकार का निर्धारण

176 एम^3 (6215 घन फुट) की 75 % रिक्तता

= 4661 घन फुट

350 पी एस आई और 500° फें० उच्च ताप पर 1 पौं० वाष्प

= 2.41 घन फुट रिक्त स्थान में

∴ रिक्त स्थान में 4661 घन फुट वाष्प

$$= \frac{4661}{2.41} = 1934 \text{ पौं०}$$

वाष्प का यह भार 1.11 सें० से अधिक काम करता रहा।

∴ भार/सें० = 1752 पौं०

∴ भार / घण्टा = 6272 4.31 पौंड

वाष्प के दबाव से उत्पन्न खुले स्थान का क्षेत्रफल आगे दिए गए सूत्र (फारमूला) से आंकलित किया जा सकता है —

वाष्प का पौं० —/घंटा/छिद्र का वर्ग इंच

= 51.43 पी

अर्थात् 6272431 × पी आई आर = 51.43 × 350

$$\therefore \text{छिद्र का क्षेत्रफल} = \frac{6272431}{51.43 \times 35'} = 384 \text{ वर्ग इंच}$$

अर्थात् लगभग 20" × 20" का खुला स्थान

इस प्रकार का खुला स्थान सामग्री के निष्कासन के तथ्य से मेल खाता है।

अनुबंध 10

1 फुट चौड़ी × .1 फुट गहरी × 1 फुट लम्बी ऐसी कोयला की कड़ी की कल्पना की जाये जो दोनों कगारों से रुकी हुई हो।

पूरे पाट के मध्य में कार्यशील कुल भार = डब्ल्यू० आई० एक्स पौं० जहां डब्ल्यू०— पौं०/घन फुट में कोयला के भार का संकेत है।

अधिकतम झुकाव घूर्ण,

$$M = \frac{Wl^2 \times \text{पौं०}}{2} = \text{फुट}$$

अवस्थित का घूर्ण,

$$I = \frac{1 \times x^3}{12} \text{फुट}^4$$

तटस्थ धुरी से दूरतम रेशा की दूरी

$$NN, {}^I y = \frac{X}{2} \text{ फुट}$$

विशुद्ध दबाव,

$$f = \frac{uy}{I} = Wl^2 \times \frac{xx}{2} \div = \frac{1 \times x^3}{12}$$

$$= \frac{Wl^2 x \times x12}{x^3 \times 2} = \frac{6Wl^2}{x} \text{lb/ft.}^2$$

$$= \frac{6Wl^2}{xx12} \text{ 2psi}$$

भारतीय कोयला सामान्यतया 81 पौं/घन फुट के भार का होता है।

एक फुट कोयला की व्यापक शक्ति 1200/1320 पी एस आई कोयला का तनन बल होता है जो लगभग संभव ही है जिससे तनन दबाव का 1/80 से 51/60 तक शुद्ध रूप निर्धारित किया जा सके। कोयला की शक्ति 50 पौं० एस० आई० होती है जब वह सूखा होता है। और 25 पौं० एस० आई० होती है जब वह गीला होता है।

इस विशेष उदाहरण में

W = 811 पौं०/घन फुट

I = 60 फी०

X = 20 फी० (कल्पित)

एफ० आई० ई० का माल दबाव पौं०/वर्ग इंच

$$= \frac{6Wl^2}{x \times 12} = 2$$

$$= \frac{6 \times 81 \times 60 \times 60}{20 \times 12 \times 12} = 607 \text{ psi}$$

25 पौं० एस० आई० के माल दबाव के गीले कोयला की अपेक्षा लगभग 24 गुना है और इससे वह कड़ी, गिर सकती है जो 60 फुट लम्बी × 20 फुट मोटी होती है। यदि कड़ी की मोटाई कम हो तो यह अपेक्षाकृत अधिक शीघ्रता से गिर जाएगी।

दुर्घटना के स्थल पर खदान की गहराई 52 मीटर थी और इसमें अधिभार 10 मीटर मोटाई का था। यदि 10 मीटर के इस अधिभार और 6 मीटर (20') चौड़ी कोयला परत को कम कर दिया जाए जो ऊपर से गिर गया हो तो अवपात की कुल ऊंचाई 36 मीटर होगी। राख में 75% रिक्त स्थान पर विचार करें तो प्रभावकारी मुक्त अवपात 27 मीटर (88') होगा।

$$v = \sqrt{\;} \; v^2 - u^2 = 2gs \text{ के सूत्र से } \; 2 \times 32 \times 88 = 75 \text{ फु०/सें०}$$

कोयला का भार 60' लम्बा × 20' चौड़ा × 20' मोटा

$$= \frac{60 \times 20 \times 20}{24.0} = 975 \text{ टी०}$$

= 1/2 एम वी^{2} = 1/2 × 975 × 1000 × 2.2 × 75 × 75

= 6032.812, 500 फुट पौं०

= 60320 लाख फुट पौं०

अन्य कारणों को भी ध्यान से नहीं हटाना चाहिए। दक्षिणी भाग से केवल 12 मीटर दूर पर घटना से पूर्व 20 दिनों में 3 बार के अन्तराल से 2500 कि० उच्च विस्फोटों का धमाका किया गया। तदनुसार सूत्र की दृष्टि से V = 73 √Q जहां V मीटर में दूरी Q = किलोग्राम में विस्फोटों की मात्रा का द्योतक है। इससे 96 मीटर तक खतरनाक भूकम्पीय प्रकंपन हुआ यदि सभी विस्फोट पदार्थ एक साथ मिलकर धमाका करे। इसका अर्थ यह है प्रकंपित लहरों ने आगे के क्षेत्र को अस्त-व्यस्त कर दिया और भविष्य में किसी भी दिन इनके धंसकने की परिस्थितियां उत्पन्न कर दी हैं। यदि 800 किलोग्राम विस्फोट का एक ही बार में धमाका किया जाता तो धरती के प्रकंपन 65 मीटर (जैसा कि सूत्र में बताया गया है) की अपेक्षा 50 फुट (15 मीटर) की दूरी तक यात्रा करते क्योंकि प्रत्येक अन्तराल के धमाके के कारण भूकम्पीय लहरों के न होने का प्रभाव होता।

यह विवादास्पद बात है कि क्या खदान के भाग के स्खलन से पूर्व निष्कासन/प्रस्फोट हुआ था अथवा दोनों ही एक साथ घटित हुए थे अथवा उस भाग के स्खलन से निष्कासन/प्रस्फोट हुआ था / 1 पदार्थ के निष्कासन से पूर्व कतिपय चश्मदीद गवाहों ने खदान तल से 4 मी०/5 मी० ऊपर खदान के मुख के चारों ओर कुल गति देखी थी। राख की जमा मोटी परत के अलावा कोयले के बड़े-बड़े टुकड़े और व्यावहारिक रूप से भी अधिभार खदान के निचले भाग और कोयला के ढेर में सीमित हो गए थे।

मेरी अपनी राय यह है कि कोयला तल में कुछ भी गति का होना प्रस्फोट की अग्र सूचना है जबकि कोयला की दीवार के पतले भाग में से होकर आन्तरिक दबाव फूटने वाला ही था और इस बात में यह बिलकुल स्पष्ट है। शायद उस स्थल के कुछ ऊपर प्रस्फोट हुआ। उस भाग के बड़े पैमाने पर स्खलन की घटना आग के क्षेत्र में से पदार्थ के निष्कासन के बाद ही हुई है। खदान के किनारे के साथ सतह पर देखी गई दरारें टेन्शन दरारें थीं जो अधिक पदार्थ के एकाएक सामान्य स्खलन से पैदा हुई हैं।

अनुबन्ध-2

राख, आग, मिट्टी/शिला खण्डों के टुकड़ों और नं. 2, संस्तर स्वस्थान कोयला राख के प्रयोगशाला के विश्लेषण के परिणाम तालिका में दिखाए गए हैं । इनसे पर्याप्त सुराग नहीं मिल पाता जिससे विशिष्ट निष्कर्ष निकाले जाएं । इसके अलावा राख के कई नमूने बहुत ही कम हैं (केवल-संख्या में 3 हैं) और दक्षिणी भाग के स्तर से कहीं दूर इन नमूनों को एकत्र किया गया था । राख के नमूने के प्रज्जवलन की हानि अलग-अलग है जबकि यह व्यापक रूप से यह बताती है कि कोयला-धूल ने इन नमूनों को संदूषित कर दिया था । राख के एक नमूने में की मात्रा 17 55% है और यह आग-मिट्टी/शिलाखण्ड के टुकड़े के नमूने में 17.00% है । इन दोनों में ही प्रज्जवलन की हानि अधिक है जो क्रमशः 8.37% और 7.36% है । इस नमूने की इस प्रकार की समानता और जो अन्य नमूनों की तुलना में बहुत अधिक अलग है, विशेषतया इसकी व्याख्या करना कठिन है जब कोयला राख स्वयं में Al_2O_3 की मात्रा 26.13%/26.11% है ।

फरवरी, 1982 के अंत में नमूने विश्लेषण के लिए दिए गए थे अर्थात् इस घटना के 8 महीने बाद नमूने प्रस्तुत किए गए थे । इस बात का कोई ठोस प्रमाण नहीं मिला कि इन नमूनों को क्षेत्र से वस्तुतः कब एकत्र किया गया था । वास्तव में नमूने के परिणाम न्यायालय के अंतिम अवस्था की जांच के समय प्रस्तुत किए गए थे जबकि प्रबंधकवर्ग और खान सुरक्षा महानिदेशालय दोनों को ही यह परामर्श दिया गया था कि वे न्यायालय की बैठक के पहले दिन भी विश्लेषण के परिणाम प्रस्तुत करें ।

मुझे इस निष्कर्ष पर पहुंचना पड़ा कि नमूने इस घटना के प्रतिनिधि नहीं हैं और केवल यही निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि आग के क्षेत्र में काफी कार्बनयुक्त पदार्थ जल गया था ।

स्थान पी-83	ASH										प्रज्जवलन पर कमी	विशेष गैस	Cl	अ माइडेड
	SiO_2 %	Al_2O_3 %	Fe_2O_3 %	TiO_2 %	CaO %	MgO %	K_2O %	Na_2O %	P_2O_5 %	SO_3 %	%	%	%	
1. उत्तरी ऊंची दीवार के पास (राख)	66.16	23.76	4.28	1.60	0.44	0.12	0.52	0.30	0.62	ट्रेस	2.20	2.270		
2. उत्तरी ऊंची दीवार के किनारे (राख)	66.80	17.55	4.14	1.58	0.42	0.08	0.47	0.20	0.39	ट्रेस	8.37	2.509		
3. कर्षण साइन के पास (राख)	62.10	22.75	5.57	1.54	1.06	0.06	0.44	0.30	1.50	ट्रेस	4 68	2.791		
आग-मिट्टी /स्लेटी -पत्थर														
4. डी/एल धरश से 10 लम्बी खदान के उत्तरी किनारे से 135' की दूरी पर आग मिट्टी /स्लेटी पत्थर	62.61	30.30	3.43	1.42	0.38	0.10	0.40	0.37	0.77	ट्रेस	0.22	2.513		
5. दक्षिणी किनारे से 455 की दूरी पर उत्तरी किनारे से आग/मिट्टी स्लेटी-पत्थर	62.02	30.76	3.79	1.42	1.08	0.07	0.22	0.30	0.04	ट्रेस	0.30	2.650		
6. दक्षिणी किनारे से 400 की दूरी पर आग मिट्टी/ स्लेटी-पत्थर	67.20	17.69	4.28	1.30	0.58	0.06	0.40	0.20	0.93	ट्रेस	7.36	2.752		
7. दक्षिणी किनारे से '350' की दूरी पर आग- मिट्टी स्लेटी पत्थर	63.50	30.91	1.57	2.50	0.07	0.12	0 0	0.28	0 15	ट्रेस	0.50	2.436		
8. दक्षिणी-किनारे से 300' की दूरी पर आग-मिट्टी / स्लेटी पत्थर	65.50	26.11	3.92	1.80	0.11	0.04	0 3[illegible]	0.20	0.10	ट्रेस	1.95	2.555		
9. उत्तरी ऊंची दीवार के भाग के पास आग-मिट्टी / स्लेटी पत्थर	65.70	29.32	2.14	1.78	0.06	0.04	0.50	0.22	0.01	ट्रेस	0.23	2.452		
कोयला- राख														
10. नं० 2 संस्तर छत से 20' नीचे कोयला जो अप्रभावित रहा	64.66	26 13	[illegible].50	4.44	0.10	0.08	0.72	0.30	0,38	0.46	0.03	0.20		
11. कोयला, नं० 2 संस्तर का उच्च सिरा	66.70	26.11	1.50	3.60	0.10	0.12	0.68	0.34	0.23	0.40	0.04	0.18		

अनुबन्ध-12

प्रदर्श की सूची

क्रम सं०	प्रलेखों /कागजात के विवरण	प्रदर्श संख्या	अन्य विवरण
1	2	3	4
क.	निदेशक, खान सुरक्षा, भुवनेश्वर द्वारा प्रस्तुत दुर्घटना की रिपोर्ट दिनांक 13-7-81	सी० प्रदर्श 1	
ख.	प्रबंधकवर्ग द्वारा प्रस्तुत लिखित वक्तव्य, दिनांक 14-12-81	प्रदर्श एम० 1-32	
1.	पृष्ठ 1 से पृष्ठ 35 तक विवरणात्मक रिपोर्ट	एम 1	
2.	तालचेर कोयला क्षेत्र का भूवैज्ञानिक प्लान	प्रदर्श एम 2	अनुबन्ध - 1
3.	तालचेर कोयला-क्षेत्र की कोयला खानों का प्लान	प्रदर्श एम 3	अनुबन्ध - 2
4.	जगन्नाथ कोयला-खान का कार्यकारी प्लान	प्रदर्श एम 4	अनुबन्ध - 3
5.	24-6-81 को कार्यरत व्यक्ति	प्रदर्श एम 5	अनुबंध- 54
6.	जगन्नाथ कोयला खान के क्षेत्र में प्रबंधकवर्ग की संरचना	प्रदर्श एम 6	अनुबंध- 5(क)
7.	जगन्नाथ कोयला-खान के छोटे कर्मचारियों की सूची	प्रदर्श एम 7	अनुबंध- 5 (ख)
8.	जगन्नाथ कोयला खान मार्गदर्शी (पायलट) खदान की दुर्घटना प्लान दिनांक 24-6-81	प्रदर्श एम 8	अनुबंध- 6
9.	निदेशक खान सुरक्षा भुवनेश्वर का पत्र सं० 2471	प्रदर्श एम 9	अनुबंध- 7(क)
10.	डी० ई० एम० ई० एस० वी० सी० का पत्र संख्या 14/0/वायलेशन्स/ 78/ 14616-17 दिनांक 7-11-78	प्रदर्श एम 10	अनुबंध- 7(ख)
11.	6/81 की वर्षा की रिपोर्ट	प्रदर्श एम 11	अनुबंध- 8
12.	दुर्घटना में ग्रस्त व्यक्तियों के विवरण	प्रदर्श एम 12	अनुबंध-9(क)
13.	24-6-81 को हताहतों की चोटों के प्रकार तथा उनकी मृत्यु के कारणों का विवरण पत्र	प्रदर्श एम 13	अनुबन्ध - 9(ख)
14.	प्रबंधकवर्ग का मसौदा वक्तव्य का अनुबंध-10	प्रदर्श एम 14	
15.	फोटो "सतह दरार" 1 क	प्रदर्श एम 15	
16	फोटो "छिद्र दरार" 1 ख	प्रदर्श एम 16	
17.	फोटो "गोलाई-नुमा नाली") 1 ग	प्रदर्श एम 17	
18.	फोटो "फेंकी गई राख और पत्थर के टुकड़े"	प्रदर्श एम 18	
19.	फोटो 3 क "फेंकी गई राख और पत्थर के टुकड़े"	प्रदर्श एम 19	
20.	फोटो 3 ख --तदैव--	प्रदर्श एम 20	
21.	फोटो 4 "आग पर कोयला- ढेर"	प्रदर्श एम 21	
22.	फोटो 5 --तदैव--	प्रदर्श एम 22	
23.	फोटो 6-क- --तदैव--	प्रदर्श एम 23	
24.	फोटो 6-ख --तदैव--	प्रदर्श एम 24	
25.	फोटो - 7 "दक्षिणी भाग का ढाल"	प्रदर्श एम 25	
26.	फोटो 8 "वर्षा के पानी द्वारा आग-मिट्टी के मल की नाली बनाना	प्रदर्श एम 26	
27.	फोटो "नुकीले किनारे पर गर्म राख का संचय"	प्रदर्श एम 27	
28.	फोटो - 10 "चट्टान के स्थल पर धंस जाना"	प्रदर्श एम 28	
29.	फोटो-11 "कामगारों के पद चिन्ह"	प्रदर्श एम 29	
30.	फोटो -12 "छिली हुई खाल"	प्रदर्श एम 30	
31.	फोटो-13 टूटा -फटा जूता'	प्रदर्श एम 31	
32.	फोटो "अंशत: जला हुआ कपड़ा"	प्रदर्श एम 32	
